हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● बुधवार ● 19.02.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 208 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## हेमन्त सोरेन ने 289 चयनित अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश में राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की जा रही हैं । मंगलवार को इसी क्रम में नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग झारखंड के अंतर्गत प्रोजेक्ट बिल्डिंग स्थित द्वितीय तल सभागार में 289 अभ्यर्थियों की मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हाथों द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को मंत्री वित्त विभाग राधाकृष्ण किशोर ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों संबोधित करते हुए कहा कि हमें ये विश्वास है कि आप अपने मेहनत से आगे भी कामयाबी हासिल करेंगे। आप संकल्प लें कि व्यवस्था, सिस्टम के किसी भी क्षेत्र में ईमानदारी , निष्ठा के साथ काम करेंगे और सरकार के प्रयासों में सार्थक भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण जिस उद्देश्य के साथ हुआ था, मुख्यमंत्री उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं। शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ साथ सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी कई काम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री, ग्रामीण क्षेत्र के विकास में, शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर्स को मजबूत करने में लगे हैं। हेमन्त सोरेन झारखंड को युवाओं का राज्य बनाना चाहते है। इसका कड़ी में आज युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। हेमन्त सरकार - 2.0 में सरकार राज्य के विकास प्रति समर्पित हैं और उनके नेतृत्व में हमलोग कदम बढ़ा चुके हैं।

### हर झारखंडी के चेहरे पर मुस्कान हो, ये आपका लक्ष्य होना चाहिए : संजय यादव

उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज झारखंड के विकास के पन्नों में एक नया अध्याय जोड़ा जा रहा है। उन्होंने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के विकास में, सभी जन कल्याण के विचारों को सार्थक करने की शपथ लें। हर झारखंडी के चेहरे पर मुस्कान हो, ये आपका लक्ष्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री की सोच झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। युवाओं को रोजगार दिलाना, उनके उज्जवल भविष्य की सोच के साथ मुख्यमंत्री की दिशा निदेश में हमलोग काम कर रहे हैं।

### सरकार के जनहितकारी इरादों को साकार करने में आपकी भूमिका खास : सुदिव्य कुमार

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि आज इस प्रोजेक्ट बिल्डिंग से 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। आखों में सुनहरी चमक लेकर आप उज्ज्वल भविष्य की ओर पहला कदम बढ़ा रहे हैं। शहरीकरण दिनों दिन तेजी से बढ़ रहा है। बेहतर शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से निकल कर शहरों की तरफ आ रहे है। शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर्स को हम मजबूत कर रहे हैं। हम शहरों के विकास के मानकों के आधार पर अपने निकायों को संचालित करने का प्रयास कर रहे हैं। आज बहुत खुशी का दिन है कि तमाम राजनीतिक झंझावातों को पार करते हुए हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के बच्चों को नियुक्ति देने में सफल रहे हैं। हेमन्त सरकार 2.0 के तीसरे महीने में हमने नियुक्तियों का कारवां शुरू कर दिया है। उन्होंने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को कहा कि नगर विकास मंत्री के तौर पर मेरी भी कुछ अपेक्षाएं आप से हैं। आज आपके लंबे सरकारी जीवन की शुरूआत हो रही है। सरकार के जनहितकारी इरादों को साकार करने में आपकी भूमिका एक अधिकारी और कर्मचारी के तौर पर बहुत महत्वपूर्ण है और आपसे बेहतर सेवाओं की उम्मीद है । आप सिस्टम का एक बेहतर पार्ट बनने आयें हैं।

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि नगर के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है । राज्य के एक चौथाई आबादी शहरों में निवास करती हैं। शहरी क्षेत्र राज्य के विकास का चेहरा होता है। निकाय क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर्स की चुनौती है। सड़क, नाली ट्रांसपोर्टेशन की चुनौती है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग आजीविका की तलाश में शहर आते हैं, जिससे शहरों की भौगोलिक संरचना चुनौती के रूप में उभरती है। आप सभी के ऊपर दायित्व है कि शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर्स को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएं। अर्बन एरिया में टेक्निकल लोगों की आवश्यकता है । पहले झारखंड में टाउन प्लानर की भी नियुक्ति होती थी लेकिन पहली बार सहायक टाऊन प्लानर की नियुक्ति वर्तमान सरकार में हो रही है। आप सभी को मेरी शुभकामनाएं और पूरी लगन एवम सुनियोजित नतीजे से ऐक्टिव रोल में अपने कार्यों को अंजाम दें और शहरों के विकास में झारखंड सरकार का साथ दें।

नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि आज खुशी का दिन है। सरकार के द्वारा इस वर्ष नियुक्तियां शुरू हो गई हैं। सरकार के द्वारा निकाय क्षेत्रों में विकास कार्य किए जा रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

## हेमन्त सोरन का मास्टर स्ट्रोक : राज्यकर्मियों और पेंशनधारियों के महंगाई भत्ता में 7-12 फीसदी की वृद्धि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सीएम हेमन्त सोरेन ने एक बार फिर से मास्टर स्ट्रोक खेला है। राज्य सरकार के कर्मियों और पेंशनधारियों के महंगाई भत्ता में सात से 12 फीसदी तक की वृद्धि की है। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में कुल 12 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

**कैबिनेट की बैठक में कुल 12 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

छठा केंद्रीय वेतन मान के तहत आने वाले राज्य कर्मियों और पेंशनधारियों को एक जुलाई 2024 के प्रभाव से 239 फीसदी की जगह 246 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। यानि सात फीसदी की वृद्धि की गई है। वहीं पंचम वेतमान के दायरे में आने वाले कर्मियों को 443 फीसदी से बढ़ाकर 455 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। यानि 12 फीसदी की वृद्धि की गई है। राज्य सरकार ने कारखाना संशोधन विधेयक 2024 के गठन को स्वीकृति दे दी है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा बिजनेस रिफोर्म एक्शन प्लान के लिए इस विधेयक को मंजूरी दी गई है। इसके तहत महिलाएं अपनी सहमति से कारखानों में शाम सात बजे से सुबह छह बजे तक काम कर सकेंगी।

वहीं कारखाना संशोधन नियमावली 2023 के प्रस्ताव पर भी सहमति दी गई। इसके तहत फैक्ट्री लाइसेंस का निबंधन शुल्क पुनरीक्षण किया जाएगा। कारखानों के वार्षिक दर्न ओवर और काराखाना बंद होने की सूचना में भी संशोधन किया जाएगा। सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बाजार मांग के अनुसार नवीनतम तकनीक खाकर ऑटोमोबाइल के लिए मनोनयन के आधार पर मारूति सूजूकी के साथ एमओयू करने की स्वीकृति दी गई।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- झारखंड आंगनबाड़ी सेविका सहायिका नियमावली में संशोधन की स्वीकृति।
- पेयजल विभाग के सात लोगों की सेवा नियमितिकरण की स्वीकृति।
- झारखंड सूक्षम लघु एवं मध्यम ईकाई एमएसएमइ विशेष छूट विधेयक 2025 के गठन की स्वीकृति।
- बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम और बीएसइडीईएल के बकाया भुगतान के लिए 12 करोड़ 74 लाख 28 हजार 95 रुपए की स्वीकृति।
- हजारीबाग के तत्कालीन भूसंरक्षण उपनिदेशक सुनील कुमार की अपील अभ्यावेदन खारिज।
- एसटीएफ में प्रतिनियुक्त उपसमादेष्टा स्वर्गीय राजेश कुमार के आश्रितों को सेवा लाभ देने की स्वीकृति।

## मुख्यमंत्री ने किया छात्रोपयोगी छह वेब पोर्टल का उद्घाटन, वैज्ञानिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छात्रोपयोगी वेब पोर्टल का अनावरण तथा रांची विज्ञान केंद्र के नव प्रवर्तन केंद्र का शुभारंभ समारोह एवं झारखंड अनुसंधान तथा नवाचार नीति-2025 हेतु आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से विकसित छह पोर्टल का अनावरण एवं रांची विज्ञान केंद्र स्थित नव प्रवर्तन केंद्र (इनोवेशन हब) का उद्घाटन किया। इन पोर्टल के अनावरण का उद्देश्य डिजिटल गवर्नेस तथा डिजिटल इनफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने हेतु उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के डिजिटल कार्यान्वयन, वेतन निर्धारण और सत्यापन पोर्टल, निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल, वित्त रहित कॉलेज अनुदान आवेदन पोर्टल जैसे कई पोर्टलों को विकसित करना है। वेतन निर्धारण पोर्टल, लर्निंग मैनेजमेंट पोर्टल, निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल, मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना पोर्टल, अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल, वित्त रहित कॉलेज अनुदान पोर्टल। कार्यक्रम में इनोवेशन हब के तहत क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, रांची परिसर में स्थापित इनोवेशन हब बनाने की बात कही गई। इससे रचनात्मक एवं नवाचारी विचारों का पोषण, इनोवेटिव सोच और व्यावहारिक समस्या का समाधान, इनोवेशन को प्रेरित करने के लिए उचित वातावरण मिल सकेगा। इसके अलावा रांची स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र को साइंस सिटी के रूप में अपग्रेड करने के लिए 270 करोड़ की परियोजना तैयार की बात कही गई। इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि आने वाले समय में राज्य के बच्चों को निपुण बनाना सरकार की प्राथमिकता है। दक्षता के क्षेत्र में झारखंड के विद्यार्थियों को आगे रखने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत विभिन्न पोर्टल्स का शुभारंभ होना एक सकारात्मक पहल है। इन पोर्टल्स के जरिए राज्य की शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल मोड में ले जाने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग राहुल कुमार पुरवार, मैनेजिंग डायरेक्टर-सह-सीईओ सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लि. के संजय कुमार राकेश और राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपति सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


## एक नजर

### राजकीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन आज

**चतरा :** इटखोरी में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का विधिवत उद्घाटन कल यानी 19 फरवरी को किया जाएगा। उद्घाटन समारोह को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चतरा उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि राजकीय महोत्सव का विधिवत उद्घाटन झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति एवं खेलकूद मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में चतरा सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास व चतरा विधायक जनार्दन पासवान उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में धर्मगुरु स्वामी रविंद्र कीर्ति हस्तिनापुर, झारखंड राज्य दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, बोधगया मंदिर समिति के सदस्य सचिव नांगजेय दोरजी भी उपस्थित रहेंगे। इस बार तीन दिवसीय महोत्सव में स्थानीय नागपुरी और बॉलीवुड के कई नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

### मेरी असहमति के बावजूद आधी रात को सीईसी का चयन करना अपमानजनक : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि चुनाव आयुक्त का चयन करने के लिए गठित समिति की बैठक में सोमवार को उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की चयन प्रक्रिया पर असहमति व्यक्त की थी। इसके बावजूद आधीरात को जिस तरह से सीईसी का चयन किया गया, यह अपमानजनक और अशिष्टतापूर्ण है। राहुल गांधी ने आज एक बयान में कहा कि अगले चुनाव आयुक्त का चयन करने वाली समिति की बैठक के दौरान मैंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को एक असहमति पत्र प्रस्तुत किया था। इसमें कहा गया था कि कार्यकारी हस्तक्षेप से मुक्त एक स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करके और भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाकर मोदी सरकार ने हमारी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता पर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को और बढ़ा दिया है।



## एक नजर

### बीडीओ ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**बरही :** बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने सोमवार को जैक माध्यमिक परीक्षा के तहत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बरही के मध्य विद्यालय, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल और प्लस 2 उच्च विद्यालय का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक तैयारियों और परीक्षा की शुचिता को लेकर विस्तृत जांच की गई। अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में संचालित हो रही है। बीडीओ जयपाल महतो ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात दंडाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों और अन्य संबंधित अधिकारियों से परीक्षा संचालन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षार्थियों से भी बातचीत कर उन्हें परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या न होने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने परीक्षा केंद्रों में कदाचार को रोकने के लिए अपनाई जा रही सख्त व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती और अन्य आवश्यक कदमों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो और सभी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर भी ध्यान देने को कहा।

### महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**बड़कागांव :** महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मानने को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कु मंडल एवं संचालन मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने किया। बैठक में बड़कागांव बुढ़वा महादेव के प्राचीन मंदिर में महाशिवरात्रि मनाने को लेकर गहन चर्चा की गई। पूर्व विधायक, बीडीओ, सीओ, इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से शांतिपूर्ण तरीके से महाशिवरात्रि पर्व मनाने की अपील की है। आगे कहा कि आपसी मतभेद को दूर करके पर्व मनाएं। ग्रामीणों को आसामाजिक तत्वों से दूर रहने के लिए कहा गया है। सोशल मीडिया के अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही गई।

### सलगा पंचायत में सबकी योजना, सबका विकास कार्यक्रम हुआ संपन्न



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सलगा के सचिवालय में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के आदेश अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 जीपीडीपी एवं योजना सबका विकास अभियान के हेतु मनरेगा एवं अन्य योजनाओं का वार्षिक कार्य तैयार करने हेतु ग्राम पंचायत सलगा के ग्राम सलग के मुखिया पार्वती देवी की अध्यक्षता में किया गया और इस ग्रामसभा में 15वीं वित और मनरेगा के तहत कई योजनाओं का निम्नलिखित रूप से ग्रामीणों के बीच लिखित तौर पर किया गया। मौके पर उपस्थित सलगा पंचायत के मुखिया पार्वती देवी उप मुखिया जागेश्वर कुमार रोजगार सेवक किशोर राम पंचायत सेवक तापेश्वर गोप स्वयं स्वयं सेवक रविंद्र कुमार वार्ड वार्ड सदस्य संदीप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# दस दिवसीय निःशुल्क सोहराई एवं कोहबर चित्रकला पोस्टर का जिला खेल पदाधिकारी ने किया विमोचन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद, युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार द्वारा प्राप्त वित्तीय सहायता अनुदान के अंतर्गत प्रतिभाओं को बेहतरीन मंच प्रदान करने एवं कला के साथ समाज सेवा के लिए सुप्रसिद्ध स्थानीय संस्था तरंग ग्रुप, हजारीबाग द्वारा आयोजित दस दिवसीय निःशुल्क सोहराई एवं कोहबर चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला 2025 के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन आज दिनांक 18 फरवरी को स्थानीय जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम के कर कमलों द्वारा किया गया । पोस्टर का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि इस झारखंड और खासकर



हजारीबाग की सुप्रसिद्ध आर्ट सोहराई एवं कोहबर को आज के युवा वर्ग तक पहुंचने का बहुत ही बेहतरीन प्रयास है। इस तरह का आयोजन चित्रकला से जुड़े प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने एवं बेहतरीन मंच प्रदान करने के लिए बहुत ही आवश्यक है। सोहराई एवं कोहबर कार्यशाला सह प्रदर्शनी के संदर्भ में संस्था के सचिव अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि झारखंडी एवं भारतीय लोक कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य इस कार्यशाला का आयोजन दिनांक 25 फरवरी से 09 मार्च 2023 के बीच स्थानीय इंद्रपुरी चौक स्थित साईं बैंक्वेट हॉल, न्यू विशाल मार्ट के बगल में किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन दिनांक 25 अप्रैल को स्थानीय साईं बैंक्वेट हॉल में ही दोपहर 3 बजे किया जाएगा। उपरोक्त कार्यशाला पंद्रह वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के सभी लड़के एवं लड़कियों के लिए है। जिसमें निर्धारित 60 सीटों पर रजिस्ट्रेशन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा । यह कार्यशाला में भाग लेने के लिए प्रशिक्षुओं से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। कार्यशाला में झारखंड के सुप्रसिद्ध कला प्रशिक्षकों के द्वारा बाहर प्रतिभागियों को सोहराई एवं कोहबर पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला के समाप्ति पर सभी प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार पेंटिंग का प्रदर्शन दिनांक 09 मार्च को स्थानीय नगर भवन हजारीबाग में सोहराय उत्सव के रूप में प्रदर्शनी के माध्यम से किया जाएगा। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभागी अपना अधिक जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन दिनांक 24 फरवरी तक फोन एवं व्हाट्सएप नंबर 7992361860 पे सीधा कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से करवा सकते है। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ तरंग ग्रुप के कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, अपराजिता तिवारी, शशिकांत, इंद्रजीत भारती, अगस्त्या एवं कृष्णा दांगी उपस्थित।

## रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक दिवस और बेबी शो का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल में शानदार वार्षिक दिवस और बेबी शो समारोह का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गौरव कुमार (द्वितीय कमांडेंट, कोबरा वाहिनी 203) और विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता गुरुदेव गुप्ता, मुखिया गोविंद प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य मो. तैयब अंसारी, स्कूल डायरेक्टर अनूप कुमार सिंह, प्राचार्य आलोक कुमार, बीसीसीएल चेयरमैन सह ट्रस्टी मेंबर अशोक कुमार सिंह, समाजसेवी मो. तौकीर रजा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रों ने विविध रंगारंग प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनमें सबसे खास आकर्षण रहा रामायण पर आधारित



नाटक, जिसमें सत्य और धर्म के मूल्यों को खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा, नशा मुक्ति पर आधारित नाटक ने भी दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी, जिसमें मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बचपन प्ले स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत बेबी शो ने सभी का दिल जीत लिया। मनमोहक वेशभूषा में सजे नन्हे-मुन्नों ने बड़े उत्साह के साथ मंच पर अपने अंदाज में प्रस्तुति दी। उनकी मासूमियत और आत्मविश्वास ने हर किसी को प्रभावित किया और यह शो समारोह की विशेष झलकियों में से एक रहा।कार्यक्रम में ऊर्जावान नृत्य प्रदर्शन, मधुर गीतों की प्रस्तुति और शानदार नाटकीय अभिनय भी देखने को मिला। छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण हर प्रस्तुति में झलक रही थी, जिससे कार्यक्रम को शानदार सफलता मिली। समारोह का समापन भव्य तरीके से किया गया, जहां स्कूल प्रबंधन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों, छात्रों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## 40 एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को पुलिस ने किया नष्ट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** चौपारण प्रखंड पहले खीरमोहन मिठाई से प्रख्यात था। जो अब अफीम, डोडा से प्रख्यात हो चुका है। चौपारण में अफीम की खेती बहुत बड़े पैमाने पर की जाती है। जिसका ग्राफ अब चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने गिराना शुरू कर दिया है। अफीम के खेती के विरुद्ध लगातार कार्रवाई और चेतावनी से तस्करों का फेफड़ा मानो सिकुड़ सा गया है और अफीम के खेती पर अंकुश लगता हुआ दिख रहा है। थानेदार अनुपम प्रकाश ने बताया कि मंगलवार को एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल एवं सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व में चौपारण थाना एवं वन विभाग के साथ 40 एकड़ वन भूमि में लगे 15 ट्रैक्टर की सहायता से पोस्ता की खेती को विनिष्ट किया गया। कार्रवाई चौपारण के ग्राम अहरी, सिकडा, डोडिया, मोरानिया, दुरागढ़ा, करगा, पत्थलगढ़वा, गरमोरवा, काबिलश, मुड़िया में किया गया। थाना प्रभारी ने कहा अभी तक 9 एफआईआर एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया जा चुका है और 130 लोगो पर केस किया गया है जो खेती में संलिप्त है। कार्रवाई जारी है और खेती करने वाले लोगों पर एफआईआर किया जा रहा है।

## झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू से मिले केदार पासवान, दी बधाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस एससी सेल के अध्यक्ष केदार पासवान ने कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रभारी के राजू से मुलाकात की। यह महत्वपूर्ण बैठक दिल्ली में आयोजित हुई, जहां केदार पासवान ने पार्टी के वरिष्ठ नेता को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। बैठक के दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस की संगठनात्मक स्थिति, पार्टी की आगामी रणनीतियों और राज्य में पार्टी की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बताया कि इस मुलाकात में झारखंड में कांग्रेस की स्थिति को सुदृढ़ करने, दलित और पिछड़े वर्गों को पार्टी से अधिक जोड़ने और बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने को लेकर विभिन्न विषयों पर विमर्श हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी उपस्थित रहे। उनके अलावा, पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता रविंद्र सिंह, रियाज अहमद, सतीश पॉल मुंजनों, जयशंकर पाठक सहित कई अन्य कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान झारखंड में कांग्रेस की आगामी रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## विभावि यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज मे फिर से होगा एलएलएम मे नामांकन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** लगभग दो वर्षों तक बंद रहने के बाद विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार के प्रयासों से विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में फिर से एलएलएम मे नामांकन लिया जाएगा। प्रोफेसर पोद्दार के सख्त निर्देश से विधि महाविद्यालय में संचालित एलएलएम पाठ्यक्रम में सत्र 2024-26 मे नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन मंगलवार 18 फरवरी को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। ज्ञात हो की सत्र 2022-24 में विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने परीक्षा परिषद द्वारा नामांकन सूची तैयार करवा कर पूरे नामांकन व्यवस्था को विवादित बना दिया था। नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों उत्तीर्ण हुए थे। इसके बावजूद अजीबोगरीब नियम बनाकर 50 में से 24 स्थान रिक्त छोड़ दिए गए थे। तत्कालीन कुलपति के इस निर्णय से सत्र 2022-24 में युएलसी को 48 लाख रुपया का नुकसान हुआ था। सत्र 2022-24 मे उत्पन्न किए गए नामांकन संबंधी विवाद के कारण ही 2023-25 में भी नामांकन नहीं हो पाया था। इसके चलते 2023-25 मे पूरे एक करोड़ रूपया का नुकसान विधि महाविद्यालय को उठाना पड़ा था। बाद में विभावि के नैक ग्रेडिंग पर इसका प्रतिकूल असर पड़ा था। विधि महाविद्यालय एक स्ववित्त पोषित संस्थान है और डॉ मुकुल नारायण देव की कार्यशैली से इस महाविद्यालय को 1.48 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा था। आयुक्त कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा के एक वर्ष से अधिक के कार्यकाल में विधि महाविद्यालय मे नामांकन हेतु कोई पहल नहीं हो पाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने पहले नामांकन समिति की बैठक बुलाई जहां सदस्यों ने सर्वसम्मति से परीक्षा परिषद द्वारा नामांकन लेने की विवादित व्यवस्था को समाप्त किया। तत्पश्चात प्रवेश परीक्षा के संचालन के लिए उन्होंने डॉ इंद्रजीत कुमार के नेतृत्व में तीन सदस्यों की एक समिति गठित की। डॉ गंगानन्द सिंह और विधि महाविद्यालय के प्राचार्य रश्मि प्रधान को सदस्य मनोनीत किया गया। मंगलवार को प्रवेश परीक्षा दोपहर 12:00 से अपराह्न 2:00 बजे तक कला भवन में आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के नामांकन प्रकोष्ठ के नोडल पदाधिकारी डॉ इंद्रजीत कुमार ने बताया इस पाठ्यक्रम के लिए कुल 50 स्थान उपलब्ध है।

# मिशन होस्पिटल में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क 'जननी स्वास्थ्य मेला' हुआ संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में आयोजित महिलाओं के विशेष निशुल्क 'जननी स्वास्थ्य मेला' दिन मंगलवार को ऐतिहासिक रूप में संपन्न हुआ। जननी स्वास्थ्य मेला में निशुल्क चिकित्सा परामर्श, मुफ्त दवा, बी.पी जांच, अल्ट्रासाउंड, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच, एक समय का भोजन, दंत जांच एवं शुगर व हीमोग्लोबिन का जांच एवं इलाज मुफ्त किया गया। स्वास्थ्य मेला के माध्यम से हेयर ट्रांसप्लांट एवं अन्य जांच में भारी छूट दिया गया। जिसमें 2168 महिलाएं सहित कई पुरूषों ने



स्वास्थ्य मेला लाभ उठाकर अपना जांच एवं उपचार कराया। मुफ्त उपचार करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त किया। स्वास्थ्य मेला के दौरान एक नवजात शिशु ने भी नॉर्मल डिलीवरी के माध्यम से जन्म लिया। अस्पताल परिवार की ओर से मां एवं नवजात शिशु को बुके भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। स्वास्थ्य मेला में चिकित्सक डॉ जे के आर्य, डॉ एएन सिंह, डॉ पूजा बैरवा, डॉ फोरम कटारा, डॉ रणजीत, डॉ रिंकू यादव, डॉ मिताली सोरेन, डॉ प्रिंस कुमार एवं डॉ मधु झा सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया। मौके पर संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि जननी स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य सार्थक हुआ। हजारीबाग के सुदूरवर्ती ग्रामीण एवं शहर की महिलाएं व कई पुरूषों ने अपना जांच एवं उपचार करवाया। संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल आगे भी समाजिक सरोकार से जुडकर इस प्रकार का निशुल्क शिविर आयोजित कर जरूरतमंदों को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मेला में हमारे चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी एवं ऑफिस कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान देकर शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कर काफी ऐतिहासिक बनाया। जिससे पूरे हमारे अस्पताल परिवार को काफी गर्व की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अनूठी पहल और जरूरतमंदों को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाने के लिए हमेशा संकल्पबद्ध रहेंगे। मौके पर मुख्य रूप से संत कोलम्बस छोटानागपुर आदिवासी ट्रस्ट के सचिव डॉ अमित अमर सोरेन, कोषाध्यक्ष निपम खलखो, सीएनआई चर्च फादर दीपक अनिल जोजो, सीएनआई चर्च सदस्य एमानुएल खलखो, डेंटल कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव, स्टेटिक्स डॉ रंजीत कुमार, डॉ रिंकी यादव, संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के प्रशासक पूजा उपाध्याय, पीआरओ प्रिया केशरी, कार्यलय एचआर मेघा सिंह, सहेली नस्कर, अंजू रानी, सचिन श्रीवास्तव, आशीष रॉय, पवन पासवान, दीपक कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य स्तरीय टीम ने जुगरा उत्क्रमित उच्च विद्यालय का किया निरीक्षण



**बड़कागांव :** राज्य स्तरीय निरीक्षण दल के द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय जुगरा में औचक निरीक्षण किया किया गया जिसमे अशोक कुमार श्रीवास्तव और गौरव कुमार शामिल थे। लाइब्रेरी स्मार्ट क्लास वोकेशनल कोर्स इको क्लब बाल संसद पंजी उपस्थिति पंजी साफ सफाई नियमित रूप से कक्षा संचालन खेलकूद प्रतियोगिता और सभी प्रकार के संधारित पंजियोकी जॉच की गई अशोक कुमार श्रीवास्तव के द्वारा बच्चों को समान ज्ञान के कुछ प्रश्न पूछे गए जिसका जवाब भी बच्चों ने दिया। प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार के द्वारा बताया गया की विद्यालय में शारीरिक शिक्षक विज्ञान शिक्षक अंग्रेजी संस्कृत और खोरठा जैसे महत्वपूर्ण विषय के शिक्षक का अभाव है। बताते चलें कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय जुगरा का चयन आदर्श विद्यालय के रूप में किया गया है। जहां अब सीबीएसई के माध्यम से भी पढ़ाई करवाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा जिसमें प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार, शिक्षक सुजीत कुमार दांगी, विकास कुमार, गिरधर कुमार और जुली कुमारी मौजूद थी।

### कलश यात्रा के साथ शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ




**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत ग्राम गोंदलपुरा में नवनिर्मित शिव मंदिर के शुभारंभ को लेकर श्री श्री 1008 शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा शिव मंदिर के पास से शुरू हुआ और ग्राम गाली, बलोदर, पकरिया टोली होते हुए जोगिया दाह पहुंचा। कलश यात्रा में कुल 1008 महिलाएं शामिल हुई। यज्ञकर्ता आचार्य ईश्वरी पांडे ने जोगिया दाह में विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए जल को कलशों में भरवाया और बाबूपारा होते हुए श्रद्धालु ढोल नगाड़ों व गाजे-बाजे के साथ यज्ञ स्थल शिव मंदिर प्रांगण पहुंचे। कलश यात्रा के दौरान भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिला और पुरुष भक्ति भाव के साथ शामिल हुए। 19 फरवरी से 25 फरवरी तक कथा वाचन का कार्यक्रम होगा। 26 फरवरी को जागरण और झांकी के साथ यज्ञ का समापन होगा। यज्ञ कार्यक्रम में कथावाचन के लिए मध्यप्रदेश से कथावाचक मानस मोहिनी संध्या दीदी और उत्तर प्रदेश से आचार्य सुंदरम जी महाराज का आगमन हुआ है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद भुनेश्वर महतो, जिप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया बासुदेव यादव, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर महतो, पूर्व मुखिया भीखन महतो, खेमलाल महतो, सबूर महतो, यज्ञ अध्यक्ष फागुन गोप, सचिव यशोदा देवी, कोषाध्यक्ष रवि कुमार, उपाध्यक्ष उमेश यादव, उप सचिव रमेश तुरी, ग्राम अध्यक्ष चंदन कुमार, मंच संचालक श्रीकांत निराला, कृष्णा राणा, कमलेश कुमार, देवनाथ महतो, बिंदेश्वर कुमार, विकास महतो, त्रिलोकी महतो, देवप्रकाश यादव, नरेश यादव, मुकेश महतो, विनय महतो, रघु तुरी, गणेश भुइयां, सहदेव गोप, बिलेश्वर महतो, पुजारी सोहर महतो, इन्द्रनाथ महतो, हरजीवन गोप, राथू महतो, अशोक राणा, गोविंद राणा, चंद्रदेव राणा, सहदेव गोप, सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

### बच्चों के बीच पोशाक एवं जूता का किया गया वितरण



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सलगा के नव प्राथमिक विद्यालय सोहानपुर के प्रांगण में पोशाक एवं जूता का वितरण किया गया। सलगा पंचायत के मुखिया एवं उप मुखिया जागेश्वर कुमार के द्वारा पोशाक एवं जूता का वितरण किया गया साथ में दो दिवसीय प्रबंधन समिति के साथ ट्रेनिंग भी किया गया। सीआरपी सुनील तिवारी के द्वारा स्कूल संबंधित कई बातों ने बताया अभिभावकों ने बताया कि आपकी बातों से काफी हम लोग संतुष्ट हैं और हम लोग आपको बात को अमल करते हैं कि हम इसी प्रकार के कार्य को करेंगे। मौके पर उपस्थित नव प्राथमिक विद्यालय सोहानपुर के अध्यक्ष पवन कुमार दास एवं सचिव ललिता देवी, रूपा देवी उपाध्यक्ष गुड़िया देवी पियासो देवी कंचन देवी ललिता देवी जयंती देवी रूकमणि देवी सरस्वती देवी सैकड़ो विभाग उपस्थित थे।

### प्रतिनिधिमंडल ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय विश्रामपुर का किया दौरा



**बड़कागांव :** रूम टू रीड के तत्वावधान में संचालित बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत भाषा शिक्षण कक्षा एक एवं कक्षा दो का अवलोकन करने हेतु भारत से बाहर के देशों के सदस्यों एवं दिल्ली की टीम ने रूपक चौहान के नेतृत्व में उत्क्रमित मध्य विद्यालय विश्रामपुर का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय में लगभग तीन घंटे बिताए और बच्चों के साथ बातचीत कर प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने बच्चों की पठन-पाठन क्षमता का जायजा लिया और शिक्षकों से शिक्षण विधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में भाषा कौशल का विकास हो रहा है और वे अब बेहतर तरीके से पढ़ और लिख पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के दौरों से शिक्षकों को भी नई-नई शिक्षण विधियों के बारे में जानने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर बीआरपी धनंजय दास, प्रखंड समन्वयिक निशांत कुमार, सहायक अध्यापक, युगेश्वर प्रसाद, अनुज कुमार एवं बेबी कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### किसान मेला 20 और 21 को, मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

**रांची** : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान (पूर्व में, भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान) नामकुम के तत्वावधान में 20 और 21 फरवरी को संस्थान परिसर में किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 20 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे करेंगे। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। खिजरी के विधायक राजेश कच्छप भी किसान मेला में शामिल होंगे। संस्थान के निदेशक डॉ अभिजीत कर ने बताया कि कृषि मेला और प्रदर्शनी में दो हजार से अधिक किसानों के अलावा 60 विशेषज्ञों के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने बताया कि दोनों ही दिन किसानों को कृषि की नई तकनीक सहित कई तरह की जानकारियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि 21 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे कार्यक्रम का समापन समारोह होगा।

### हाई कोर्ट के वकील का आकस्मिक निधन

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट परिसर में मंगलवार को एक चौंकाने वाली घटना हुई। अधिवक्ता सूरज कुमार का कोर्ट से बाहर निकलते ही अचानक निधन हो गया। वरिष्ठ अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि सूरज कुमार रोज की तरह अपने केस की पैरवी करने हाई कोर्ट पहुंचे थे। सुनवाई के बाद जैसे ही वे कोर्ट रूप से बाहर निकले, अचानक मूर्छित होकर गिर पड़े। संयोग से वहां एक डॉक्टर मौजूद थे, जो अपने केस के सिलसिले में आए थे। उन्होंने तुरंत सूरज कुमार को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दिया। इसके बाद जल्दी से गाड़ी की व्यवस्था कर उन्हें पास के पारस अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनकी मौत की खबर मिलते ही जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय, जस्टिस अरुण कुमार राय, महाधिवक्ता राजीव रंजन, अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और कई अन्य अधिवक्ता अस्पताल पहुंचे। सूरज कुमार अपने पीछे पत्नी और 2 बेटे छोड़ गए हैं। एक बेटा 11वीं और दूसरा 8वीं कक्षा में पढ़ता है।

### झारखंड में गुटखा और पान मसाला पर प्रतिबंध, आदेश जारी

**रांची** : झारखंड सरकार ने आज से गुटखा और पान मसाला की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है. यह प्रतिबंध एक साल के लिए लगाया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है। झारखंड में कैंसर फैलने का सबसे बड़ा कारण गुटखा बना हुआ है। इसकी वजह से युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कैंसर दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्पष्ट कर दिया था कि राज्य में गुटखा पर प्रतिबंध लगेगा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व रेलवे, टाटानगर द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है। निविदा निर्धारित तारीख को अपराह्न 3:00 बजे बंद कर दी जाएगी। ई-निविदा सूचना संख्या: एसईआर-डीसीई-सीओएन-टीएटीए-01-2025, दिनांक: 14.02.2025। कार्यों का संक्षिप्त विवरण: उप मुख्य अभियंता/निर्माण/टाटानगर, दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र के अधीन टाटानगर में अधीनस्थ कर्मचारी एवं उपस्थितों के लिए अतिरिक्त कमरों एवं अन्य सुविधाओं का निर्माण तथा टाटानगर और चाईबासा में अन्य निर्माण कार्यालयों एवं क्वार्टरों तथा टाटानगर में कैम्प ऑफिस सह विश्रामालय के निर्माण का प्रावधान। अनुमानित लागत: ₹ 91,23,906.12। बोली प्रतिभूति: ₹ 1,82,500। पूरा करने की अवधि: 24 महीने। बंद होने की तारीख: 10.03.2025। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए, इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस मद के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। वि.द्र.: अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-1147)


# बजट सत्र को लेकर स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने बुलाई उच्चस्तरीय बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होने जा रहा है, जो 27 मार्च तक चलेगा। इस सत्र के सुचारू संचालन के लिए विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने मंगलवार 18 फरवरी को राज्य के आला अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, डीजीपी अनुराग गुप्ता, गृह सचिव वंदना दादेल समेत विभिन्न विभागों के सचिव एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक में सत्र के दौरान उठने वाले सवालों के समुचित उत्तर देने, विधि व्यवस्था बनाए रखने और अन्य संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सदन में उठने वाले सभी सवालों के त्वरित और सही उत्तर दिए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि विभागों को यह सुनिश्चित करना होगा कि जवाबों में कोई कोताही न हो, क्योंकि पहले भी ऐसी शिकायतें आई हैं। इसके अलावा स्पीकर ने विधि व्यवस्था को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए गए। क्योंकि बजट सत्र के दौरान बजट प्रस्ताव पेश और पारित किया जाएगा। लंबा सत्र होने के कारण विभिन्न मांगों को लेकर विधानसभा का घेराव भी हो सकता है। जिससे सुरक्षा व्यवस्था और विधि व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बता दें कि सत्र की शुरूआत 24 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सदन को संबोधित करेंगे। इसके बाद 25 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। 3 मार्च को राज्य सरकार की ओर से आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया जाएगा। इस बजट सत्र में कुल 20 कार्य दिवसों में विभिन्न राजकीय विधेयकों के साथ-साथ राज्य का बजट भी पेश किया जाएगा।

## सदर अस्पताल से नवजात की चोरी, पुलिस तलाश में जुटी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राजधानी रांची के सदर अस्पताल से एक नवजात बच्ची को अज्ञात लोगों ने चुरा लिया। घटना की जानकारी मिलते ही लोअर बाजार पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है और मासूम की तलाश तेज कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक 14 फरवरी को सदर अस्पताल के लेबर रूम में एक बच्ची का जन्म हुआ था। सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने उसे लेबर रूम के बाहर से चोरी कर लिया। बच्ची के गायब होने से उसके माता-पिता सदमे में हैं और रो-रोकर उनका बुरा हाल है। चोरी हुई बच्ची रांची के पिठोरिया निवासी उमेश बेड़िया और सबिता देवी की बेटी है। बच्ची के लापता होने के बाद उसके पिता उमेश बेड़िया ने लोअर बाजार थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम अस्पताल के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी का पता लगाया जा सके। साथ ही अन्य सुराग भी जुटाए जा रहे हैं ताकि बच्ची को सुरक्षित वापस लाया जा सके।

## दीपिका पांडेय सिंह ने 1 लाख 36 हजार करोड़ को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास विभाग मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए बकाया को लेकर हमलावर नजर आई। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने केंद्र सरकार पर झारखंड से सौतेला व्यवहार करने और बकाया न चुकाने का आरोप लगाते हुए इसे अपराधिक बता दिया है। राज्य सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने केंद्र सरकार पर झारखंड के कई विभागों के 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बकाया होने का दावा किया है। यह बातें वह लोहरदगा के शहरी क्षेत्र के मैना बगीचा में सोमवार को लरका आंदोलन के प्रणेता वीर बुधु भगत की जयंती पर एक समारोह में बोल रही थीं। दीपिका पांडे सिंह ने कहा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए का बकाया केंद्र केंद्र सरकार द्वारा नहीं दिया जा रहा है और ये बकाया बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो गया है। झारखंड में जल जीवन मिशन, बाल कल्याण महिला विकास, मनरेगा, आवास योजना सहित सभी विभागों का केंद्र सरकार पर 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक का केंद्र सरकार पर बकाया है लेकिन केंद्र सरकार की ओर से कोई पहल नहीं किया जा रहा है और व्यवहार अब भी झारखंड के प्रति सौतेला ही है ये पैसा झारखंडियों का है जिसे वापस न करना दुखद भी है और आपराधिक भी है।

## रैपिडो कर्मी को घायल कर मोबाइल लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : पुलिस ने जगरनाथपुर थाना इलाके में रैपिडो कर्मी को घायल कर उसका मोबाइल लूटने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान केशव सिंह के रूप में हुई है। इस संबंध में पीड़ित ने जगरनाथपुर थाना में मामला दर्ज कराया था। दर्ज प्राथिमिकी के अनुसार 22 जनवरी को रैपिडो कर्मी हिनु चौक के पास सवारी के इंतजार में खड़ा था। उसके पास रैपिडो ऐप पर हटिया रेलवे स्टेशन रोड से हरमू चौक की बुकिंग का मैसेज आया। पिकअप लोकेशन पर पहुंचने पर वहां एक लड़की खड़ी मिली। उसने रैपिडो कर्मी से उसका मोबाइल फोन अपने परिवार से बात करने के लिए मांगा। थोड़ी देर बाद वहां एक लड़का पहुंचा और रैपिडो कर्मी पर लड़की से छेड़छाड़ का आरोप लगाने लगा। इसमें लड़की भी उसका साथ देने लगी। जब रैपिडो कर्मी ने अपना मोबाइल मांगा तो वह लड़का रैपिडो कर्मी से मारपीट करने लगा और चाकू निकाल कर उसे जख्मी कर दिया। उसने कहा कि भाग जाओ नहीं तो जान से मार देंगे। इसके बाद रैपिडो कर्मी वहां से भागकर नजदीक होटल के पास पहुंचा जहां स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। घटना को लेकर पुलिस ने टीम गठित कर जाल बिछाया और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। लड़की के संबंध में आरोपित ने बताया कि वह उसकी पत्नी है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## रिम्स में बढ़ेंगी एमबीबीएस की सीटें अब 250 छात्रों को मिलेगा दाखिला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड के सबसे बड़े सरकारी मेडिकल कॉलेज रिम्स में एमबीबीएस की सीटें बढ़ाई जाएंगी। अब यहां 250 छात्रों को दाखिला मिलेगा। रिम्स प्रबंधन ने नेशनल मेडिकल कमीशन को प्रस्ताव भेजकर इसकी जानकारी दे दी है। रिम्स प्रशासन का कहाना है कि कॉलेज में 250 छात्रों के लिए जरूरी सुविधाएं, स्टाफ और आधारभूत ढांचा तैयार कर लिया गया है। अब एनएमसी की टीम किसी भी समय निरीक्षण कर सकती है। फिलहाल रिम्स में एमबीबीएस की 180 सीटों पर ही नामाांकन होता है। रिम्स में एमबीबीएस की 250 सीटें करने की योजना पिछले 5 साल से चल रही थी। 3 साल पहले एनएमसी की टीम ने निरीक्षण किया था, लेकिन कुछ कमियों के कारण अनुमति नहीं दी गयी थी। इनमें एकेडमिक बिल्डिंग, लेक्चर हॉल, ब्लड बैंक और ओपीडी में मरीजों की संख्या कम होना प्रमुख कारण थे। अब इन कमियों को दूर कर लिया गया है। डॉक्टर और नर्सों की भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। जल्द ही रिम्स में 250 सीटों पर एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि सरकार ने अगले 5 साल में पूरे देश में 75 हजार एमबीबीएस सीटें बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बजट में भी मंजूरी दी गयी है।

# आदित्यपुर के लिए 44 करोड़ का टेंडर, फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल, कार्रवाई का आदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार में फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल कर टेंडर हासिल करने का मामला सामने आया है । सरकार ने पूरे मामले की प्रारंभिक जांच कराई। जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद सरकार ने जियाडा के प्रबंध निदेशक को कार्रवाई करने का आदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक जियाडा ने सरायकेला-खरसावां के आदित्यपुर इंडस्ट्रीयल एरिया में सड़क, नाली, ड्रेन, स्ट्रीट लाईट आदि का काम करने के लिए टेंडर निकाला था। काम की कुल लागत 44 करोड़ रुपये था। यह काम मदन लाल बजाज कंस्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड को आवंटित किया गया था। फर्जी दस्तावेज के आधार पर टेंडर लेने को लेकर 24 जनवरी को सरकार के पास एक शिकायत पहुंची। शिकायत की प्रारंभिक जांच कराने पर इस बात की पुष्टि हुई है कि जिस कंपनी को काम दिया गया है, उसने फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल कर काम हासिल किया। आरोप यह भी है कि इस गड़बड़ी में जियाडा के टेंडर कमेटी के पदाधिकारियों की भी संलिप्तता है। सरकार ने इस गड़बड़ी को आपराधिक माना है। इसके साथ ही विभाग के विशेष सचिव मनोहर प्रसाद ने जियाडा के प्रबंध निदेशक को पत्र लिख कर कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है। प्राथमिकी 24 घंटे के भीतर दर्ज कराने को कहा गया है। साथ ही संबंधित टेंडर को तत्काल रद्द करते हुए इसकी जानकारी 20 फरवरी तक विभाग को देने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने इस मामले को गंभीर और आपराधिक मानते हुए निर्देश दिया है कि संबंधित कंपनी को ब्लैक लिस्टेड किया जाये और टेंडर कमेटी के अध्यक्ष और कार्यपालक अभियंता समेत अन्य सदस्यों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण लेकर सरकार को भेजें। इसके अलावा यह निर्देश भी दिया गया है जियाडा के टेंडर कमेटी ने अब तक जितने भी टेंडर किए हैं, उसके दस्तावेज एक सप्ताह के भीतर विभाग को उपलब्ध कराया जाये।


## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से मिले गोवा के शिक्षाविद



**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत गोवा से आए शिक्षाविदों ने राजभवन में भेंट की। ये शिक्षाविद रांची विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भ्रमण पर आए हुए हैं इस मौके पर राज्यपाल ने शिक्षाविदों से बातचीत के क्रम में राज्य में उच्च शिक्षा को और गुणात्मक व प्रभावी बनाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा मिले, ताकि वे प्रतिस्पर्धा के इस युग में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि वे शैक्षणिक मानकों के अनुपालन और सत्रों के नियमितीकरण के लिए प्रतिबद्धता के साथ प्रयास कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाजोत्थान का आधार भी है। उच्च शिक्षा संस्थानों को ऐसा वातावरण विकसित करना चाहिए, जहां शोध, नवाचार और मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को समसामयिक चुनौतियों से निपटने के लिए अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक दक्षताओं से भी संपन्न किया जाना आवश्यक है।

### झारखंड में 18 जिलों का तापमान 30 डिग्री के पार



**रांची** : झारखंड में अब सर्द हवा अब गायब हो गई है। लोगों को धूप का सामना करना पड़ रहा है। रात का तापमान भी बढ़ रहा है। झारखंड के 18 जिलों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री से ऊपर चला गया है। रात का भी पारा 10 डिग्री से ज्यादा है। रांची का अधिकतम तापमान 30 .4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 .6 डिग्री पहुंच गया है। ऐसी स्थिति रही तो मार्च में ही कड़ी धूप से सामना होगा। लेकिन पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम में बदलाव आएगा। 19 और 20 फरवरी को वज्रपात का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 18 फरवरी को पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां में बादल छाएंगे। 19 फरवरी को दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज सहित अन्य क्षेत्रों में गर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है। 20 फरवरी को रांची, बोकारो और रामगढ़ में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग ने 19 और 20 को यलो अलर्ट जारी किया है।मौसम विभाग के अनुसार राजधानी रांची के तापमान में पिछले 24 घंटे में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सोमवार को रांची का अधिकतम तापमान 30 .4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3 डिग्री और पिछले 24 घंटे में 0 .4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 15 .6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 2 .6 डिग्री तथा 24 घंटे में 2 .8 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला का रहा। जहां का अधिकतम तापमान 36 .8 डिग्री सेल्सियस तथा सबसे कम तापमान हजारीबाग में 10 .9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### राज्य के लाखों युवा बेरोजगार, जुमलेबाजी नहीं वे अपना हक चाहते हैं : बाबूलाल मरांडी



**रांची** : झारखंड बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तीखा हमला किया है। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने हाल ही में कुछ युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा और करोड़ों रुपये खर्च कर भव्य आयोजन किया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इसके साथ ही हेमंत सोरेन के चाटुकार यह दावा करेंगे कि वे सबसे ज्यादा नौकरी देने वाले मुख्यमंत्री हैं, लेकिन इस आयोजन से लाखों बेरोजगार युवाओं के सवाल हल नहीं होंगे। बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाया कि झारखंड के लाखों बेरोजगार युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा कैलेंडर कब जारी होगा, जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति कब होगी और जेएसएससी, सीजीएल पेपर लीक की जांच कहां तक पहुंची है? इसके अलावा, उन्होंने यह भी पूछा कि मुख्यमंत्री किस नियोजन नीति के तहत नियुक्तियां कर रहे हैं और झारखंड के युवाओं को कितना आरक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को यह समझना चाहिए कि युवाओं का भविष्य केवल पीआर स्टंट और दिखावों से नहीं, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही से संवरेगा। झारखंड के बेरोजगार युवा केवल जुमलेबाजी नहीं, बल्कि अपना हक और अधिकार चाहते हैं।

### झारखंड में आतंकवाद की पाठशाला न लगने दे सरकार : प्रतुल शाहदेव



**रांची** : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड सरकार से मांग की है कि वह राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद की जड़ें मजबूत न होने दे। उन्होंने पाकुड़ में बांग्लादेश के प्रतिबंधित संगठन जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश के आतंकवादी द्वारा ट्रेनिंग दिए जाने को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि बांग्लादेशी आतंकवादी अब्दुल मनुन ने पाकुड़ में दर्जनों स्थानीय युवाओं को आतंकी गतिविधियों की ट्रेनिंग दी। यह अत्यंत गंभीर मामला है कि आतंकवादी झारखंड में ट्रेनिंग कैंप चला रहे हैं और राज्य की खुफिया एजेंसियों को इसकी जानकारी उनके जाने के बाद मिल रही है। उन्होंने राज्य सरकार से अविलंब कठोर कार्रवाई करने और इस गतिविधि में मदद करने वालों पर कानूनी शिकंजा कसने की मांग की। झारखंड में स्लीपर सेल का पुराना इतिहास, सख्त कदम उठाए सरकार प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड में पहले भी स्लीपर सेल की मौजूदगी सामने आती रही है। उन्होंने हाल की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि झारखंड में एक प्रतिष्ठित अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर स्लीपर सेल का हिस्सा निकला था। लोहरदगा सहित कई जिलों में स्लीपर सेल का खुलासा हो चुका है। बोधगया बम ब्लास्ट के तार रांची से जुड़े थे। हिंदपीढ़ी के एक लॉज से नौ बम बरामद हुए थे। सीठियो के जंगल में बम बनाने की ट्रेनिंग दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है और हेमंत सरकार को पूरी ताकत के साथ आतंकियों और उनके समर्थकों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## एक नजर

### वन प्रमंडल के कर्मचारी 22 तक सांकेतिक हड़ताल पर

**बोकारो** : जिले के वन प्रमंडल के निम्न वर्गीय लिपि और लिपि सम वर्ग कर्मचारी 17 फरवरी से 22 फरवरी तक सांकेतिक हड़ताल पर हैं। इन कर्मचारियों की मुख्य मांग यह है कि प्रावधान के बावजूद उन्हें निम्न वर्गीय लिपि पद से उच्च पद पर पदोन्नति नहीं दी जा रही है। वन विभाग में कार्यरत इन कर्मचारियों का कहना है कि नियमावली के अनुसार उन्हें उच्च पदों पर पदोन्नति का हक है, लेकिन इसके बावजूद उनकी पदोन्नति नहीं हो रही है। सांकेतिक हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने पीसीसीए और उच्च अधिकारियों तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए यह कदम उठाया है। कर्मचारी संगठन के नेता संतोष कुमार भारती ने बताया कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं तो वे राज्य स्तरीय सांकेतिक हड़ताल पर जाने का विचार कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह संघर्ष उनके अधिकारों के लिए है और अगर उनकी सुनवाई नहीं होती, तो वे आगे और कड़ा कदम उठाने को तैयार हैं।

### महाकुंभ से लौट रही बस ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, एक दर्जन यात्री घायल

**धनबाद**: महाकुंभ से लौट लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस धनबाद के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गोविंदपुर तेतुलिया के पास हुए हादसे में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एसएनएमएमसीएच पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सभी घायल पश्चिम बंगाल के हल्दिया के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल के हल्दिया से श्रद्धालुओं को लेकर टूरिस्ट बस प्रयागराज गई थी। बस पर कुल 68 लोग सवार थे। महाकुंभ में स्नान के बाद लौटते समय धनबाद के गोविंदपुर में तेतुलिया के पास बस ने सड़क किनारे खड़े ट्रक से टक्कर मार दी।

### महिला से चेन की छिनतई, बंदूक का भय दिखाकर भागे अपराधी

**धनबाद** : जिले में एक बार फिर चेन स्नेचर सक्रिय हो गये हैं। ताजा मामला सरायढेला क्षेत्र का है। यहां मंगलवार को बाइक सवार अपराधी एक महिला के गले से सोने की चेन छिनकर फरार हो गये। महिला ने इसकी शिकायत सरायढेला थाना में दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अपराधियों ने प्रत्यक्षदर्शियों को बंदूक का भय दिखाकर पीछा करने से रोका भुक्तभोगी महिला के परिजन सचिन जायसवाल ने घटना के संबंध में बताया कि महिला अपने बच्चे को स्कूल छोड़कर वापस अपने घर हीरापुर लौट रही थी, तभी यह घटना घटी। अपराधी पल्सर बाइक पर सवार थे और बाइक में नंबर प्लेट भी नहीं था। मौका पाकर उन्होंने चेन झपटा और गोल बिल्डिंग की तरफ भाग गये।

### इलाज के दौरान महिला की मौत परिजनों का हंगामा

**धनबाद** : धनबाद के बरटांड़ हाउसिंग कॉलोनी स्थित कैलाश हॉस्पिटल में मंगलवार को 68 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि इलाज में डॉक्टर की लापरवाही के कारण बुजुर्ग महिला की जान चली गई। डॉक्टर ने मरीज को एनेस्थिसिया का ओवर डोज दे दिया। मृतका गंगोत्री देवी बरवाअड्डा के छोटा पिछड़ी की रहनेवाली थी। गंगोत्री देवी के कंधे की हड्डी टूटने के बाद परिजनों ने शहर के जाने–माने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ कैलाश प्रसाद के निजी कैलाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया था।

# ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों पर होगी कार्रवाई : एसडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : समाहरणालय सभागार में मंगलवार को जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनों पर अंकुश लगाने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा की अध्यक्षता में जिले में संचालित सीटीपीएस/बीटीपीएस प्रबंधन के प्रतिनिधियों एवं विभिन्न ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक की गई। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना शेजवलकर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि रात्रि में वाहन जांच अभियान के दौरान मालवाहक वाहनों का परिचालन चालक के स्थान पर खलासी द्वारा किया जाता है, जो सही नहीं है। वहीं, कई वाहनों में केवल चालक या खलासी रहते हैं, यह भी सही नहीं है। कई वाहन ओवरलोड पाये जाते हैं एवं छाई/कोयले के ढुलाई क्रम में तीरपाल का इस्तेमाल नहीं करते है। इन सभी कारणों से सड़क दुर्घटनाएं होती है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चास ने कहा कि पीएसयू अपने यहां संचालित वाहनों में सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में परिवहन नियमों की अनदेखी नहीं हो। वाहन का परिचालन वैद्य कर्मिशियल डीएल धारी चालक ही करें। वाहन परिचालन के समय चालक के साथ सहचालक वाहन में मौजूद हो। सहचालक वाहन का परिचालन नहीं करेंगे, इसे सख्ती से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में परिवहन विभाग एवं उनके द्वारा सघन वाहन जांच अभियान दिन व रात में चलाया जाएगा। अगर किसी भी परिस्थिति में परिवहन नियमों/यातायात नियमों/मोटर वाहन अधिनियम आदी की अनदेखी पाई जाती है, तो कार्रवाई के साथ जुमार्ना वसूला जाएगा। बैठक के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी* ने कहा कि वाहनों के साथ संबंधित ट्रांसपोर्टर के विरूद्ध भी नियम संगत कार्रवाई होगी। इसलिए ट्रांसपोर्टर सुनिश्चित करेंगे कि उनके वाहन में सभी वैद्य दस्तावेज उपलब्ध हो, वाहनों का बीमा, टैक्स आदि अपडेट हो। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिया।

## आठ दिवसीय राधा कृष्ण तृतीय महायज्ञ महोत्सव कलश यात्रा के साथ हुआ शुरू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चास** : प्रखण्ड पंचायत चंदाहा के चंदाहा गाँव मे श्री श्री राधाकृष्ण हरिमंदिर प्रागंण में आठ दिवसीय श्री श्री 108 राधाकृष्ण तृतीय महायज्ञ महोत्सव मंगलवार को कलश यात्रा के साथ विधिवत शुरू हो गया। यज्ञ स्थल से 501 कलश माथे में लेकर महिला व कुंवारी कन्या 6 किलोमीटर पैदल चलकर इजरी नदी बनगड़िया पुल घाट पहुंचे। जहाँ पर यज्ञ आचार्य जगन्नाथ ओझा पंडित मिहिर चंद्र ओझा सवानंद तिवारी बनारस ,निमाई शंकर ओझा, मुख्य व्रती यजमान शंभु मोदक, सजना देवी मुख्य पुजारी बबलु राय,ने कलश को विधि विधान से पुजा अर्चना कर संकल्पित किया। कलश में जल भर कर इजरी नदी से गाजाबाजा के साथ यज्ञ स्थल वापस पहुंचे तथा कलश को स्थापित किया गया। अग्नि प्रज्ज्वलित कर यज्ञारंभ किया गया। यज्ञ शुरू होते ही चंदाहा, सियालजोरी, बाबु ग्राम, बुढिबिनोर, बाटबिनोर, छाताटांड व आसपास के दर्जनों गांव भक्तिमय वातावरण में बदल गया। यज्ञ समिति द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष गणेश बाउरी ने बताया कि इस अवसर पर प्रतिदिन भागवत कथा, रामायण प्रवचन आचार्य संदीप शास्त्री, फुल कुमारी जी, कथावाचन होगी। 22 फरवरी को हेमंत दुबे द्वारा कथा वचन व भक्ति जागरण की जायेगा।

## आरोही नाट्य मंच की ओर से आरोही रंग महोत्सव का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के तत्वाधान में आरोही नाट्य मंच द्वारा नाट्य प्रस्तुति सह सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आरोही रंग महोत्सव 2025 का आयोजन सफल रहा । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उमेश लोहरा, जिला खेल पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, धनबाद , जिला जन-संपर्क विभाग, धनबाद से एस.एम.पी.ओ. विनीता कुमारी व ए.पी.आर.ओ. आलोक मिश्रा, संस्था के निर्देशक संजय भारद्वाज व सचिव सह टीम लीडर उर्मिला प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम की मुख्य प्रस्तुति उस्ताद प्रभात कुमार महतो, नटराज कला केंद्र, चौगा, सरायकेला के द्वारा मानभूम छऊ नृत्य की प्रस्तुति की गई । लगभग 20 मिनट तक छऊ नृत्य ने दर्शकों को बांधे रखा।15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में भाग लिए हुए बच्चों के द्वारा नाटक अंधेर नगरी की प्रस्तुति की गई । साथ ही संस्था के रंग कर्मियों द्वारा नाटक सिद्धू, कान्हु के जीवन पर आधारित नाटक विद्रोह की प्रतिध्वनि का मंचन किया गया। यह नाटक पूरे एक घंटे तक दर्शकों को बांधे रखा । कार्यक्रम में गणेश वंदना एवं मणिपुरी नृत्य, पापरी राय चौधरी के द्वारा तो झारखंड लोक नृत्य की भी प्रस्तुति ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन हमेशा हो, जिससे कि बच्चों में छिपी प्रतिभा बाहर आती है। यह कार्यक्रम पी.के. रॉय मेमोरियल कॉलेज, धनबाद के सभागार में संपूर्ण हुआ । मौके पर उर्मिला प्रसाद, संजय भारद्वाज, अक्षत भारद्वाज, नरेश,नितेश रवि, बंटी, दिलीप,काजल, ज्योति, गंगा, ज्ञानेन्द्र, जानकी, कंचन उपस्थित रहे।

## वेतन नहीं मिलने पर अस्पताल कर्मियों ने 3 मार्च से हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : सदर अस्पताल के कर्मचारियों ने पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिलने के विरोध में इमरजेंसी गेट के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। नाराज कर्मचारियों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें लगातार टाला जा रहा है, जिससे उनके परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि पिछले सात सालों से उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है, लेकिन अब वे चुप नहीं बैठेंगे। उनका कहना है कि बार-बार मांगों को दरकिनार किया जा रहा है और उन्हें किसी भी तरह की सुविधा नहीं दी जा रही है।

**3 मार्च से हड़ताल पर जाने की चेतावनी**

कर्मचारियों ने ऐलान किया कि अगर जल्द ही वेतन नहीं दिया गया तो वे 3 मार्च से हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने साफ कहा कि यदि उनकी मांगे नहीं मानी गईं तो वे कानूनी नोटिस भेजने पर भी विचार करेंगे। इस विरोध प्रदर्शन से अस्पताल की व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है।

### दूसरे के नाम पर मैट्रिक परीक्षा देते छात्र पकड़ाया, निष्कासित

**बोकारो** : झारखंड में इन दिनों जैक बोर्ड की मैट्रिक व इंटर की परीक्षा चल रही है। बोकारो जिले के चास प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोनाबाद, सेंटर पर मैट्रिक परीक्षा में मंगलवार को दूसरे के नाम पर परीक्षा देने पहुंचे एक छात्र को पकड़ लिया गया। परीक्षा हॉल में वीक्षक द्वारा छात्रों के एडमिट कार्ड के सत्यापन के क्रम में पाया गया कि राज कुमार गुप्ता नामक एक छात्र एक अन्य छात्र दयाल कुमार बाउरी के नाम का एडमिट कार्ड लेकर परीक्षा दे रहा है। संदेह होने पर वीक्षक छात्र के एडमिट कार्ड व उसके आधार कार्ड का मिलान करने पर फजीर्वाड़ा उजागर हुआ।

## शहरी क्षेत्र में भी युवाओं का झुकाव झामुमो के प्रति है : मंटू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो महानगर संयोजक प्रमुख मंटू यादव के नेतृत्व में बोकारो रेलवे स्टेशन ऑटो स्टैंड में सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। बोकारो महानगर संयोजक प्रमुख मंटू यादव ने कहा कि झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति लोगों का विश्वास बड़ा है आज युवा वर्ग का झुकाव झारखंड मुक्ति मोर्चा की और है। हेमंत सरकार के द्वारा गरीबों के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं चल रही है जिससे झारखंड की जनता अबुआ सरकार से खुश हैं, बोकारो की जनता काफी उत्साह के साथ झामुमो का सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। झामुमो नेता मंटू यादव ने कहा कि शाखा एवं वार्ड कमिटी के सभी पदाधिकारीयों को एक सौ (100) सदस्य बनाना है तभी वो पार्टी के सक्रिय सदस्य हो सकते हैं, मंटू यादव ने कहा कि सदस्यता अभियान के साथ-साथ आम लोगों की समस्या को सुनकर अपना रजिस्टर में नोट करें ताकि समय पर उनका समस्या का समाधान हो सके। अभियान में मुख्य रूप से अशोक यादव, मो० अलाउद्दीन अंसारी, सियाराम पंडित, राम सेवक, सोहेल अंसारी, कुर्बान अंसारी, अशोक राय, संजय यादव, रिंकू गिरी, छोटे वर्मा, विनोद सिंह, मनोज शर्मा, दिनेश सिंह, आफताब खान, भगवान झा, शंभू गुप्ता, सुनील सिंह, बिंदेश्वरी घटवार, शरण पाल सिंह, सुधीर शर्मा, चंद्रशेखर गुप्ता, मोहम्मद इकबाल अंसारी संतोष यादव, छोटू रजक, सुरेंद्र रजक, संजय रजक, इंद्रमणि रजक, झोनू पांडे, दीपक पांडे आदि उपस्थित थे।

# सांसद ने एयरपोर्ट के लिए जमीन जल्द उपलब्ध कराने को लेकर उपायुक्त से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : मंगलवार को धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधिमण्डल धनबाद के उपायुक्त महोदया से मिल कर सिंदरी के डोमगढ क्षेत्र में एफ सी आई एल के तुगलकी फरमान से अवगत कराया । माननीय सासंद महोदय ने कहा कि सिंदरी में जब ओबी डम्प के लिए एफ सी आई एल के पास अन्य खाली जमीन उपलब्ध है तो आवासीय क्षेत्र को डिस्टर्ब करने की क्या आवश्यकता है, एफ सी आई एल प्रबंधन बेवजह विधि व्यवस्था बिगाड़ने पर लगा है एवं पीपी कोर्ट के द्वारा लोगों को नोटिस भेजा जा रहा है जिससे लोगों में भय का माहौल है । माननीय सांसद महोदय ने उपायुक्त महोदया से कहा कि मैं कल सिंदरी गया था और हजारों लोगों ज्यादा तर महिलाएं में जो आक्रोश दिखा वह शब्दों में व्यक्त नहीं कर पा रहा हूं । मैं दिल्ली में रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में भी इन बातों को रखूंगा आप अपनी तरफ से भी उचित कार्रवाई करें और जब डंप के लिए अन्य जगह उपस्थित है तो आवासीय कॉलोनी को डिस्टर्ब न किया जाए इस स्थिति में यदि कोई भी अप्रिय घटना घटती है तो इसकी जिम्मेदारी एफ सी आई प्रबंधन की होगी । सारी बातों को सुनने के बाद उपयुक्त महोदया ने कहा कि यदि एफ सी आई के पास वैकल्पिक जमीन है तो उसे आवासीय क्षेत्र को डंप के लिए सेल कंपनी को देना उचित नहीं है । जरूरत पड़ी तो मैं आर आर नीति जो एफ सी आई और सेल बनी है उसमें संशोधन करवाने का प्रयास करूंगी ।महोदया ने ये पूछा कि कितने ऐसे आवास है उनको बताया गया करीब 1200 से ऊपर आवास है। उपयुक्त महोदया ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मैं बहुत जल्द इस विषय पर एफ सी आई प्रबंधन से बात कर इस समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगी । माननीय सांसद ढुल्लू महतो ने उपायुक्त महोदया से धनबाद में एयरपोर्ट को लेकर जल्द से जल्द जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया जिस पर उपायुक्त महोदया ने त्वरित अंचल अधिकारी को जमीन की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने को कहा प्रतिनिधिमंडल में भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला ग्रामीण के जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ,नितिन भट्ट,सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक कुमार दीपू ,दिनेश सिंह, मणि भूषण सिंह, राजीव सिंह मुन्ना, विदेशी सिंह, धीरज सिंह, आरके सुमन ,संजू सिंह अनिल सिंह, प्रकाश श्रीवास्तव, राघव तिवारी सुनील शर्मा थे।

## संक्षिप्त खबरें

### निचितपुर कोलियरी के मुख्य द्वार पर श्रमिकों के बीच चलाया गया जनजागरण अभियान



**धनबाद** : भारत सरकार द्वारा श्रम कानून बदले जाने एवं एमडीओ लागु करने के विरोध में मंगलवार को निचितपुर कोलियरी के मुख्य द्वार पर श्रमिकों के बीच जनजागरण अभियान चलाया गया। मौके पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामप्रीत प्रसाद यादव, संयुक्त महामंत्री शकील अहमद, सत्यनारायण चौहान, सुदर्शन चौहान, गुड्डू प्रसाद, रंजीत नोनिया, पवन कुमार प्रसाद, बीरेंद्र ठाकुर, फेकू सिंह, नंदू गोप, ललन तिवारी, अकबर, बैजू साव,नौशाद रफी, इमली देवी, संजू देवी सावित्री देवी,दीपक साव सहित अन्य श्रमिक साथी मौजूद रहे थे।

### ड्यूटी के दौरान मृत कार्तिक घोष की आश्रिता को उपायुक्त ने सौंपा 15 लाख का चेक



**धनबाद** : विधानसभा आम निर्वाचन–2024 के ड्यूटी के दौरान मृत स्व० कार्तिक घोष की आश्रिता को उपायुक्त ने सौंपा 15 लाख की अनुग्रह अनुदान राशि विधानसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 39–निरसा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के द्वितीय मतदान कर्मी कार्तिक घोष का निधन हो गया था। मृतक स्व० कार्तिक घोष की आश्रिता शंपा घोष को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा द्वारा 15 लाख की अनुग्रह अनुदान राशि आज सौंपा गया। उक्त राशि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, झारखंड द्वारा उपलब्ध कराई गई थी।
इस दौरान उन्होंने मृतक के आश्रिता को सांत्वना देते हुए कहा कि जिला प्रशासन आपके साथ हर वक्त खड़ा है। वहीं उनके बच्चों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा मौजूद रहें।

### अज्ञात व्यक्ति का मिला शव




**बोकारो**: बोकारो के हरला थाना क्षेत्र में एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। यह शव सेक्टर 9 बड़ा खटाल शिव मंदिर के पास कूलिंग पोंड से निकलने वाले नाले में पड़ा मिला। शव नग्न अवस्था में था और उसकी स्थिति को देखते हुए हत्या, आत्महत्या या कहीं और से लाकर फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। इस घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने 100 नंबर डायल कर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हरला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को निकालने का प्रयास किया। शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है और उसकी गर्दन के ऊपरी हिस्से की खाल गायब है, जिससे पहचान करना मुश्किल हो गया है। एएसआई दिलीप दास ने जानकारी दी कि पुलिस अन्य थानों से गुमशुदगी की रिपोर्ट मंगवा रही है ताकि मृतक की पहचान की जा सके। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए गहन पड़ताल कर रही है। शव के पोस्टमार्टम और फोरेंसिक जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह हत्या थी या कोई अन्य कारण था। इसलिए पुलिस को तेजी से कार्रवाई कर रही है ताकि सच सामने आ सके ।

### बीएसएल के सीओ और सीसी विभाग में हिंदी कार्यशाला का हुआ आयोजन



**बोकारो** : स्टील प्लांट के सीओ&सीसी विभाग में आज भूषण कुमार सिंह, महाप्रबंधक की अध्यक्षता में एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सीओ & सी सी विभाग के अधिशासी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन बी एस एल के राजभाषा अधिकारी आलोक कुमार, उप महाप्रबंधक तथा मानस चंद्र रजवार, सहायक प्रबंधक द्वारा किया गया। कार्यशाला में राजभाषा विभाग की तरफ से डॉ एन के राय, प्रधानाचार्य उपस्थित थे। कार्यशाला की शुरूआत में लखविंदर सिंह, उप प्रबंधक ने सभी का स्वागत किया, तत्पश्चात बी एस एल के राजभाषा अधिकारी आलोक कुमार, उप महाप्रबंधक ने हिंदी का राजभाषा के रूप में महत्व, इसकी उपयोगिता तथा संविधान में इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा संसदीय राजभाषा समिति की अपेक्षाओं के अनुरूप हिंदी पत्राचार में यूनिकोड का अधिकाधिक प्रयोग करने की अपील की।
कार्यशाला में हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया।

### प्रथम अंडर 23 झारखंड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप आज से



**बोकारो** : जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा प्रथम अंडर 23 झारखंड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया जा रहा है।
यह टूनार्मेंट सेक्टर 12 क्लब स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में होगा। टूनार्मेंट 19 से 22 फरवरी तक होगा। यह जानकारी बोकारो जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह तथा सचिव हारुन अंसारी ने प्रेस वार्ता कर दी। कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों से बॉयज के 14 व गर्ल्स टीम से 7 टीमों ने रजिस्टर्ड कराया है। बोकारो में पहली बार अंडर 23 के लिए एक बड़ा आयोजन हो रहा है। 19 फरवरी की शाम 6 बजे चंदनकियारी विधायक के द्वारा टूनार्मेंट का उद्घाटन किया जाएगा। बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए सेक्टर 12 क्लब तथा क्वार्टर में रहने की व्यवस्था की गई है। इस दौरान मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष रविरंजन कुमार, तकनीकी सलाहकार किंकर कृष्णा, अनिल कुमार, शांता कुमार, गौतम कुमार, संता मिश्रा, उपेंद्र श्रीवास्तव, निशांत कुमार, जेके सिंह , बाल्मीकि पाठक सोनू राय,अनिल सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# किसानों को वैकल्पिक खेती के लिए करें प्रेरित : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामसभा से अपील की है कि वे खूंटी जिले में अफीम की अवैध खेती के दुष्प्रभावों पर अंकुश लगाने, अफीम विनष्टीकरण तथा किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करने में सहयोग करें। उपायुक्त अफीम की खेती को लेकर मंगलवार को मुरहू प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि, मुखिया, ग्राम प्रधान, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य आदि



उपस्थित थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, उप परियोजना निदेशक आत्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी भी मौजूद थे। बैठक में वैकल्पिक खेती को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैंगन समेत अन्य फसलों की खेती को अपनाने पर जोर दिया गया, जिससे किसान अच्छा मुनाफा कमा सकें। उपायुक्त ने क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों से जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे अफीम विनष्टीकरण कार्य में सहयोग करने एवं वैकल्पिक खेती को लेकर लोगों को प्रेरित करने की अपील की। उपायुक्त ने पंचायत स्तर पर ग्राम सभाओं का आयोजन कर क्षेत्र के अनुसार वैकल्पिक खेती की योजना तैयार करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। मौके पर किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा मूंग बीज समेत अन्य बीजों का वितरण किया गया।

## एक नजर

### अवैध बालू लदा चार ट्रेक्टर जब्त

**सरिया(गिरिडीह) :** मंगलवार की सुबह लगभग छह बजे सरिया अंचलाधिकारी संतोष कुमार की अगुवाई में सरिया रेलवे फाटक के पास से चार अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर सरिया थाना को सूपूर्द किया। इस दौरान सरिया पुलिस भी मौजूद रही। वहीं प्रशासन की इस कार्रवाई को देखते हुए मौके से दर्जनों बालू लदे ट्रैक्टर भागने में सफल रहे। इस कार्रवाई के दौरान सरिया सीओ संतोष कुमार ने बताया कि क्षेत्र के क ई नदियों से अवैध ढंग से बालू की तस्करी की सूचना मिल रही थीं जिसे लेकर यह अभियान चलाया गया और आगे भी प्रतिदिन अवैध बालू के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं मंगलवार को जब्त चारों ट्रैक्टर के मालिक व चालक पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है एंव इसकी सूचना संबंधित वरीय पदाधिकारी को दे दिया गया है।

### हत्या मामले में चार को आजीवन कारावास की सजा

**पलामू :** पलामू जिला अदालत ने हत्या के एक मामले में महिला समेत चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा प्रत्येक को 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई है। यह मामला पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के शिकारपुर से जुड़ा हुआ है। सितंबर 2016 में रंजीत साव नाम के व्यक्ति के घर में घुसकर उसकी लाठी डंडे एवं टांगी से मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक की पत्नी रिंकू देवी ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पलामू न्यायालय के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नंबर 3 की अदालत ने मंगलवार को इस कांड के चार दोषियों रीना देवी, मदन साव, महावीर साव एवं बुधन साव को आजीवन कारावास एवं जुमार्ने की सजा सुनाई।

### किसान मेला 19 को डीसी ने तैयारियों का लिया जायजा

**पलामू :** डालटनगंज के शिवाजी मैदान में 19 फरवरी को प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन होना है। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) की ओर से आयोजित होने वाले इस किसान मेला को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को आयोजन स्थल शिवाजी मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने मेला के सफल आयोजन को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उपायुक्त ने किसान मेला आयोजन के मुख्य मंच, मंच पर अतिथियों की बैठने की सुविधा, बैकड्रॉप, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ व्यक्तियों तथा आगंतुकों के बैठने आदि की व्यवस्था, विभिन्न विभागों द्वारा लगाये जा रहे स्टॉल, पार्किंग की व्यवस्था, महिला एवं पुरुष किसानों के आगमन को लेकर तैयारी, उनके बैठने की व्यवस्था, खाना, शुद्ध पेयजल, शौचालय आदि के प्रबंध किये जाने की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समय रहते सभी कमियों को दूर करते हुए तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्टॉल पर बैनर-पोस्टर के माध्यम से संबंधित विभाग का नाम एवं प्रदर्शनी से संबंधित जानकारी भी प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। किसान मेला में पलामू प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिले पलामू, लातेहार एवं गढ़वा के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये जाएंगे। स्टॉलों के माध्यम से लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा। साथ ही उन्हें योजनाओं को लेकर जागरूक किया जायेगा। वहीं विभिन्न विभागों की ओर से लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जायेगा।

## अवैध तरीके मोटेशन करने पर ग्रामीणों ने किया अंचल कार्यालय का घेराव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** अनगड़ा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में जमीन संबंधित मामला को लेकर चतरा पंचायत के ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय का घेराव किया। घेराव कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कार्य कर्ता ओर भारी संख्या में चतरा गांव के ग्रामीण इलाकों सामिल हुए ग्रामीणों अंचल कार्यालय के विरूद्ध नारे बाजी कर रहे थे। सी ओ पर आरोप है कि आवेध तरीके से जमीन का मोटेशन किया गया आरोप है कि मामला कोट पर चल रहा है। उसके बाद भी रसीद काटा गया आगे यह भी आरोप लगाया कि किसी भी जमीन का मोटेशन नहीं करने का आवेदन दिया जाता है। उसके बाद भी अंचल कार्यालय में बिचोलियों के मिली भगत से मोटेशन कर दिया जाता है और जिन किसी भी व्यक्ति का प्लॉट इंट्री नहीं रहता है उसके लिए भी ब्लॉक के सी ओ कर्मचारी के मिली भगत से प्रति डिसमिल रेट तय कर इंट्री करने का रुपया लिया जाता है।

## नामकोम प्रखंड में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने की समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** नामकोम प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने प्रखण्ड स्तरीय सभी विभागों के अधिकारियों एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, आवास योजना, पशुपालन विभाग, उर्जा विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, मनरेगा एवं अन्य विभागों का बारी बारी से समीक्षा किया गया। विधायक राजेश कच्छप ने सभी योजनाओं को धरातल पर काम होना चाहिए। कोई भी योजना अपूर्ण नहीं होना चाहिए। सरकार के सभी योजना को आम जनता को सहूलियत से लाभान्वित मिले। पेयजल एवं स्वच्छता



विभाग के सहायक अभियंता को निर्देश दिया कि सभी गांवों में जल नल योजना को अतिशीघ्र पूर्ण करने की हिदायत दी। राजस्व में सभी आनलाइन सुधार करने के लिए विशेष ध्यान देने की निर्देश दिया। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, उप प्रमुख वीणा देवी, जिला परिषद सदस्य रिता होरो, बिपिन टोप्पो, अशोक कुमार मिश्र, माधो कच्छप, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, अंचल अधिकारी कमल किशोर सिंह, प्रभारी अंचल निरीक्षक राजेश कुमार, सिडीपिओ साबिता वर्मा, स्वास्थ्य विभाग अरविन्द कुमार, बिईईओ कल्पना तांती, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी सौरभ सिन्हा, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी तपन कुमार साहू, प्रखण्ड समन्वय संजय उरांव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विजय टोप्पो, मुखिया सरस्वती देवी, लक्ष्मी देवी, निशा उरांव, जीता कच्छप, मांगरा कच्छप, अरविन्द लोहरा, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## चैनपुर में अनुमंडल स्तरीय पुस्तक मेला का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर के लूथरन मैदान में मंगलवार को अनुमंडल स्तरीय पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। यह आयोजन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने स्थानीय प्रशासन के सहयोग से की पुस्तक मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिया कुमारी विशिष्ट अतिथि लेखक चंद्रहास चौधरी और उनकी धर्मपत्नी जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा अंचल अधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता के पारंपरिक तरीके से स्वागत के साथ हुआ। अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम सभी स्टालों का घूम-घूम कर अवलोकन किया गया वहीं उनके स्वागत में कॉलेज व स्कूल के छात्र छात्रों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। पुस्तक मेला में सुबह से ही लोगों की भी देखने को मिली स्कूली बच्चों के साथ-साथ युवा वर्ग से लेकर बड़े बुजुर्ग पुस्तक मेला में शामिल हुए और स्टॉल में लगाए गए किताबें एवं प्रदर्शनियों का लाभ उठाया। स्कूली बच्चों ने अपने-अपने विषय से संबंधित विभिन्न प्रकाशकों की किताबों को देखा। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की किताबों की जानकारी अनुमंडल स्तरीय पुस्तकालय चैनपुर द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से ली। पुस्तक मेला में पुस्तक स्टॉल के अलावा जेएस एलपिएस स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ कई अन्य प्रदर्शनी के स्टाल लगाए गए थे एवं उनसे संबंधित जानकारी बच्चों एवं लोगों को दी जा रही थी। वहीं बनारस से आए क्रिएटिव पपेट थिएटर ट्रस्ट द्वारा बिरसा मुंडा के जीवनी पर आधारित पपेट शो का आयोजन किया गया। जिसे बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी शो का आनंद उठाया।

## मोती पालन क्लस्टर में मूल्य संवर्धन पर कार्यशाला आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** भारत का एकमात्र अधिसूचित मोती पालन क्लस्टर भारत सरकार ने अपनी अधिसूचना संख्या ख-117012-3/2020-दिनांक 30.08.2024 के माध्यम से पूरे भारत में केवल हजारीबाग जिले को मोती पालन क्लस्टर के रूप में अधिसूचित किया है। यह झारखंड राज्य और विशेष रूप से हजारीबाग जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो इसे मोती पालन, उत्पादन और व्यापार के लिए एक राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व एवं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के मार्गदर्शन तथा विभागीय सचिव के देखरेख में, झारखंड सरकार मत्स्य पालन और मोती पालन को राज्य के आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण घटक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार के इस प्रयास से किसानों और उद्यमियों को नए व्यवसायिक अवसर मिलेंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। इस कार्यशाला का उद्देश्य मछली किसानों, उद्यमियों और हितधारकों को उनके उत्पादों में मूल्य संवर्धन करने और बाजार में अपनी पहुँच सुधारने के लिए आवश्यक ज्ञान और तकनीक प्रदान करना है। यह कार्यशाला सूचना भवन, पुराने डीसी कार्यालय, जिला बोर्ड चौक, हजारीबाग में आयोजित होगी। इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. एच.एन. द्विवेदी, निदेशक, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखंड सरकार द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कई विशेषज्ञ अपने शोध और अनुभव साझा करेंगे। डॉ. एच.एन. द्विवेदीः झारखंड में मोती पालन की स्थिति पर चर्चा करेंगे। डॉ. शैलेश सौरभ, प्रधान वैज्ञानिक, सीआईएफए, भुवनेश्वरः मोती संस्कृति के प्रजनन और संभावनाओं पर प्रस्तुति देंगे।

## लंबित वादों के निस्तारण का सुलभ माध्यम है लोक अदालत : प्रवीण कुमार श्रीवास्तव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** झालसा के निर्देश पर न्यायुक्त सह अध्यक्ष के द्वारा सिल्ली प्रखण्ड के मुरी पश्चिमी पंचायत भवन में जस्टिस ऑन व्हल मोबाईल वैन टूर जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, शंकर महतो, कौशल्या देवी, ब्रजेश कुमार महतो, बंशीधर घटवार, सुनील कुमार महतो, बबलू कुमार महतो, पंकज कुमार महतो, राजकुमार महतो, ग्राम प्रधान मनीष कुमार महली एवं अन्य उपस्थित थे। वही । एलएडीसी चीफ ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या पर फोकस किये एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के ओर से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने





के बारे में जानकारी दी गयी उन्होंने पीड़ित मुआवजा के बारे में जानकारी दी। डायन बिसाही पर भी फोकस किये तथा कहा कि यह एक अंधविश्वास हैं डायन बिसाही के मामले में एक दूसरे की हत्या करना गलत है। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएलवी कौशल्या देवी, शंकर महतो एवं ब्रजेश कुमार महतो ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा पीएलवी ने लोगों के समस्याओं को सुना तथा पीड़ित मुआवजा के बारे में भी जानकारी दी। राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित वादों को निबटारा पर जोर दिया। ज्ञात हो कि 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में डालसा के पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। कौशल्या देवी ने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं। शंकर महतो ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। यह भी ज्ञात हो कि उन्होंने आगामी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत की भी जानकारी दी। वादकारी उक्त तिथि को आकर अपने वादों का निस्तारण करा सकते है। डालसा के पीएलवी के द्वारा पम्पलेट, लिफलेट एवं जागरूकता से संबंधित पुस्तकों का वितरण भी किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बदमाशों ने बेटियों के सामने की पिता की हत्या

**गुमला :** जिले के रायडीह थाना क्षेत्रांतर्गत पोगरा गांव के समीप बाइक सवार चार अपराधियों ने मंगलवार की सुबह प्रसाद साहू (36) नामक एक व्यक्ति की उनकी दो बेटियों के सामने ही निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी। मृतक प्रसाद साहू की 9 साल की बेटी ने पुलिस को बताया कि उनके पिता प्रसाद साहू रायडीह में पदस्थापित एक शिक्षिका की कार चलाते थे। वे रोजाना शिक्षिका को स्कूल छोड़ने के लिए रायडीह जाते थे। मैं और मेरी छोटी बहन भी पिता के साथ बाइक से अपने स्कूल उच्चडीह गांव जा रहे थे। रास्ते में पोगरा रिगड़ीटांड़ के समीप एक बाइक पर बैठे चार लोग वहां पहुंचे। उन्होंने मेरे पिता की बाइक को टक्कर मार दी। इससे उनके पिता जमीन पर गिर पड़े। वहां पहले से मौजूद एक अपराधी भी अन्य चारों अपराधियों के साथ मिल कर उसके पिता को मारने लगे। सभी लोग चाकू, भुजाली व हथियार पकड़े हुए थे। हम दोनों बहने डर कर कुछ दुर पीछे हट गईं और मेरे पिता को ना मारने के लिए चिल्लाते व गिड़गिड़ाते रहे, पर अपराधियों ने एक ना सुनी और उसके पिता की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी वहां से भाग निकले। पुलिस ने घटना की प्रत्यक्षदर्शी बहनों से पूरी जानकारी हासिल करने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने परिजनों से हत्या के पूरे मामले को समझने का प्रयास किया। परिजनों ने पुलिस को यह भी बताया कि गांव के एक समुदाय के लोग से आपसी विवाद लंबे समय से चलता आ रहा है। इस विवाद में पूर्व में मारपीट भी हो चुकी है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

### अफीम की खेती करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**पलामू :** पलामू जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में कार्रवाई कर अफीम (पोस्ता) की खेती करने वाले पांच आरोपितों को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें मनातू थाना एवं पांकी थाना क्षेत्र से दो-दो और नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र से एक आरोपित की गिरफ्तारी हुई है। जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के अनुसार अफीम की खेती में लिप्त नौडीहा बाजार थाना कांड संख्या 05/2023 के आरोपित लवलेश यादव को गिरफ्तार किया गया। लवलेश छतरपुर के धोबीडीह का रहने वाला है। इसी तरह पांकी थाना कांड संख्या 12/2025 के आरोपित मुकेश यादव पिता हरदेव यादव एवं निरंजन कुमार यादव उर्फ रंजन यादव उर्फ गोला पिता राजकुमार यादव को गिरफ्तार किया गया है। दोनों केकरगढ के रहने वाले हैं। मनातू थाना कांड संख्या 17/2025 के आरोपी इंदर यादव पिता सुगा यादव एवं कांड संख्या 12/2025 के आरोपी गोविंद यादव पिता फकीरा यादव को गिरफ्तार किया गया है। इंदर तरहसी के ताल, जबकि गोविंद मनातू के बड़की नागद का रहने वाला है। एसपी ने जानकारी दी है कि नशे के अवैध व्यापार के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

### व्यवसायी से 22 लाख रुपये की ठगी

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के आलू-प्याज व्यवसायी प्रदीप गुप्ता से होटल न्यू राजस्थान कलेवालय के मालिक मनोज शर्मा और उसकी पत्नी मधु शर्मा ने 22 लाख रुपये ठग लिए हैं। यह आरोप लगाते हुए प्रदीप गुप्ता ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रदीप गुप्ता ने कहा है कि यह रकम जमीन रजिस्ट्री करने के एवज में ठगी गई है। जब जमीन की रजिस्ट्री के लिए वह मनोज शर्मा और मधु शर्मा के पास पहुंचे, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। शर्मा ने रामगढ़ थाने में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि मनोज शर्मा और उसके बड़े भाई गोपाल शर्मा से उसके घनिष्ठ और पारिवारिक संबंध थे। इसी वजह से वह अक्सर गोपाल शर्मा को आर्थिक सहयोग भी करता था। पारिवारिक बंटवारे के बाद न्यू राजस्थान कालेवालय होटल खोलने, नेहरू रोड में राजस्थान रसोई नमक भोजनालय खोलने और यहां तक की गोला प्रखंड में होटल खोलने के लिए उन्होंने आर्थिक सहयोग किया लेकिन जब रजिस्ट्री की बात आई तो मनोज शर्मा और उसकी पत्नी पूरी तरीके से मुकर गए ।प्रदीप गुप्ता ने बताया कि मनोज शर्मा ने अपनी पत्नी मधु शर्मा के नाम पर छत्तरमांडू मौज में स्थित साढ़े 80 डिसमिल जमीन की बिक्री करने का प्रस्ताव रखा था। 24 लाख 15000 रुपये में तय हुए सौदे को दोस्ती के कारण उन्होंने इकरारनामा में नहीं बदला। बाद में गोपाल शर्मा के कहने पर ही मनोज शर्मा ने बाकायदा एग्रीमेंट तैयार कर उनसे रुपये लिए। 15 अक्टूबर 2022 से लेकर 17 दिसंबर 2023 तक किस्तों में 22 लाख रुपये मनोज शर्मा ने लिए। हर बार रुपये लेने के बाद वह एग्रीमेंट पेपर घर ले जाता और उसपर अपनी पत्नी मधु शर्मा का हस्ताक्षर करवा कर उन्हें दे जाता था। दोस्ती और पारिवारिक संबंध के कारण उन्होंने कभी भी हस्ताक्षर पर संदेह नहीं किया। प्रदीप गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 20 दिसंबर 2023 को उनके मित्र गोपाल शर्मा का निधन हो गया। इसके 6 महीने पश्चात जून 2024 में वे बकाया रकम लेकर जमीन की रजिस्ट्री करने की बात करने लगे तो पूरा माहौल ही बदल गया। मनोज शर्मा ने 15 जनवरी को अपराधियों के साथ मिलकर प्रदीप गुप्ता को घेरा और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान उन लोगों ने उनसे 50000 रुपये भी छीन लिए। दूसरी घटना 15 फरवरी की रात घटी और उस दौरान भी उन्हें धमकी दी गई।

### भूख हड़ताल पर बैठे भाजपा नेता की बिगड़ी तबीयत

**पलामू :** अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर जिले के हरिहरगंज प्रखंड परिसर में भूख हड़ताल कर रहे भाजपा नेता राजीव रंजन की तबीयत मंगलवार को बिगड़ गयी। उन्हें सलाइन चढ़ाना पड़ा। सोमवार को प्रदर्शन के बाद मांगों को लेकर राजीव रंजन आमरण अनशन पर बैठ गए थे। उनकी भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। अनशन के क्रम में भाजपा नेता की तबीयत दूसरे दिन खराब हो गयी है। राजीव रंजन के स्वास्थ्य में गिरावट की सूचना मिलते ही सीओ मनीष कुमार व थाना प्रभारी चंदन कुमार स्थल पर पहुंचे और चिकित्सक को बुलवाया गया। चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार ने राजीव रंजन व जेपी गुप्ता के स्वास्थ्य की जांच उपरांत सलाइन लगाया। मौके पर राजीव रंजन ने कहा कि विवश होकर जन मुद्दों को लेकर आमरण अनशन पर बैठना पड़ा। जब तक समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाएगा, तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा। वह हरिहरगंज शहरी क्षेत्र में नगरीय सुविधा बहाल करने, ब्लॉक कैंपस में डंप हो रहे शहर के कचरे को दूसरे जगह निस्तारण करने, सब स्टेशन में दस एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, राँची,**
दीन दयाल नगर, बूटी रोड, राँची-834008
ई-मेल : eenhranchi-jhr@nic.in / eenhranchi@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना**

Tender Reference No. : NH/RANCHI/2024-25/09 Dated 18.02.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, राँची कार्यालय परिसर में एक नये भवन (इलेक्ट्रिक कार्य, बोरिंग, शौचालय, उपस्कर सहित) का निर्माण कार्य |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रूपये 90,00,000-00 (रूपये नब्बे लाख ) मात्र |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 (नौ) माह |
| 4 | निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 25.02.2025, अपराह्न 5:00 बजे से |
| 5 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.03.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 6 | मौलिक दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 17.03.2025 अपराह्न 2:00 बजे तक |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान | 17.03.2025 को अपराह्न 5:00 बजे मुख्य अभियंता (या०)-सह-नोडल पदाधिकारी, ई-प्रोक्योरमेंट सेल, पथ निर्माण विभाग, प्रथम तल, अभियंत्रण छात्रावास सं०-2, धुर्वा, राँची-834004 (झारखण्ड) |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, राँची। |

टिप्पणी : कार्य की लागत में जी.एस.टी. एवं श्रम उपकर सम्मिलित है।
- निविदा शुल्क एवं अग्रधन राशि का भुगतान संवेदक द्वारा ई-टेंडरिंग पोर्टल पर ऑनलाईन किया जायेगा।
- कार्य की राशि आवश्यकतानुरूप घट-बढ़ सकती है।
- निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने की स्थिति में निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
- बिना कारण बताये निविदा को स्थगित या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।
- अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, राँची
PR 346667 Road(24-25)#D

# प्रकृति का सम्मान करें : पर्यावरण संरक्षण के लिए ईमानदार प्रयास जरूरी

वर्तमान में व्याप्त सभी प्रकार की समस्याओं, संत्रासों, पीड़ाओं और अभावों का मूल कारण प्रकृति के प्रति हमारी खुदगर्जी भरी विकारी मनोवृत्ति है। इस बात को प्रत्यक्ष तौर पर कोई भले स्वीकार न करें, लेकिन सत्य यही है।

पंचतत्वों से निर्मित जीवों का सर्वोपरि धर्म प्रकृति की रक्षा के लिए समर्पण है। लेकिन हम विकास की दौड़ और समृद्धि पाने की आतुरता में प्रकृति के शोषण को इतना अधिक अपना चुके हैं कि कुछ कहा नहीं जा सकता।

मनुष्य की प्रतिस्पर्धी तमोगुणी दुष्प्रवृत्ति के कारण पैदा हो रहे परिवेशीय संकटों से मुक्ति पाने के लिए सतोगुणी वृत्ति को विकसित किया जाना आज की प्राथमिक आवश्यकता है। तभी वन एवं वन्य जीवों को संरक्षित कर सुरक्षित जीवन प्रदान किया सकता है, जिससे हम पर्यावरण को शुद्ध बना सकते हैं।

मानव की रजो एवं तमो गुणी मानसिकता तथा आर्थिक वृत्ति के कारण वह वन्य एवं वनों को नष्ट करने में परहेज नहीं करता, इसलिए हमें अपने आपको सत्त्व गुणी बनाने की जरूरत है, ताकि हम पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में ईमानदारी से कार्य कर सकें। वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी चुनौती के रूप में हमारे सामने विद्यमान है। हम सभी इंसानों को वैयक्तिक सोच के साथ प्रकृति और परिवेशीय तमाम कारकों के प्रति संवेदनशील कर्त्तव्य भावना का ख्याल रखते हुए सामूहिक सोच के साथ इस दिशा में आगे आना होगा।

पर्यावरण के दूषित होने से मनुष्य का जीवन खतरे में पड़ता जा रहा है। इस बारे में अभी गंभीरता से नहीं सोचा गया तो आने वाला समय अत्यन्त और अपरिहार्य भयावह परिस्थितियों से साक्षात कराने वाला हो सकता है। इसके संकेत कुछ वर्ष से दिखाई देने लगे हैं।

प्राचीन समय में पेयजल एवं वन संरक्षण के लिए प्रकृति को ही परमेश्वर मानकर पूजा की जाती थी तथा उनके रखरखाव के लिए लोग स्वयंस्फूर्त भावना से आगे आकर सहभागिता निभाते हुए प्रसन्नता एवं आत्मतोष का अनुभव करते थे। इसी का परिणाम है कि आज तक हम शुद्ध पर्यावरण का सुकून लेते आ रहे हैं। लेकिन यह स्थिति लम्बे समय तक चलने वाली नहीं रहने वाली। प्रकृति पूजा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी आस्थावादी पुरातन सोच को फिर से जागृत कर सुनहरा आकार देने की आवश्यकता है। तभी हम इस विषय पर सार्थक परिणाम अर्जित कर सकेंगे।

आज स्वार्थ के वशीभूत होकर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन निर्मम एवं असीम शोषण के स्तर तक पहुंच चुका है। इस स्थिति में वन सम्पदा एवं वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति आम जनमानस को जागृत करने की जरूरत है। धरती पर इंसान यदि जिन्दा रहा चाहता है तो उसे पर्यावरण के प्रति चिन्तन करते हुए अपने फर्ज निभाने ही होंगे, अन्यथा जब कभी प्रकृति कुपित होकर रौद्र रूप दिखाने अपनी औकात पर आ जाएगी तो उससे होने वाले विनाश को कोई रोक नहीं पाएगा। समय आ गया है कि पर्यावरण संरक्षण एवं वन संवर्धन के चिन्तन को हमारी प्राथमिकता में सबसे ऊपर रखें और इस क्षेत्र में पूरी शक्ति एवं सामर्थ्य से जुटते हुए परिवर्तन लाएं।

आज मशीनीकरण के कारण पर्यावरण इतना दूषित होता जा रहा है कि इसका दुष्परिणाम आने वाली पीढ़ी को भोगना ही पडेगा। ऐसे में अधिक से अधिक पौधारोपण, पूर्व से स्थापित वृक्षों एवं वनों का संरक्षण तथा बहुआयामी प्रदूषण को रोकने के उपायों में अभी से जुटना होगा। वर्तमान युग की हम इंसानों से यही अपेक्षा है। धरती माता पर जो जीव जन्तु एवं वृक्ष पैदा हुए हैं, उन सभी को मानव जाति से ही अपेक्षा है कि वह उनकी रक्षा करे और उनके जीवन निर्वाह में किसी भी प्रकार की बाधाएं न आने पाएं। जन, जंगल एवं वन्य जीव एक दूसरे के पूरक हैं, इसलिए इन्हें बचाए रखना प्रत्येक मानव का दायित्व है।

वृक्ष हमारे मित्र हैं एवं ये कमाऊ पूत की तरह ही रक्षण करते हैं। इसलिए इन्हें अपने पुत्र की तरह पालन-पोषण करना चाहिए। जल, वन एवं वन्य जीव मानव विकास के मूल तत्त्व हैं। इन्हें संरक्षित करना हमारा परम धर्म है।

## सूडोकु नवताल- 7346

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7345 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# सामाजिक न्याय की पिच पर नई सोशल इंजीनियरिंग अपेक्षित

ललित गर्ग



विश्व सामाजिक न्याय दिवस सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की आवश्यकता को पहचानने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है, जिसमें गरीबी, लैंगिक असमानता, महंगाई, महिला अत्याचार, बेरोजगारी, मानवाधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों से निपटने के प्रयास शामिल हैं। यह दिवस प्रतिवर्ष 20 फरवरी को मनाया जाता है और यह आयोजन हर साल हमें अधिक निष्पक्ष, अधिक न्यायसंगत, अधिक समान, अधिक मानवीय समाज बनाने की आवश्यकता की याद दिलाना। इसका उद्देश्य हमें यह पहचानने में मदद करना है कि मनुष्य के रूप में हमने जितनी भी प्रगति की है, उसके बावजूद कई बाधाएं अधिसंख्य लोगों को एक निष्पक्ष एवं समानतापूर्ण जीवन जीने से रोकती हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है ह्यसमावेश को सशक्त बनानाः सामाजिक न्याय के लिए अंतराल को पाटनाह्न। थीम प्रणालीगत असमानता को दूर करने में समावेशी नीतियों, निरंतर सीखने और सामाजिक सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है। इसे पहली बार साल 2009 में मनाया गया था। दुनिया में बढ़ती समस्याओं को देखते हुए आज सामाजिक न्याय की जितनी जरूरत है उतनी पहले शायद पहले नहीं थी। दुनिया में राजनैतिक विभाजन पहले से अधिक हो रहा है एवं समुदायों में असुरक्षा ज्यादा बढ़ती दिख रही है। हम सब मिलकर जाति-धर्म, गरीबी- अमीरी, वंश-वर्ग आदि सारे भेदभाव को भुलाकर एक स्वस्थ एवं आदर्श समाज की स्थापना करें और मानव अधिकारों का सम्मान करें, यही इस दिवस का मूल उद्देश्य है। सामाजिक न्याय की पिच पर ही नई सोशल इंजीनियरिंग तैयार हो सकती है।

यह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो आज अधिक प्रासंगिक है। इस संदर्भ में निष्पक्षता का अर्थ है शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवा, न्याय और अन्य के समान मानकों तक समान पहुंच। सभी की इन चीजों के समान मानकों तक समान पहुंच होनी चाहिए, चाहे उनकी जाति, धर्म, लैंगिकता, लिंग या वर्ग कुछ भी हो। विश्व सामाजिक न्याय का मतलब है, ऐसा समाज बनाना जहां सभी लोगों को समान अधिकार, अवसर और व्यवहार मिलें। सामाजिक न्याय के जरिए समाज की आर्थिक और सामाजिक विषमताओं को कम करने की कोशिश की जाती है और सभी नागरिकों को सामाजिक समानता देने के प्रयास किये जाते हैं। समाज की सामान्य भलाई के लिए दूसरों की देखभाल एवं सहायता करने की जिम्मेदारी और सभी को अपनी जिंदगी में सुधार करने के लिए समान अवसर मिले, इसके लिये यह दिवस एक आह्वान है। सामाजिक न्याय की आकांक्षा, यह सुनिश्चित करती है कि हर कामकाजी पुरुष और महिला को अपने योगदान के मुताबिक उचित हिस्सा मिले, जो सामाजिक न्याय, सामाजिक एकजुटता, आर्थिक विकास, और मानव प्रगति के लिए जरूरी है।

विश्व सामाजिक न्याय दिवस को सफल बनाने के लिए कई देश एक साथ मिलकर बेरोजगारी, गरीबी, जाति भेदभाव, लिंग और धर्म के नाम पर बंटे लोगों को एकजुट करने की कोशिश करते हैं। भारत में भी सदियों से लोगों को समान अधिकार देने का विधान रहा है। इसके लिए भारतीय संविधान में सामाजिक असमानता को खत्म करने के लिए कई प्रावधान हैं। समाज में यह जागरूकता फैलाने की जरूरत है कि सभी एक हैं और किसी में भी कोई भेदभाव नहीं देखना चाहिए। भारत सरकार भी कई योजनाएं चला रही हैं। एक विचार के रूप में सामाजिक न्याय की बुनियाद सभी मनुष्यों को समान मानने के आग्रह पर आधारित है। इसके मुताबिक किसी के साथ सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पूर्वाग्रहों के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। हर किसी के पास इतने न्यूनतम संसाधन होने चाहिए कि वे ह्यउत्तम जीवनह्न की अपनी संकल्पना को धरती पर उतार पाएँ। विकसित हों या विकासशील, दोनों ही तरह के देशों में राजनीतिक सिद्धांत के दायरे में सामाजिक न्याय की इस अवधारणा और उससे जुड़ी अभिव्यक्तियों का प्रमुखता से प्रयोग किया जाता है। भारत जैसे देश में सामाजिक न्याय का नारा वंचित समूहों की राजनीतिक गोलबंदी का एक प्रमुख आधार रहा है। उदारतावादी मानकीय राजनीतिक सिद्धांत में उदारतावादी-समतावाद से आगे बढ़ते हुए सामाजिक न्याय के सिद्धांतीकरण में कई आयाम जुड़ते गये हैं। मसलन, अल्पसंख्यक अधिकार, बहुसंस्कृतिवाद, मूल निवासियों के अधिकार आदि। इसी तरह, नारीवाद के दायरे में स्त्रियों के अधिकारों को लेकर भी विभिन्न स्तरों पर सिद्धांतीकरण हुआ है और स्त्री-सशक्तीकरण के मुद्दों को उनके सामाजिक न्याय से जोड़ कर देखा जाने लगा है।

अनेक असमानताओं, आग्रहों, समस्याओं के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में सामाजिक न्याय के उल्लेखनीय उपक्रम किये हैं, नयी-नयी योजनाओं को लागू किया है। मोदी सरकार का सामाजिक न्याय का तरीका समाज में विभेद करने का नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ने का है। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय को समाज के वंचित एवं हाशिए पर पड़े वर्गों जैसे अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, विकलांग व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग के शिकार लोगों आदि के कल्याण, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण का दायित्व सौंपा गया है। मोदी ने कहा भी है कि सामाजिक न्याय, तुष्टिकरण से नहीं, संतुष्टिकरण से आता है। सरकार के द्वारा कई योजनाएं के अंतर्गत लोगों को समान अधिकार देने की कोशिश की जा रही है। साथ ही समाज में व्याप्त असमानता, भेदभाव, ऊंचनीच को जड़ से समाप्त करते हुए इससे समस्त समाज का एकसाथ विकास का प्रयास हो रहा है।

हम जिस लोकतंत्र में जी रहे हैं वह लोक-समानता का लोकतंत्र है या लोक-विभेद का? हम जो स्वतंत्रता भोग रहे हैं वह समानता की स्वतंत्रता है या अराजक एवं असमानता की? हमने आचरण की पवित्रता एवं पारदर्शिता की बजाय कदाचरण एवं अनैतिकता की कालिमा का लोकतंत्र बना रखा है। ऐसा लगता है कि धनतंत्र एवं सत्तातंत्र ने जनतंत्र को बंदी बना रखा है। हमारी न्याय-व्यवस्था कितनी भी निष्पक्ष, भव्य और प्रभावी हो, फ्रांसिस बेकन ने ठीक कहा था कि यह ऐसी न्याय-व्यवस्था है जिसमें एक व्यक्ति की यंत्रणा के लिये दस अपराधी दोषमुक्त और रिहा हो सकते हैं। रोमन दार्शनिक सिसरो ने कहा था कि ह्यमनुष्य का कल्याण ही सबसे बड़ा कानून हैह्न लेकिन हमारे देश के कानून एवं शासन व्यवस्था को देखते हुए ऐसा प्रतीत नहीं होता, आम आदमी सजा का जीवन जीने को विवश है। सामाजिक न्याय के लिए सामाजिक एकता भंग नहीं की जा सकती। नहीं तो फिर रह क्या जाएगा हमारे पास। टमाटर, प्याज के आसमान छूते भाव- प्रतिदिन कोई न कोई कारण महंगाई को बढ़ाकर हम सबको और धक्का लगा जाता है और कोई न कोई टैक्स, अधिभार हमारी आय को और संकुचित कर जाता है। जानलेवा प्रदूषण ने लोगों की सांसों को बाधित कर दिया, लेकिन हम किसी सम्यक समाधान की बजाय नये नियम एवं कानून थोप कर जीवन को अधिक जटिल बना रहे हैं। सामाजिक न्याय व्यवस्था तभी सार्थक है जब आम जनता निष्कंटक एवं समस्यामुक्त समानता का जीवन जी सके।

सरकारों के पास शक्ति के कई स्रोत है, लेकिन इस शक्ति से कितनों का कल्याण हो रहा है? कैसा विचित्र लोकतंत्र है जिसमें नेता एवं नौकरशाहों का एक संयुक्त संस्करण केवल इस बात के लिये बना है कि न्याय की मांग का जबाव कितने अन्यायपूर्ण तरीके से दिया जा सके। महंगाई के विरोध का जबाव महंगाई बढ़ा कर दो, रोजगार की मांग का जबाव नयी नौकरियों की बजाय नौकरियों में छंटनी करके दो, कानून व्यवस्था की मांग का जबाव विरोध को कुचल कर आंसू गैस, जल-तोप और लाटी-गोली से दो।

# छत्रपति शिवाजी महाराज : क्यों कहे जाते हैं सच्चे हिंदू राजा

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

तथाकथित धर्मनिरपेक्ष इतिहासकारों ने अक्सर हिंदू नायकों को हीन और इस्लामी आक्रमणकारियों को महान व्यक्तित्व के रूप में चित्रित करने का प्रयास किया है। यह भी कि 1947 से 1975 तक अधिकांश मानव संसाधन विकास मंत्री मुस्लिम थे, जिन्होंने भारतीय पाठ्य-पुस्तक इतिहास की देखरेख की। ये इतिहासकार शिवराय को एक धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति के रूप में चित्रित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्होंने हिंदू कारणों के बजाय सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई लड़ी। ये नकली इतिहासकार उनकी सेना में बड़ी संख्या में मुसलमानों के बारे में झूठी मिथक बनाने के लिए भी जिम्मेदार हैं। आइए तथ्यों पर नजर डालें, जो स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि उन्होंने सनातन धर्म की महिमा को बहाल करने और हिंदू कारणों के लिए हिंदुओं को एकजुट करने के लिए संघर्ष किया। एक हिंदू होने के नाते, उन्होंने हिंदुओं और उनकी महान विरासत के खिलाफ अन्याय का विरोध और लड़ाई करते हुए कभी भी किसी धर्म का तिरस्कार नहीं किया।

### छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में स्वामी विवेकानंद के विचार

पिछली तीन शताब्दियों में भारत ने जो सबसे महान राजा पैदा किया, वह शिव का ही अवतार था, जिसके बारे में उसके जन्म से बहुत पहले ही भविष्यवाणियाँ की जा चुकी थीं। महाराष्ट्र के सभी महान आत्माएँ और संत उत्सुकता से उनके आगमन की प्रतीक्षा कर रहे थे, क्योंकि वह हिंदुओं को म्लेच्छों से बचाएगा और धर्म की स्थापना करेगा, जिसे मुगलों की विनाशकारी भीड़ ने नष्ट कर दिया था। क्या शिवराय से बड़ा कोई नायक, संत, भक्त या राजा है? शिवराय मानव जाति के जन्मजात राजा का प्रतीक थे, जैसा कि हमारे प्राचीन महाकाव्यों में दशार्या गया है। उन्होंने भारत के सच्चे पुत्र का उदाहरण दिया, जो राष्ट्र की चेतना का प्रतीक थे। यह वह थे जिसने दिखाया कि भारत का वर्तमान या भविष्य में क्या होगा, एक ही छत्र के नीचे अलग-अलग इकाइयों का संग्रह, यानी एक सर्वोच्च शाही आधिपत्य।

### शिवाजी महाराज सच्चे हिंदू योद्धा थे, झूठे धर्मनिरपेक्षतावादी नहीं

असाधारण प्रतिभा और स्पष्ट दृष्टि रखने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। उनके पास एक प्रेरक और आकर्षक व्यक्तित्व भी था जिसने उनके समर्पित सैनिकों और किसानों से सम्मान, वफादारी और महानतम बलिदान प्राप्त किया। अपने हिंदवी स्वराज्य को बनाने के लिए अपनी माँ और महाराष्ट्र के संतों द्वारा उनमें डाले गए सर्वोच्च आदर्शों से प्रेरित एक साहसी मिशन, उन्हें हिंदुओं की सोई हुई अंतरात्मा को जगाना था और यह प्रदर्शित करना था कि मुगल सत्ता को सफलतापूर्वक चुनौती देना, विदेशी प्रभुत्व को खत्म करना और मुस्लिम शासन से स्वतंत्रता प्राप्त करना संभव था।

### हिंदू मंदिरों का पुनर्विकास और हिंदू एकता की मजबूती

हिंदुओं के स्वाभिमान और संस्कृति को छत्रपति शिवाजी महाराज ने बनाए रखा था। जब विदेशी आक्रमणकारी हमारी भूमि पर आए, तो उन्होंने मठों और मंदिरों को ध्वस्त करके हिंदू समुदाय को नष्ट करने का प्रयास किया। इस तरह के विनाश के उदाहरणों में बाबर द्वारा अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर को ध्वस्त करके मस्जिद बनाना और औरंगजेब द्वारा काशी विश्वनाथ और मथुरा मंदिरों को ध्वस्त करना शामिल है। इन मंदिरों के स्थान पर मुस्लिम आक्रमणकारियों ने जो निर्माण किए, वे हमारे लिए बेहद अपमानजनक हैं। प्रसिद्ध इतिहासकार श्री अर्नोल्ड टॉयनबी ने 1960 में दिल्ली में एक व्याख्यान में कहा, आपने अपने देश में औरंगजेब द्वारा बनाई गई मस्जिदों को संरक्षित किया है, हालांकि उनका इतिहास बहुत अपमानजनक था। जब रूस ने उन्नीसवीं सदी की शुरूआत में पोलैंड पर कब्जा कर लिया, तो उन्होंने अपनी जीत की याद में वारसॉ के केंद्र में एक रूसी रूढ़िवादी चर्च बनाया। जब पोलैंड को प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान स्वतंत्रता मिली, तो सबसे पहले उसने रूस द्वारा बनाए गए चर्चों को ध्वस्त कर दिया और रूसी प्रभुत्व की याद दिलाने वाले अवशेषों को खत्म कर दिया। क्योंकि चर्च ने पोलिश लोगों के रूसी हाथों उनके अपमान की निरंतर याद दिलाई। इसी कारण से भारत में राष्ट्रवादी संगठनों ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन चलाया।

वास्तव में छत्रपति शिवाजी महाराज ने यह कार्य पहले ही शुरू कर दिया था। गोवा में सप्तकोटेश्वर, आंध्र प्रदेश में श्रीशैलम और तमिलनाडु में समुद्रतिरपेरुमल के मंदिरों का जीर्णोद्धार महाराजा ने ही करवाया था। यदि आप हमारे मंदिरों को तोड़ते हैं और हमारी संस्कृति का अपमान करते हैं और हमारे स्वाभिमान को ठेस पहुँचाते हैं, तो हम हठपूर्वक उनका पुनर्निर्माण करेंगे -यह संदेश छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने कार्यों के माध्यम से मुस्लिम आक्रमणकारियों को दिया था।

1678 के एक पत्र में, जेसुइट पुजारी आंद्रे फेयर ने बीआईएसएम, पुणे (1928, पृष्ठ 113) द्वारा जारी ऐतिहासिक मिश्रण में कहा है कि किसी भी देश से धर्म और संस्कृति को नहीं छीना जा सकता। आत्मसम्मान कभी नहीं छीना जा सकता। छत्रपति शिवाजी महाराज ने हमें सिखाया, यदि विदेशी हमलावर हमारे आत्मसम्मान पर हमला करते हैं, तो हमें दासता के निशान मिटाकर और अपनी गरिमा को बहाल करके उचित जवाब देना चाहिए। कई हिंदू योद्धाओं ने दबाव में या अपने मुस्लिम आकाओं (सुल्तानों) को खुश करने के लिए इस्लाम धर्म अपना लिया था। शिवाजी ने उनमें से कई को सनातन धर्म में वापस आने के लिए प्रोत्साहित किया और उनकी मदद की। उनके बड़े बेटे और महान योद्धा शंभू राजे ने एक पत्र में अपने पिता को म्लेच्छक्षयदीक्षित कहा है जिसका अर्थ है वह जिसने मुस्लिम आक्रमणकारियों को नष्ट करने की शपथ ली है। जब पुर्तगाली उन्हें लिखते थे, तो वे पत्र की शुरूआत इन शब्दों से करते थेः 'हिंदू सेना के जनरल को'। क्या इसे किसी स्पष्टीकरण की आवश्यकता है?

छत्रपति शिवाजी महाराज ने भारत में सांस्कृतिक और राजनीतिक हिंदू शक्ति को पुनर्जीवित किया। उन्होंने भाषा के शुद्धिकरण और सभी फारसी और उर्दू शब्दों को हटाने के लिए पंडितराव नामक एक विशेष पद और व्यक्ति की नियुक्ति की। छत्रपति संभाजी महाराज ने संत तुकाराम महाराज की पालकी के लिए एक समर्पित सेना तैनात करने की प्रथा शुरू की जो आज भी जारी है। छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज दोनों ने हिंदू मंदिरों, संतों और उद्देश्यों को अनुदान देने की प्रथा को बनाए रखा और जारी रखा।

शिव छत्रपति : चिटनिस और शिवदिग्विजय के अंशों के साथ सभासद बखर का अनुवाद, इस्लामी आक्रमणकारियों और उन लोगों के बारे में उनके विचार जिनके कार्य हिंदू मूल्यों और मानवता के विपरीत थे।

इस्लामी आक्रमणकारियों की रोटी पर जीना और गोहत्या देखना अच्छा नहीं है। मृत्यु कहीं अधिक वांछनीय है। मैं अब धर्म पर कोई अपमान या इस्लामी आक्रमणकारियों के किसी अन्याय को बर्दाश्त नहीं करूंगा। यदि मेरे पिता मुझे इस कारण से त्याग देते हैं, तो मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी, लेकिन ऐसी जगह पर रहना अच्छा नहीं है। (पृष्ठ 157)

पिता पुत्र के लिए देवता के समान पवित्र होता है। उसकी आज्ञा का आदरपूर्वक पालन करना चाहिए। लेकिन धर्म का नाश हो चुका है और हर बात में म्लेच्छ ही सर्वोच्च हैं। मुझे उन्हें उखाड़कर अपने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण और अपना सर्वस्व दांव पर लगाना चाहिए। फिर मैं वह कैसे कर सकता हूँ जो मेरे पिता ने मुझे अपने पत्र में करने को कहा है। मैंने यह रास्ता इसलिए अपनाया है क्योंकि मुझे यह अधिक श्रेयस्कर लगा। (पृ.171-172)

दिल्ली के साम्राज्य और उत्तर के राज्य पर विजय प्राप्त करने के लिए मेरा जीवन पर्याप्त नहीं था। भविष्य में, मैंने जो राज्य स्थापित किया है, उसे और अधिक सुदृढ़ और विस्तारित किया जाना चाहिए, तथा उसमें मैंने अब तक जो वीरता दिखाई है, उससे भी अधिक वीरता दिखाई जानी चाहिए और आपको (मेरे बहादुर अधिकारियों को) पदोन्नत किया जाना चाहिए। (पृ.248)

# डॉक्टर बनने के लिए क्यों देश छोड़ रहे भारतीय छात्र?

डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत छोड़ने वाले मेडिकल छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है, हर साल 30, 000 से अधिक छात्र विदेश जाते हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के आंकड़ों के अनुसार, केवल 16 प्रतिशत विदेशी मेडिकल स्नातक फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन स्क्रीनिंग परीक्षा पास करते हैं। नीट प्रतियोगिता, उच्च ट्यूशन और घरेलू सीटों की कमी के कारण, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली त्रस्त है, जिसके कारण विदेशी शिक्षा पर निर्भरता बढ़ रही है। कम ट्यूशन लागत, सुव्यवस्थित प्रवेश प्रक्रिया और मान्यता प्राप्त डिग्री के साथ, कई देश यात्रा के लिए पसंदीदा गंतव्य हैं। इन तथ्यों के कारण, छात्रों की बढ़ती संख्या भारत के बाहर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करके अंतर को पाट रही है, जिससे यह गारंटी मिलती है कि वे अभी भी डॉक्टर बनने की अपनी आकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं। आसान आवेदन और प्रवेश प्रक्रिया के कारण भारतीय छात्र अंतरराष्ट्रीय मेडिकल कोर्स को प्राथमिकता देते हैं। छात्र अंग्रेजी या कोई विदेशी भाषा पढ़ सकते हैं। हर साल ट्यूशन पर लगभग 200000 से 300000 रुपये खर्च होते हैं। कोई कैपिटेशन शुल्क की आवश्यकता नहीं है। कई अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारतीय चिकित्सा परिषद से मान्यता मिली हुई है। अच्छी शैक्षिक गुणवत्ता के साथ इनकी डिग्री अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार मान्यता प्राप्त है। घरेलू सीटों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण भारतीय मेडिकल छात्र तेजी से देश छोड़ रहे हैं। भारत में छात्र भयंकर प्रतिस्पर्धा के कारण विदेशों में विकल्प तलाशते हैं, अक्सर उन देशों में जहाँ चिकित्सा नियम ढीले होते हैं।

चूँकि भारत में हर 22 आवेदकों के लिए केवल एक मेडिकल सीट है, इसलिए 20,000 से अधिक छात्र हर साल चीन, रूस और यूक्रेन जैसे देशों में विदेश में अध्ययन करने के लिए मजबूर हैं। लेकिन कई अंतरराष्ट्रीय मेडिकल स्कूलों में पाठ्यक्रम की असमान गुणवत्ता से छात्रों की रोजगार क्षमता और योग्यता प्रभावित होती है। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तक विदेशी स्नातकों की पहुँच में देरी होती है क्योंकि उन्हें फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन पास करना होता है और इंटर्नशिप पूरी करनी होती है। बीते साल फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन लेने वाले 32,000 भारतीय छात्रों में से केवल 4,000 ही योग्य थे। इन छात्रों और परिवारों के लिए, उच्च ट्यूशन लागत, अस्थिर अर्थव्यवस्थाएँ और कुछ देशों में सुरक्षा सम्बंधी खतरे के अतिरिक्त जोखिम हैं। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के कारण 24,000 से अधिक भारतीय मेडिकल छात्रों को विस्थापित होना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय नुकसान और अनिश्चित शैक्षणिक भविष्य हुआ। भारत में डॉक्टरों की कमी बदतर होती जा रही है क्योंकि अधिक विदेशी प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवर वहाँ बेहतर अवसरों के कारण विदेशों में अभ्यास करना पसंद करते हैं। चिकित्सा शिक्षा की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पहला परिवर्तन चिकित्सा सीटों की संख्या का विस्तार करना है। 2025 में 10,000 और मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी, भारत में 75,000 अतिरिक्त सीटों का पांच साल का लक्ष्य है। वंचित क्षेत्रों में शिक्षा तक पहुँच बढ़ाने के लिए किफायती मेडिकल कॉलेज स्थापित करने होंगे। नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने और टियर-2 और टियर-3 शहरों में एम्स के विस्तार से चिकित्सा शिक्षा तक पहुँच बढ़ी है।


उच्च गुणवत्ता वाले निर्देश और उचित लागत को बनाए रखते हुए निजी निवेश को प्रोत्साहित करना होगा। कैरिबियन और मणिपाल कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज (नेपाल) जैसे संस्थान प्रदर्शित करते हैं कि भारतीय संस्थान पब्लिक, प्राइवेट, पार्टनरशिप मॉडल के तहत घरेलू स्तर पर विकसित हो सकते हैं। अधिक खुली प्रवेश प्रक्रियाओं और कई प्रवेश मार्गों को लागू करके नीट पर निर्भरता कम करना जरूरी है। चयन मानदंडों को व्यापक बनाने के प्रयास में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा ब्रिज कोर्स और वैकल्पिक प्रवेश प्रणाली का सुझाव दिया गया है। भारतीय छात्रों की सेवा के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों द्वारा अंतरराष्ट्रीय परिसरों को बढ़ावा देना होगा। आईआईटी और मणिपाल समूह के अंतरराष्ट्रीय विस्तार से एक ऐसा मॉडल सुझाया गया है, जिसमें भारतीय मेडिकल स्कूल भारतीय नियमों के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करते हैं।

चिकित्सा शिक्षा और इंटर्नशिप को मजबूत करने के लिए, हमें ऐसे सुधारों को लागू करना चाहिए जो उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा के प्रावधान की गारंटी देते हैं। भारतीय चिकित्सा शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप लाना और ग्रामीण क्षेत्रों में अनिवार्य इंटर्नशिप की आवश्यकता है। रोगी देखभाल और व्यावहारिक कौशल पर जोर देने के लिए, 2019 में योग्यता-आधारित चिकित्सा शिक्षा (सीबीएमई) पाठ्यक्रम लागू किया गया था। अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, नैदानिक अनुभव और चिकित्सा संकाय प्रशिक्षण में पैसा लगाना जरूरी है। एम्स और एनएमसी सुधारों द्वारा मेडिकल कॉलेजों के लिए आधुनिक सिमुलेशन लैब और ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म की आवश्यकता है। एकरूपता की गारंटी के लिए सरकारी और निजी मेडिकल स्कूलों का नियमित मूल्यांकन जरूरी है।

एनएमसी द्वारा प्रशासित नेशनल एग्जिट टेस्ट (एनईएक्सटी), भारत और विदेश दोनों से मेडिकल स्नातकों के लिए लाइसेंसिंग परीक्षाओं को मानकीकृत करने का प्रयास करता है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बेहतर कामकाजी परिस्थितियाँ, प्रोत्साहन और अधिक वेतन प्रदान करना आवश्यक है।

## दैनिक पंचांग

19 फरवरी 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | कुंभ | 06.09 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मीन | 07.46 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मेष | 09.16 बजे से |
| बुध | कुंभ में | वृष | 10.56 बजे से |
| गुरु | वृष में | मिथुन | 12.54 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कर्क | 15.08 बजे से |
| शनि | कुंभ में | सिंह | 17.24 बजे से |
| राहु | मीन में | कन्या | 19.36 बजे से |
| केतु | कन्या में | तुला | 21.46 बजे से |
| राहुकाल | | वृश्चिक | 00.01 ब.से |
| 12.00 से 1.30 | | धनु | 02.17 बजे से |
| बजे तक | | मकर | 04.22 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 50 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** षष्ठी 07.33 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती 10.40 बजे को समाप्त।
**योग** वृद्धि 10.48 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 07.33 बजे तदनन्तर विष्टि 20.48 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 20.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 11° 16'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872260
**जूलियन दिन** 2460725.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446 **महीना** शाबान
**तारीख** 20 **विशेष** छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज :** शहर के एसडीओ कोठी के पास सोमवार की देर रात्रि मोटरसाइकिल में दो मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया है। वहीं ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अलीमुद्दीन ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घायल कबूतरखोपी के रहने वाले दिनेश यादव का पुत्र गोलू कुमार यादव 15 वर्षीय व रामप्रवेश यादव का पुत्र सिकंदर यादव 22 वर्षीय है। मिली जानकारी के अनुसार एसडीओ कोठी के पास उतरने के दौरान मोटरसाइकिल असंतुलित होकर पलट गया।

### विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी में पकड़ी गयी बिजली चोरी

**साहिबगंज/राजमहल :** राजमहल थाना क्षेत्र और तालझारी थाना क्षेत्र में मंगलवार को बिजली विभाग के एसडीओ पुनर कुमार झांसी के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें राजमहल थाना क्षेत्र के बुधवारिया, सरकंडा और महाराजपुर, मसकलैया के विभिन्न गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। एसडीओ पुनर कुमार झांसी ने जानकारी देते हुए बताया की छापेमारी के दौरान 6 उपभोक्ताओं को चोरी छिपे अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पकड़े जाने के मामले में राजमहल थाना में दो व्यक्ति एवं तालझारी थाना में चार व्यक्तियों के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की जा रही है। विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चलायें जा रहा है। मौके पर शौरभ, दिलीप झा अन्य विद्युत कर्मी मौजूद थे।

### गोइलकेरा के पास बस पलटी, 12 से अधिक यात्री घायल

**चक्रधरपुर :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कदमडीहा के पास राहुल नामक एक बस पलट गई। दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन में सभी घायलों को सरकारी अस्पताल नहीं ले जाकर स्थानीय स्तर पर ग्रामीण चिकित्सकों के पास ले जाकर इलाज कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार, बस सोनुवा के देवांबीर से गोइलकेरा होते हुए चक्रधरपुर जा रही थी।

### साहिबगंज की अंडर-23 क्रिकेट टीम रांची रवाना



**साहिबगंज:** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-23 टूर्नामेंट 20 फरवरी से 1 मार्च के लिए साहिबगंज जिला की 15 सदस्यीय टीम मंगलवार को रांची रवाना हो गई। जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने बताया कि साहिबगंज की टीम का बोकारो, गिरिडीह, देवघर, लातेहार, चतरा के साथ मैच होगा। वहीं रांची में आखरी मैच एक मार्च को साहिबगंज का मुकाबला देवघर की टीम के साथ होगा। चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा व जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामना देकर वनांचल एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, सुरेश साह, आफताब आलम, सतीश सिन्हा, मो अशफाक आलम, अमित तिवारी, राकेश गुप्ता, प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा, राकेश रोशन, सागर सुमन, सानू, सहित अन्य मौजूद थे।

# झामुमो प्रखंड कमेटी का हुआ सम्मान समारोह



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** झामुमो का प्रखंड कमिटी गठन किए जाने पर आलम पेट्रोल पंप के निकट ऑक्सिफोर्ड प्राइवेट विद्यालय परिसर में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजमहल विधायक प्रतिनिधि मो मारुफ उर्फ गुड्डू शामिल हुए। पार्टी के कार्यकर्ता सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करेंगे पार्टी कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि को गुलदस्तां एवं फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। वहीं नव निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष अब्यूब अली उर्फ बबुआ को फूल माला पहना कर सम्मान किया। जानकारी के अनुसार झामुमो का नए सरकार गठन के बाद नए सिरे से प्रखंड कमिटी का विस्तार कर दिया है झामुमो जिला संयोजक मंडली प्रमुख पंकज मिश्रा ने प्रखंड कमिटी का विस्तार किया है। इस दौरान उधवा के वरिष्ठ झामुमो नेता अयुब अली उर्फ बबुआ को उधवा प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि झामुमो वरिष्ठ कार्यकर्ता सह मुखिया भैया किस्कू को उपाध्यक्ष की पद, विश्वजीत मंडल को सचिव तथा मो अब्दुल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव थे कोषाध्यक्ष को पद दिए जाने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सभी को माला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष अयूब अली उर्फ बबुआ ने सांसद,विधायक तथा पार्टी के वरीय अधिकारी का आभार प्रकट किया। कहा कि जिस पद की जिम्मेदारी दी गई है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करूंगा एवं पार्टी हित में ऊर्जा के साथ काम करूंगा। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष एहतेशाम गणी उर्फ चांद, अली हसन, मंजूर आलम, काजू मल्लिक, नसीम अख्तर, शाहजहांन अली, मेहबूब शेख, मो आशिक, इरफान अली, यासीन शेख, मो जहांगीर, सलाम शेख, सबीना यास्मीन, शिव पति मंडल सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं मौजूद थे।

## देर रात विधि व्यवस्था का निरीक्षण करने निकले एसपी, चलाया चेकिंग अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** शहर में सोमवार की देर रात एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। एसएसपी किशोर कौशल ने सीएसआर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिये अभियान की निगरानी की। इसके बाद शहर के विभिन्न चेकपोस्टों पर पहुंचकर उन्होंने वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान एसएसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान सिटी एसपी कुमार शिवाशीष भी मौजूद रहे।

**पूर्व निर्धारित योजना के तहत चलाया गया अभियान : एसपी**

एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान पूर्व निर्धारित योजना के तहत चलाया जा रहा है। बताया कि यह अभियान शहर के सभी 17 थानों में एक साथ संचालित किये जा रहे हैं। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता के साथ जांच अभियान चला रहे हैं। किशोर कौशल ने बताया कि अभियान के तहत उन कारों और बाइकों की विशेष रूप से जांच की जा रही है, जो संदिग्ध प्रतीत होती है। साथ ही, हर गुजरने वाले वाहनों के नंबर भी दर्ज किये जा रहे हैं। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि शहर में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

## अशोक दास ने मृतक कमल किशोर के परिवार से मिलकर किया संवेदना व्यक्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** मानवीय संवेदना के तहत पूर्व जिला परिषद सदस्य सह बरहरवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास ने मंगलवार को मृतक कमल किशोर सिंह के पत्नी सरस्वती देवी से उनके पिपरा गणेशपुर गांव स्थित आवास में भेंट मुलाकात कर शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट किया। परिवार से मुलाकात के दौरान उन्होंने सरस्वती देवी को कपड़ा, कंबल, चावल एवं रोजमर्रा के कुछ जरूरी सामान देकर सहायता किया। साथ ही उन्होंने बताया कि मृतक के मृत्यु प्रमाण पत्र बन जाने के बाद उसे सरकार के तरफ से जो भी लाभ दिए जाने का प्रावधान है वह लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही सरस्वती देवी को पेंशन एवं आवास दिलाने की भी उन्होंने आश्वासन दिया। मालूम हो कि मृतक कमल किशोर सिंह का 1 फरवरी को हैदराबाद के सिकंदराबाद में मजदूरी करने के दौरान अचानक मृत्यु हो गई थी।मृतक कमल किशोर सिंह सिकंदराबाद के कॉन्ट्रैक्ट के तहत पेट्रोल पंप में मजदूरी करता था। मृत्यु के चार दिन बाद उसे उसके पैतृक गांव पिपरा गणेशपुर लाकर उसके परिजनों ने रीति रिवाज के साथ उसका अंतिम संस्कार किया था। कांग्रेस नेता के मुलाकात के दौरान वहां पर दीपक मंडल, जयंती मंडल, गौतम मंडल, संजय सिंह, रंजन कुमार सिंह, के अलावे उनके परिवार के अन्य सदस्य गण भी उपस्थित थे।

## शिवमहापुराण कथा को लेकर निकली कलश शोभायात्रा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के पुरानी साहिबगंज ओझा टोली गंगेश्वर नाथ धाम घाट से मंगलवार से शिवमहापुराण कथा वाचन का शुभारंभ हुआ। मौके पर ओझा टोली गंगा घाट से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गंगा घाट से निकलकर बायसी स्थान होकर गैस गोदाम होते हुए गंगेश्वर धाम घाट पहुंची। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं और आम लोगों का ओझा टोली के लोगों ने शरबत व पानी पिलाकर अभिनंदन किया। इधर शाम पांच बजे कथावाचक धनंजय वैष्णव ने शिवमहापुराण कथा वाचन का विधिवत शुभारंभ किया। 26 फरवरी तक रोजाना शाम 5:00 बजे से रात 8:00 तक कथा वाचन होगा। मौके पर महेंद्र नाथ ओझा, त्रिलोकनाथ ओझा, देव कुमार ओझा, किशोर ओझा, सनी चौधरी, लालजी यादव, समेत काफी संख्या में अन्य लोग शामिल हुए।

## उपायुक्त ने कार्यालय प्रकोष्ठ में आमजनों की समस्याओं से हुए अवगत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त दिया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

# उपायुक्त ने समाज कल्याण की योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में समाज कल्याण विभाग, जिला बाल कल्याण और बाल संरक्षण कमिटी के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों को अब तक नहीं भरने पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इन पदों की भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरा जाए। बैठक में समाज कल्याण विभाग द्वारा बनाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने डीएमएफटी मद से हो रहे आंगनबाड़ी निर्माण की जानकारी ली और निर्देश दिए कि जहां भी जमीन की आवश्यकता है, वहां के अंचलाधिकारी संबंधित सीडीपीओ से समन्वय स्थापित कर निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराएं। इसके अलावा, जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में अब तक बिजली कनेक्शन नहीं है, वहां जल्द से जल्द विद्युतीकरण सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पोषण ट्रैकर ऐप, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना और आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने हाल ही में सामने आए उन मामलों पर चिंता व्यक्त की, जिनमें आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा केंद्रों को समय पर नहीं खोला जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसी सेविकाओं को तत्काल सेवा मुक्त किया जाए और भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में उपायुक्त ने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन सुचारू रूप से संचालित हों। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन केंद्रों की जियो-टैग की गई तस्वीरें संबंधित ग्रुप में भेजी जाएं, जिससे नियमित निगरानी संभव हो सके। इसके साथ ही सेविका एवं सहायिका के रोस्टर तैयार करने और रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी, प्रखंड बाल संरक्षण पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूली बच्चों को दिया गया स्वास्थ्य और शारीरिक बदलाव की जानकारी



**पटमदा:** पटमदा प्रखंड के माचा मध्य विद्यालय में माचा सीआरसी के अंतर्गत आने वाले दस स्कूलों के 54 छात्र छात्राओं और दस शिक्षक एबेसडर को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूल स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए बाल्यावस्था से किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलाव की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण टाटा स्टील फाउंडेशन के मानसी प्लस परियोजना के ब्लॉक कोडिनेटर ट्रेनर रेणुका महतो के द्वारा दिया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक ब्रह्मपद तिवारी आशीष महतो, सौरभ मिश्रा, जयदेव बोस, शिवली माझी, रविन्द्र नाथ प्रमाणिक, तपन महतो,राज नारायण दत्ता,ज्योति तिग्गा, मानसी प्लस परियोजना के कृतिवास महतो सहित कई शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ स्कूली बच्चे शामिल हुए।

### गंगा नदी थाना प्रभारी ने किया दियारा क्षेत्रीय पिकेट का निरीक्षण



**साहिबगंज:** मंगलवार को गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार ने थाना क्षेत्र के मखमलपुर उत्तर पंचायत अंतर्गत लालबथानी अंश क्षेत्र एवं कारगिल दियारा पिकेट का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और आवश्यक समाधान हेतु आश्वासन दिया। इस दौरान क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया, जिससे स्थानीय लोगों में विश्वास और सुरक्षा की भावना सशक्त हुई। थाना प्रभारी ने उपस्थित नागरिकों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने और किसी भी समस्या की तुरंत जानकारी देने का आग्रह किया।

### एमडीए कार्यक्रम का सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम, जो जिले में 10 फरवरी से शुरू हो कर 28 फरवरी तक चलाया जाना है का आज सिविल सर्जन द्वारा पतना प्रखंड अंतर्गत धर्मपुर गांव में टीम नंबर 88 का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाया जा रहा है या नहीं,लाभार्थियों को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार दवा दी जा रही है या नहीं, टीम द्वारा दवा खिलाने के बाद घरों पर उचित मार्किंग की जा रही है या नहीं, स्वास्थ्य टीम द्वारा एमडीए कार्यक्रम के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाई जा रही या नहीं। उपरोक्त सभी बिंदुओं पर सिविल सर्जन द्वारा जायजा लिया गया साथ ही लोगों की भागीदारी को भी सुनिश्चित करने, जिन घरों में लोग अनुपस्थित थे, वहां फॉलो-अप करने,रजिस्टर में रिकॉर्ड संधारित करने और प्रतिदिन रिपोर्ट जमा करने हेतु निर्देश दिए।

### नियमित टीकाकरण के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



**साहिबगंज:** जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य पदाधिकारी के द्वारा जिला वीकली रिव्यू मीटिंग में दिए गए निर्देश के आलोक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा प्रखंड अंतर्गत वैक्सीन हेजिटेंसी क्षेत्र ग्वालपाड़ा प्लासबोना गांव में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में नियमित टीकाकरण के जागरूकता हेतु माइकिंग एवं पी आर डी द्वारा उपलब्ध कराए गए एलईडी वैन के द्वारा गांव के सभी वर्गों के पुरुषों और महिलाओं को उनके घर में जन्म से लेकर 16 वर्ष तक लगने वाले टीकों के बारे में जागरूक किया एवं स्थानीय इमाम और मौलवी के सहयोग से टीकाकरण से इनकार परिवारों को घर घर जा कर एमओआईसी बरहरवा, संबंधित मुखिया, बीपीएम, डब्ल्यूएचओ, स्कूल संस्था द्वारा टीकाकरण के फायदे बताते हुए 8 इनकार परिवारों को टीकाकरण दिया गया। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य पदाधिकारी द्वारा उक्त गांव में नियमित टीकाकरण से संबंधित वॉल पेंटिंग कराने का निर्देश दिया गया।

### विधायक ने दुबराजपुर निवासी का बिल माफ कराकर शव परिजनों को दिलाया



**चांडिल :** चांडिल प्रखंड क्षेत्र के दुबराजपुर निवासी सरस्वती सोरेन का विगत दिनोंचौका कांड्रा मार्ग पर पालगम के समीप दुर्घटना में घायल होने पर झामुमो नेता पशुपति महतो ने बेहतर इलाज के लिए टीएमएच अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उनका इलाज के क्रम में मौत हो गई और अस्पताल का बकाया बिल 1 लाख 4 हजार 90 रुपया हो गया। परिजनों ने अस्पताल का बिल चुकाने में असमर्थता जताते हुए इसकी जानकारी विधायक सविता महतो को दी। विधायक सविता महतो ने मामले को गंभीरता से लेकर अस्पताल प्रबंधन से वार्ता कर 1 लाख 4 हजार 90 रुपया का बिल माफ करते हुए शव मृतक के परिजनों को दिलाया।

# आयकर राहत का मतलब पूंजीगत व्यय से सरकार का ध्यान हटना नहीं: वित्त मंत्री सीतारमण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बजट 2025 में दी गई आयकर में भारी छूट का मतलब यह नहीं है कि सरकार ने पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर खपत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यह बात कही। वित्त मंत्री की यह प्रतिक्रिया बजट 2025-26 में सालाना 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को आयकर के दायरे से बाहर रखने के बाद यह बहस शुरू होने के बाद आई है कि सरकार ने लगातार दो तिमाहियों में जीडीपी के आंकड़ों में धीमी वृद्धि को देखते हुए खपत को बढ़ावा देने पर जोर दिया है।



## पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर खपत पर जोर देने की बात सही नहीं

मुंबई में हितधारकों के साथ बजट के बाद की बातचीत में, वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि लोगों को यह नहीं सोचना चाहिए कि पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर खपत पर जोर दिया गया है, सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में पूंजीगत व्यय प्रावधानों में लगातार वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि व्यापक तस्वीर यह है कि कोविड के बाद से सरकार का जोर पूंजीगत संपत्ति बनाने के लिए सार्वजनिक व्यय पर बना हुआ है। इस बार, बजट 2025 में पूंजीगत व्यय पर खर्च का प्रस्ताव 10.2 प्रतिशत अधिक और लगभग 16 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें पीएसयू पूंजीगत व्यय भी शामिल है। सरकार ने खुद 2025-26 के लिए 11.21 लाख रुपये का पूंजीगत व्यय बजट में रखा है।

2024-25 के संशोधित अनुमानों में 13.18 लाख करोड़ के मुकाबले प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.48 लाख करोड़ होने का अनुमान है। प्रभावी पूंजीगत व्यय में मुख्य पूंजीगत व्यय और पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए राज्यों को दिया जाने वाला सहायता अनुदान शामिल हैं। हालांकि पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए सहायता अनुदान को बजट में राजस्व व्यय के रूप में शामिल किया जाता है, लेकिन वे राज्यों में पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण पर खर्च होते हैं हैं। वित्त मंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि लोगों का यह सोचना कि पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर उपभोग बढ़ाने पर जोर दिया गया है, यह सही नहीं है।

### इ॒ टी बाजार में एफआईआई की बिकवाली पर वित्त मंत्री ने दी यह प्रतिक्रिया

आयकर पर सरकार के हालिया फैसले से मध्यम आय वर्ग के एक करोड़ भारतीय करदाता कर के दायरे से बाहर आ जाएंगे। इन कर राहत प्रस्तावों के परिणामस्वरूप, सरकार प्रत्यक्ष करों के मद में लगभग 1 लाख करोड़ रुपये और अप्रत्यक्ष करों के मद में 2600 करोड़ रुपये का राजस्व गंवा देगी। सरकार को उम्मीद है कि कम आयकर होने से करदाता पैसे बचाकर इसे उपभोग, बचत या निवेश के रूप में अर्थव्यवस्था में वापस लगाएंगे। इक्विटी बाजार में एफआईआई की बिकवाली पर वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में ऐसा माहौल है जिसमें निवेश से अच्छा रिटर्न मिल रहा है और इसके साथ ही मुनाफावसूली भी हो रही है।

### पूंजीगत व्यय पर जोर हमेशा से हमारी सरकार की प्राथमिकता

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने पूंजीगत व्यय बजट बढ़ाया है और साथ ही कर में कटौती के माध्यम से कुछ रियायतें दी हैं, खासकर व्यक्तिगत आयकर, उन लोगों के लिए जो खर्च करना या बचत करना या निवेश करना चाहते हैं। वित्त ने करदाताओं के बारे में सोचने और उन्हें बड़ी कर राहत देने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस बात पर तुरंत सहमत हो गए कि बजट में 12 लाख रुपये तक की कर राहत का प्रस्ताव होना चाहिए। उन्होंने कहा, आज शायद (यह) ऐसा लग रहा है कि हमने पूंजीगत संपत्ति निर्माण के बजाय उपभोग बढ़ाने पर जोर दिया है, पर पूंजीगत व्यय पर जोर हमेशा से ही हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। सीतारमण ने जोर देकर कहा कि केंद्रीय बजट में आयकर में दी गई छूट और आरबीआई रेपो दर में कटौती से अर्थव्यवस्था में खपत में सुधार को बढ़ावा मिलेगा। 2025-26 के केंद्रीय बजट में आयकर छूट सीमा को 7 लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया गया है, जिससे करदाताओं, खासकर मध्यम वर्ग को काफी राहत मिली है।

## पैसालो डिजिटल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के लिए शानदार आय की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** पैसालो डिजिटल लिमिटेड , एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वितीय कंपनी, ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए शानदार आय की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में कंपनी का एसेट अंडर मैनेजमेंट 12.31 प्रतिशत बढ़कर 47,488 मिलियन रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 20254 की तीसरी तिमाही में 42,280 मिलियन रुपये था। कंपनी ने अपने पहले विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बॉन्ड जारी करने में सफलता हासिल की, जिसकी राशि 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 4,230 मिलियन रुपये) है। इस तिमाही में कंपनी ने अपने फ्रैंचाइजी में रिकॉर्ड 1.41 मिलियन नए ग्राहक जोड़े। पहले 9 महीनों में कंपनी ने अपने ग्राहक फ्रैंचाइजी में 4.46 मिलियन ग्राहक जोड़े हैं। कंपनी ने अपने मार्जिन प्रोफाइल को बनाए रखा है, वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में ब्याज आय 25 प्रतिशत बढ़कर 5,773 मिलियन रुपये हो गई, जो क्यू3 एफवाय 20 वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही 24 में 4,635 मिलियन रुपये थी। कंपनी ने प्रॉफ़िट बीफॉर टैक्स में 7.13 प्रतिशत और प्रॉफ़िट आफ्टर टैक्स में 8.06 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की। इसके अलावा, कंपनी ने बताया कि इसके प्रमोटर समूह ने बाजार लेनदेन के माध्यम से शेयर अधिग्रहित किए हैं। इससे पहले, कंपनी ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की थी, जिसमें उसने प्रमुख बैंकिंग भागीदारों, जैसे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया , के साथ मजबूत व्यापार संवाददाता नेटवर्क के माध्यम से दो वर्षों में 3,400 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन शुरू करके 59 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान की। यह ऐतिहासिक उपलब्धि पैसालो की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, जो प्रौद्योगिकी और प्रमुख वित्तीय संस्थानों के साथ मजबूत साझेदारी के माध्यम से भारत के अंडर-बैंक्ड आबादी को सहज बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दे रही है।

## अनएकेडमी: जेईई मेन 2025 सेशन 1 के नतीजों ने फिर रचा इतिहास

**भोपाल।** अनएकेडमी, भारत का प्रमुख एडटेक प्लेटफॉर्म, ने जेईई मेन सेशन- 1 2025 के नतीजों के साथ एक बार फिर नए कीर्तिमान स्थापित किया हैं। अनएकेडमी के 920+ छात्रों ने 99 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, जो इसकी ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा को जोड़ने वाले हाइब्रिड लर्निंग मॉडल की प्रभावशीलता को दर्शाता है। अनएकेडमी के सह-संस्थापक सुमित जैन ने इन शानदार परिणामों पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हमारे छात्रों ने एक बार फिर अपनी क्षमता और दृढ़ संकल्प को साबित किया है। ये परिणाम हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता, हमारी अध्ययन सामग्री की गुणवत्ता और हमारे हाइब्रिड लर्निंग मॉडल के प्रभाव को दर्शाते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि यह सिर्फ शुरुआत है और हमारे छात्र जेईई, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में नए रिकॉर्ड बनाते रहेंगे। शीर्ष स्कोररों में, सौरव ने 100 परसेंटाइल हासिल किया, उनके बाद उज्ज्वल केसरी (99.999प्रतिशत), समुद्र सरकार (99.992प्रतिशत), सृजन अग्रवाल (99.98प्रतिशत), यश कुमार (99.98प्रतिशत) और कई अन्य प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन का प्रदर्शन किया। उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ, अनएकेडमी लगातार अपने विस्तार को जारी रखते हुए अब भारत के 50 से अधिक शहरों में 75 से अधिक केंद्रों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। यह प्लेटफॉर्म छात्रों को उत्कृष्ट संसाधनों, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और व्यापक शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने के अपने मिशन पर दृढ़ बना हुआ है, जिससे वे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में शीर्ष रैंक प्राप्त करने के अपने सपने को साकार कर सकें।

# बोझ नहीं लगेगा होम लोन का ब्याज, अपनाएं एसआईपी का 15 प्रतिशत फॉर्मूला



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई के रेपो दर घटाने के बाद से कई बैंकों ने ब्याज दरों में कटौती की है। यह उन लोगों के लिए भी बड़ी राहत है, जो पहली बार मकान खरीदने की योजना बना रहे हैं। अगर आप भी होम लोन लेकर मकान खरीदना चाहते हैं, तो तय करें कि किस ब्याज दर पर कितने साल के लिए कितना कर्ज लेना है। इस बात की भी गणना करें कि ऋण अवधि के दौरान आपको अपने कर्ज पर कितना ब्याज चुकाना होगा। गणना करने पर यह समझ में आ जाएगा कि आप जितना कर्ज ले रहे हैं, उससे ज्यादा आपको ब्याज चुकाना पड़ेगा। ब्याज के रूप में होने वाले इस नुकसान की भरपाई के लिए आप एसआईपी के 15 फीसदी फॉर्मूले का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### क्या है 15 फीसदी फॉर्मूला

पूरी कर्ज अवधि के दौरान चुकाए जाने वाले ब्याज का बोझ कम करने में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) का 15 फीसदी का फॉर्मूला काफी मददगार साबित हो सकता है। आप अपने होम लोन पर जितना ईएमआई चुकाते हैं, उसका 15 फीसदी हर महीने एसआईपी में डालना शुरू कर दें। कर्ज अवधि खत्म होते-होते आपके एसआईपी खाते में ब्याज राशि के बराबर या उससे ज्यादा रकम जमा हो जाएगी।

**कुल फंड-** 39,96,592 रुपयेगणना के हिसाब से देखें तो पता चलता है कि होम लोन की पूरी अवधि के दौरान आप जितना ब्याज चुकाते हैं, उससे अधिक रकम आपके एसआईपी खाते में जमा हो गई है।

### ...तो पूरा कर सकते हैं कर्जमुक्त घर का सपना

अगर आप स्मार्ट निवेशक हैं और एसआईपी में अपना योगदान बढ़ा सकें, तो अपना पूरा घर कर्जमुक्त करा सकते हैं। मान लीजिए, आपने एसआईपी में अपना मासिक योगदान बढ़ाकर 7,000 रुपये कर दिया। सालाना 12 फीसदी के अनुमानित रिटर्न पर यह योगदान 20 साल में बढ़कर 69,94,035 रुपये हो जाएगा। इसमें 53,14,035 रुपये का अनुमानित रिटर्न भी शामिल है। इस तरह, 20 साल बाद आपके एसआईपी खाते में कुल 69,94,035 रुपये जमा हो जाएंगे, जो कुल 63,62,717 रुपये की होम लोन देनदारी से अधिक है। यानी आपका पूरा घर कर्जमुक्त।

## 836 करोड़ रुपये का घाटा होने के बावजूद एमटीएनएल के शेयर चढ़े



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी टेलीकॉम कंपनी महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के लिए 836 करोड़ रुपये का नेट लॉस दर्ज किया है, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में 839 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी के खराब नतीजों के बावजूद आज गिरावट भरे बाजार में एमटीएनएल के शेयरों में तेजी है। आज यानी सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे के करीब 3.65 पर्सेंट ऊपर 48.55 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। जबकि, सेंसेक्स में 424 अंकों की गिरावट थी और यह 75515 पर था। कंपनी के तिमाही नतीजों की बात करें तो एमटीएनल का ऑपरेशन से रेवेन्यू साल दर साल 11.6 प्रतिशत कम हो गई है। पिछले साल की इसी तिमाही में यह 192.2 करोड़ थी और अब 170 करोड़ तक आ गई है।

## एसआरएम इंस्टीट्यूट ने लॉन्च किया इंटीग्रेटेड मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम

**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई स्थित एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ ने हाल ही में एक अभिनव पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम की शुरुआत की है। यह विशेष रूप से अगली पीढ़ी के पब्लिक हेल्थ लीडरों को तैयार करने के लिए विकसित किया गया है जिससे वे जटिल वैश्विक एवं स्थानीय स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में समर्थ बनेंगे। प्लस टू परीक्षा में न्यूनतम कुल 60 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने वाले छात्रों के लिए यह प्रोग्राम खुला है। इस प्रोग्राम के अंतर्गत एक सुसंरचित पाठ्यक्रम तैयार किया गया है जो महामारी विज्ञान, जैव सांख्यिकी, स्वास्थ्य प्रणाली एवं नीति, स्वास्थ्य परियोजना प्रबंधन और स्वास्थ्य अनुसंधान को समावेशित करते हुए वैश्विक एवं स्थानीय स्वास्थ्य मुद्दों को एकीकृत करता है। यह अनुसंधान, डेटा एनालिटिक्स और कार्यक्रम मूल्यांकन पर व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करता है। ग्रेजुएट्स को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठनों , अनुसंधान संस्थानों, सीएसआर पहलों, कंसल्टिंग फर्मों, आईटी कंपनियों, हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों, फार्मा और क्लिनिकल रिसर्च आर्गेनाईजेशनों, सरकारी स्वास्थ्य विभागों एवं शिक्षण संस्थानों में अपना विविध करियर बनाने की दिशा में लाभ मिलेगा। उनके पास प्रोग्राम ऑफिसर, रिसर्च ऑफिसर, परियोजना प्रबंधक जैसी भूमिकाएँ अपनाने या डॉक्टरेट की पढ़ाई करने का विकल्प होगा। एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी अभिनव शिक्षा, अनुभवी फैकल्टी और अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है जो इसे पब्लिक हेल्थ प्रोफेशनल बनने की महत्वकांक्षा रखने वाले छात्रों के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाता है।

## एक और रेलवे स्टॉक का बुरा हाल, 52 वीक लो पर भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तीतरगढ़ रेल सिस्टम्स के शेयरों का बुरा हाल है। तिमाही नतीजों के बाद कंपनी के शेयरों में गिरावट का सिलसिला जारी है। आज यानी सोमवार को कंपनी के शेयर 5 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए थे। बता दें, आज से पहले 2 दिन कारोबारी दिन में कंपनी के शेयर 7 प्रतिशत से अधिक टूट गए थे।

**आज कंपनी के शेयरों की कीमतों में गिरावट आई है-** बीएसई में आज कंपनी के शेयर 803.95 रुपये के लेवल पर खुले थे। दिन में कंपनी के शेयर 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बाद 762.80 रुपये के स्तर पर आ गया था। यह कंपनी का 52 वीक लो लेवल है। बता दें, 27 जून 2024 को कंपनी का 52 वीक हाई 1896.50 रुपये है। तीतरगढ़ रेल ने बताया है कि दिसंबर तिमाही में कुल नेट प्रॉफिट 62.80 करोड़ रुपये रहा था। सालाना आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 16 प्रतिशत की गिरावट आई है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 74.80 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी का रेवन्यू सालाना आधार पर 5.5 प्रतिशत की गिरावट के बाद 902.20 करोड़ रुपये रहा है।

# 2025 के सीजन में चीनी उत्पादन कम होने की उम्मीद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के चीनी उद्योग में चालू चीनी सीजन वर्ष 2025 (एसएसवाई25) के लिए उत्पादन में उल्लेखनीय गिरावट देखी जा रही है, जिसमें कुल उत्पादन 27 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) से नीचे गिरने की उम्मीद है। यह पिछले साल के 31.8 एमएमटी के मुकाबले तेज गिरावट है। सेंट्रम ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। 15 फरवरी, 2025 तक देश में चीनी उत्पादन 19.77 एमएमटी है, यह आंकड़ा पिछले सीजन की इसी अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत कम है। उत्पादन में गिरावट मुख्य रूप से इथेनॉल उत्पादन के लिए अधिक चीनी के इस्तेमाल और गन्ने की उपलब्धता में कमी के कारण है।

**चीनी के उत्पादन में सबसे ज्यादा कमी महाराष्ट्र में-** चीनी उत्पादन के राज्यवार आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहां चीनी उत्पादन में सालाना 14 फीसदी की गिरावट आई है। कर्नाटक में 13 फीसदी की गिरावट देखी गई, जबकि उत्तर प्रदेश में 8 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। उल्लेखनीय रूप से, पिछले पखवाड़े में कर्नाटक की गन्ना उपलब्धता में साल-दर-साल आधार पर 22 फीसदी की गिरावट आई। महाराष्ट्र में गन्ने की उपलब्धता में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत कम हुई वहीं यूपी में चालू सीजन के लिए गन्ने की उपलब्धता 1.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अपेक्षाकृत स्थिर रही।

### मिलों में गन्ने की आपूर्ति घटने के कारण समय से पहले पेराई बंद

रिपोर्ट के अनुसार घटती गन्ना आपूर्ति ने कई मिलों को उम्मीद से पहले पेराई कार्य बंद करने के लिए मजबूर किया है। 31 जनवरी तक 23 मिलों ने पेराई का काम बंद किया था, जबकि



15 फरवरी तक 51 मिलों ने परिचालन बंद कर दिया। एसएसवाय25 के लिए कुल गन्ना पेराई पिछले सीजन के 228 एमएमटी से 4.5 प्रतिशत कम होकर 218 एमएमटी रह गई। हाल ही में नीतिगत बदलाव करते हुए सरकार ने भारतीय खाद्य निगम चावल के मूल्य वृद्धि को वापस लेते हुए इसे 22.5 रुपये प्रति किलोग्राम तय कर दी है।

### इथेनॉल की कीमतों में बदलाव के फैसले से कारोबारी निराश

हालांकि, इथेनॉल मूल्य की कीमतों में बदलाव ने कारोबार से जुड़े लोगों को निराश किया है, क्योंकि केवल सी-हैवी रूट में 3 प्रतिशत की कीमत वृद्धि देखी गई, जो कि बी-हैवी और प्रत्यक्ष इथेनॉल उत्पादन में व्यापक वृद्धि की उम्मीदों के विपरीत है।

### उत्पादन में गिरावट के बावजूद चीनी की कीमतें स्थिर और लाभकारी

उद्योग के विशेषज्ञों का सुझाव है कि मिलें सीएच-आधारित इथेनॉल उत्पादन पर जोर दे सकती हैं, जिससे संभावित रूप से चीनी उत्पादन अधिक और इथेनॉल उत्पादन कम हो सकता है। उत्पादन में गिरावट के बावजूद, चीनी की कीमतें स्थिर और लाभकारी बनी हुई हैं।

उत्तर प्रदेश में चीनी की कीमतें 41,000 रुपये प्रति टन के आसपास हैं, जबकि महाराष्ट्र में कीमतें 37,500 रुपये प्रति टन से ऊपर हैं।

## 67 के शेयर को खरीदने की मची होड़, लगा 20 प्रतिशत का अपर सर्किट

### कंपनी को हो गया 462 प्रतिशत का प्रॉफिट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** माइक्रो-कैप स्टॉक रिलायबल डेटा सर्विसेज लिमिटेड के शेयर आज सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयर में आज 20 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया और यह 81 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया था। इसका पिछला बंद प्राइस 67.50 रुपये है। पांच दिन में यह शेयर 15 प्रतिशत चढ़ गया। पिछले पांच सालों में स्टॉक ने 150 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों में इस तेजी के पीछे दिसंबर तिमाही के नतीजे हैं।

**कंपनी को 462 प्रतिशत का प्रॉफिट-** रिलायबल डेटा सर्विसेज लिमिटेड ने रेवेन्यू और नेट प्रॉफिट दोनों में मजबूत तेजी देखी गई है। माइक्रो-कैप कंपनी का दिसंबर साल-दर-साल 462 प्रतिशत प्रॉफिट हुआ है। दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 34.29 करोड़ रुपये का रेवेन्यू दर्ज किया। यह त्त स्न्न24 में 20.52 करोड़ रुपये से 67 प्रतिशत बढ़ोतरी देखी गई। तिमाही के लिए नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 462 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4.11 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 0.73 करोड़ रुपये था। इसके अलावा तिमाही आधार पर वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में नेट प्रॉफिट में 1.27 करोड़ रुपये से प्रभावशाली 223 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई।

### कंपनी की शेयरहोल्डिंग पैटर्न

दिसंबर 2024 के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार, प्रमोटरों के पास रिलायबल डेटा सर्विसेज लिमिटेड का 71.77 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पास 0.08 प्रतिशत और खुदरा निवेशकों के पास 28.15 प्रतिशत हिस्सा है। रिपोर्ट्स यह भी बताती हैं कि रोहित शर्मा के पास कंपनी में 1.00 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# मुठभेड़ के बाद 4 अपराधी गिरफ्तार

## :फायरिंग के बाद एक घर में घुसे थे, ढाई घंटे चला पुलिस-एसटीएफ का ऑपरेशन





**पटना ।** के कंकड़बाग इलाके में मंगलवार को पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई। ढाई घंटे चले ऑपरेशन में टीम ने चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक घर के बाहर फायरिंग करते हुए 4 अपराधी इमारत के अंदर घुसे थे, इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस और STF भी बिल्डिंग के अंदर घुसी थी। इससे पहले 5 मंजिला बिल्डिंग को घेरकर ऑपरेशन चलाया गया। अपराधियों से लगातार सरेंडर करने को कहा गया, लेकिन वो नहीं माने। इसके बाद फोर्स अंदर दाखिल हुई। करीब ढाई घंटे चले ऑपरेशन में रुक-रुककर गोलीबारी होती रही। बिल्डिंग में आम लोग थे, इसलिए धैर्य से काम लिया पटना SSP अवकाश कुमार ने बताया, 'पुलिस रामलखन सिंह पथ इलाके में जमीनी विवाद मामले की जांच के लिए पहुंची थी। जांच के दौरान ही अपराधियों की तरफ से पुलिस पर फायरिंग की गई। फायरिंग करते हुए वे मकान के अंदर भाग गए थे।' बिल्डिंग में आम नागरिक भी थे, इसलिए पुलिस ने बहुत ही धैर्य से काम लिया। पुलिस की तरफ से कोई फायरिंग नहीं की गई। सभी आम नागरिक सुरक्षित हैं। हमने 4 अपराधियों को हिरासत में लिया है। ऐसा लग रहा है कि कुछ अपराधी भागने में सफल हुए हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी इस ऑपरेशन में पुलिस, STF के साथ ही करीब 5 थानों के SHO और 80 से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल थे। अपराधी कंकड़बाग में रहने वाले धर्मेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति के मकान में छिपे थे। ऑपरेशन के दौरान फोर्स ने आसपास के सभी लोगों के घरों के खिड़की दरवाजे बंद करवा दिए।

## ट्रेन का गेट नहीं खोलने पर यात्रियों ने रोकी ट्रेन

### सासाराम स्टेशन पर लोगों ने किया हंगामा




**रोहतास।** के सासाराम रेलवे स्टेशन पर शनिवार की देर रात प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर खड़ी एक ट्रेन में आरक्षित टिकट धारक यात्रियों को नहीं चढ़ने दिए जाने से नाराज होकर कुछ लोगों ने ट्रेन को रोक दिया। बता दें कि कुंभ मेले के कारण सासाराम स्टेशन पर इन दिनों यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। यात्रियों ने बताया कि आरक्षित टिकट होने के बावजूद ट्रेन के दरवाजे नहीं खोले जा रहे थे। इससे नाराज होकर कुछ यात्री ट्रेन के इंजन के सामने आ गए और ट्रेन को आगे बढ़ने से रोक दिया। कहा कि जब तक आरक्षित यात्रियों को ट्रेन में नहीं बैठाया जाएगा, वे ट्रेन को नहीं जाने देंगे। वहीं अब इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। आरपीएफ की मदद से खुलवाए गए दरवाजे मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों को हस्तक्षेप करना पड़ा। आरपीएफ की मदद से विभिन्न कोच के दरवाजे खोले गए और आरक्षित यात्रियों को ट्रेन में बैठाया गया। इसके बाद ही ट्रेन को रवाना किया जा सका। स्टेशन सूत्रों के अनुसार, कुंभ यात्रियों की बढ़ती भीड़ के कारण कई ट्रेनों में यात्रियों को चढ़ने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## 300 श्रद्धालु समहुता से प्रयागराज रवाना



**रोहतास।** आदर्श ग्राम पंचायत समहुता से महाकुंभ जाने के लिए रविवार की रात आठ बजे निःशुल्क चार बसें और दो पिकअप से यात्रियों को रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि करीब तीन सौ महिला-पुरुष श्रद्धालु प्रयागराज के लिए रवाना हुए हैं। पैक्स अध्यक्ष कृष्णनंदन सिंह ने झंडी दिखा कर सभी को रवाना किया। जयप्रकाश ठाकुर ने बताया गया कि लोग प्रयागराज के बाद अयोध्या, विंध्याचल और बनारस मंदिर में जाएंगी। मौके पर मुखिया रंजीत कुमार , राकेश सिंह, अमन राज, अमितेश सिंह, मृत्युंजय सिंह, विवेक कुमार, रंजन कुमार, जलील सिद्दीकी, जयप्रकाश ठाकुर, राजू शाह, अर्जुन गुप्ता, संतन पासवान, धनंजय पासवान आदि थे।

## नगर पंचायत के सफाईकर्मी की निर्मम हत्या



**छपरा।** के मसरख में नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मी मोहन बांसफोड़ (40) की निर्मम हत्या कर दी गई। मोहन सोमवार शाम से लापता थे और मंगलवार को उनका शव घोघड़ी नदी किनारे झाड़ियों से बरामद हुआ। मृतक के भतीजे गुड्डू कुमार ने बताया कि मोहन सोमवार शाम को सब्जी खरीदने बाजार गए थे और वापसी में नदी की तरफ चले गए। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार को ग्रामीणों ने नदी किनारे शव देखा और पुलिस को सूचित किया। धारदार हथियार से गला रेतकर की हत्या शव की जांच से पता चला है कि मोहन की हत्या धारदार हथियार से गला रेतकर की गई है। घटनास्थल पर खून बिखरा मिला है। प्रारंभिक जांच से यह प्रतीत होता है कि हत्या में दो-तीन लोगों का हाथ हो सकता है। मसरख थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही हत्यारों को पकड़ने का दावा किया है।

# यूपी सीएम और डीजीपी से मिला आर.जे.डी प्रतिनिधिमंडल



**पटना ।** सासाराम की छात्रा स्नेहा की संदिग्ध मौत के मामले में न्याय की मांग तेज हो गई है। सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) का एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस महानिदेशक से मिला। औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में सासाराम विधायक राजेश कुमार गुप्ता, वाराणसी जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या और पीड़ित परिवार भी शामिल था। मुख्यमंत्री योगी ने मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। डीजीपी ने जांच के लिए दो पुलिस अधीक्षकों की नियुक्ति की घोषणा की और 15 दिनों के भीतर ठोस परिणाम का वादा किया। उन्होंने वाराणसी पुलिस कमिश्नर को पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करने का निर्देश भी दिया। तेजस्वी यादव ने की पीड़ित परिवार से बात बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने स्नेहा के माता-पिता सुनील सिंह और जूही देवी से फोन पर बात कर उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। आरजेडी ने चेतावनी दी है कि अगर 15 दिनों में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी आंदोलन करेगी। पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और राज्य सरकार के कदमों पर नजर रखे हुए है। ज्ञात हो कि भेलूपुर थाना के जवाहर विस्तार में एक छात्रावास मेंनीट की तैयारी कर रही 17 वर्षीय छात्रा स्नेहा सिंह के मौत की खबर परिजनों को 2 फरवरी को मिली थी। छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली या साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी गई, ना खुलासा हुआ ना कोई कार्रवाई हुई। वह पिछले दो साल से दुगाकुंड स्थित एक कोचिंग संस्था से मेडिकल की तैयारी कर रही थी। यहां प्रश्न उठता है कि जब परिवार वाले शव को अपने पैतृक गांव सासाराम के तकिया लाना चाह रहे थे तो पुलिस ने वाराणसी में ही दाह संस्कार क्यों कर दिया। इन्हीं सब मामले की जांच की मांग को लेकर राजद का प्रतिनिधिमण्डल आज यूपी की राजधानी पहुँच सीएम योगी और डीजीपी से मुलाकात की।

## स्नेहा हत्याकांड में नाथूपुर SHO पर कार्रवाई की मांग



**वाराणसी।** के एक छात्रावास में नीट की छात्रा स्नेहा की संदिग्ध मौत मामले में चेनारी के पूर्व विधायक ललन पासवान ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने नाथूपुर एसएचओ पर धारा 302 का मुकदमा चलाने की मांग की है।पासवान ने कहा कि स्नेहा की मौत छात्रावास संचालक और थाना प्रभारी की मिलीभगत का नतीजा है। उन्होंने छात्रावास संचालक के बेटे पर भी घटना में शामिल होने की आशंका जताई। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि पुलिस पैसे के बल पर आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। स्नेहा की मौत से लोगों में गुस्सा 1 फरवरी को स्नेहा की मौत के बाद से सासाराम में लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ रहा है। न्याय की मांग को लेकर लोग विरोध प्रदर्शन और कैंडल मार्च निकाल रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी 'जस्टिस फॉर स्नेहा' अभियान चल रहा है। इस मामले में जदयू नेता भगवान सिंह कुशवाहा, पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह और उपेंद्र कुशवाहा समेत कई राजनीतिक नेता पीड़ित परिवार से मिल चुके हैं। सभी ने न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। बादल हत्याकांड के बाद स्नेहा हत्याकांड ने सासाराम को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है।

# 'सीएम ने बीपीएससी 70वीं री-एग्जाम की मांग पूरी करने को कहा

### गर्दनीबाग पहुंचे खान सर बोले- मुख्यमंत्री को जानकारी मिल गई है





**पटना ।** BPSC 70वीं PT को रद्द करवाने की मांग लेकर कैंडिडेट्स का प्रदर्शन आज दूसरे दिन भी जारी है। मंगलवार को खान सर ने कहा ' सीएम नीतीश को रि एग्जाम की बात पता चल गई है। उन्होंने दीपक सर (यानी सीएम के प्रधान सचिव ) को कहा है कि इन लोगों की जो मांग है, उसे पूरी करा दीजिए। हमलोग उनसे रिक्वेस्ट करते हैं कि सीएम सर दीपक सर मिलकर रि-एग्जाम करवा दें। मंगलवार को दूसरे दिन भी खान सर कैंडिडेट्स के साथ गर्दनीबाग धरना स्थल पर पहुंच हैं। उन्होंने कहा कि अपनी मांग के बहुत करीब पहुंचे हैं। हम लोग वकालत करने जा रहे हैं। अपना केस खुद लड़ेंगे। बच्चों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। गर्दनबीग में खान सर हाथों में चूड़ी और पायल लेकर प्रदर्शन कर रहे। सोमवार को शिक्षक खान सर ने कहा था कि जब तक सरकार और आयोग री-एग्जाम की मांग को नहीं मानती है। तब तक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। आज इससे भी ज्यादा संख्या में भीड़ जुटेगी। उन्होंने कहा, 'हम लोग लड़ाई जीत गए हैं। सरकार भी अब ये बात मान चुकी है कि री-एग्जाम करना हमारी मजबूरी है। मजिस्ट्रेट, प्रशासन, BPSC, सचिवालय सब ये मान चुके हैं। सारे सबूत हमारे पक्ष में हैं।' शिक्षक खान सर के मुताबिक, 'खगड़िया, भागलपुर में क्वेश्चन पेपर टिक मारकर कुछ लोगों के साथ शेयर किया गया है। सीवान, मोतिहारी में भी धांधली हुई है। सबका CCTV देंगे। 22 सेंटर पर परीक्षा लेकर नॉर्मलाइजेशन किया गया है। सरकार हमें मजबूर न करें, नहीं तो गांधी मैदान में लाखों की भीड़ जुटेगी। बड़ा आंदोलन करेंगे।' सोमवार को गर्दनीबाग में हुए प्रदर्शन के दौरान खान सर ने कहा था कि, 'हम लोगों की सिर्फ एक ही मांग है री-एग्जाम। एग्जाम में धांधली हुई है। कोई गलत डिमांड नहीं कर रहे हैं। सरकार के हित में री-एग्जाम होगा। सरकार अगर चाहती है कि नाराजगी न झेले और 2025 का फैसला उनके फेवर में हो तो री-एग्जाम करवा दे। 'हमने हाईकोर्ट में सबूत दे दिया है और सरकार को री-एग्जाम करानी ही पड़ेगी। हम प्रधानमंत्री मोदी जी से भी कहते हैं कि वे भी इसमें हस्तक्षेप करें। बिहार में आपकी डबल इंजन की सरकार है। डबल इंजन की सरकार सिर्फ हॉर्न बजाने के लिए नहीं है।' 'सरकार से गुजारिश है कि वे बच्चों के गुस्से को नफरत में नहीं बदलने दें। आज यहां जितनी संख्या में बच्चे आए हैं, कल इससे दोगुनी संख्या में आएंगे। इसलिए हम लोगों की मांग है री-एग्जाम। नहीं तो कोर्ट में बच्चों की जीत हो रही है।' री-एग्जाम का मामला पटना हाईकोर्ट में भी चल रहा है। इस मामले में पहली सुनवाई 16 जनवरी को हुई थी।

सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने 30 जनवरी से पहले BPSC को एफिडेविट देने को कहा था। हालांकि, कोर्ट ने PT एग्जाम पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद कई बार मामला लिस्टेड भी हुआ पर सुनवाई नहीं हुई। BPSC 70वीं PT री-एग्जाम को लेकर प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज समेत कई अन्य याचिकाएं पटना हाई कोर्ट में दायर की गई है। इसे अब एक साथ जोड़ दिया गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### मैट्रिक परीक्षा को ध्यान में रख बनाया गया है ट्रैफिक प्लान




**पटना ।** सासारामे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 19 फरवरी बुधवार को प्रगति यात्रा के दौरान रोहतास जिले में आएंगे। सीएम की प्रगति यात्रा से संबंधित जानकारी देने के लिए डीएम उदिता सिंह ने सोमवार को अपने कक्ष में पत्रकार वार्ता की। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री चेनारी, बिक्रमगंज, संझौली प्रखंड के प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद जिला मुख्यालय सासाराम में समीक्षा बैठक करेंगे। सीएम की यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि सीएम नीतीश कुमार की यात्रा जिले में तीन स्थलों पर प्रस्तावित है। पहला लोकेशन चेनारी प्रखंड के मल्हीपुर पंचायत में रहेगा। इसके बाद सीएम बिक्रमगंज के घुसियाखुर्द पंचायत और संझौली प्रखंड के वाजितपुर पंचायत का दौरा करेंगे। इसके बाद सीएम जिला मुख्यालय सासाराम पहुंचेंगे। वहां जिले के विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद डीआरडीए सभागार में योजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगे। वहीं, एसपी रौशन कुमार ने बताया कि सीएम की यात्रा को लेकर सासाराम शहर, बिक्रमगंज और चेनारी में ट्रैफिक व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। सीएम के यात्रा के दौरान भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा। एसपी ने कहा कि 19 फरवरी को समय से पहले परीक्षा भवन के लिए निकले ताकि कही जाम का सामना नहीं करना पड़े। सासाराम मैट्रिक की परीक्षा सोमवार को जिले के 61 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में शुरू हुई। रोहतास महिला कॉलेज परीक्षा केंद्र से एक नकलची को पकड़ा गया। पहले दिन मातृभाषा विषय की परीक्षा दोनों पालियों में हुई। परीक्षा को लेकर शहर में सुबह से ही गहमा-गहमी बढ़ने लगी थी। पहले दिन की परीक्षा में कुल 51300 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। जिसमें 50390 उपस्थित हुए व 910 अनुपस्थित रहे। शिक्षा विभाग के अनुसार पहली पाली में 25274 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए एवं 436 गैरहाजिर रहे। वहीं, दूसरी पाली में 25116 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। जबकि, 474 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। डीईओ मदन राय ने बताया की सभी केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न हुई। मैट्रिक की परीक्षा शुरू होने के साथ ही हरेक केंद्र पर कड़ी चौकसी शुरू कर दी गई। सभी केंद्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व ही छात्र-छात्राओं की तलाशी ली गई। छात्राओं की तलाशी के लिए तमाम केंद्रों पर महिला शिक्षिका अथवा महिला पदाधिकारी की तैनाती दिखी। परीक्षा के दौरान सुबह से ही कड़ी चौकसी होने के कारण कहीं से गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। परीक्षा में कदाचार की कोई सम्भावना ना बने इसके लिए केन्द्रों पर प्रवेश के पहले ही छात्रों की गहन तलाशी ली गई। परीक्षा की कराई जा रही वीडियोग्राफी डीईओ ने बताया केन्द के अंदर सीसी कैमरा व केन्द्रों के बाहर वीडियोग्राफी के माध्यम से परीक्षार्थियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पहले दिन की परीक्षा शुरू होने के साथ प्रशासन द्वारा दिखाई गई सख्ती को देखकर अभिभावक परीक्षा केंद्र के आसपास भी नहीं नजर आए। छात्र- छात्राओं को परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाने के बाद अधिकांश अभिभावक केंद्र से दूर चले गए। यहीं कारण रहा कि परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही शांति का माहौल कायम रहा

### 34 अभ्यर्थियों को दिये गये स्टडी व टूल किट



**पटना ।** अवर प्रादेशिक नियोजनालय डालमियानगर की ओर से बेरोजगार युवाओं को नियोजन सहायता उपलब्ध कराने के क्रम में स्टडी किट एवं टूल किट वितरण किया गया। सहायक निदेशक सुबोध कुमार ने बताया कि नियोजन- सह- मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले तथा 31 अभ्यार्थियों को पुस्तकें स्टडी किट के रूप में दी गयीं। मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रशिक्षित तीन अभ्यर्थियों को स्वरोजगार के लिए ट्रेड टूल किट निःशुल्क दी गयी। दिसंबर में 43 अभ्यर्थियों को स्टडी और 19 अभ्यर्थियों को टूल किट उपलब्ध करायी गयी थी। उन्होंने बताया कि टूल किट एवं स्टडी किट आर्थिक रूप से कमजोर बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने में सहायक है। पुस्तकों के अभाव में आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी सही ढंग से नहीं कर पाते हैं। स्टडी किट परीक्षा की तैयारी में मदद करेगी। इसी प्रकार तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी टूल किट का उपयोग स्वरोजगार के रूप करते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इन योजनाओं का लाभ उन्हीं को मिलता है जो नियोजनालय में छह माह पूर्व निबंधित हों। वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार से कम होना चाहिए, बिहार राज्य का निवासी होना चाहिए एवं अभ्यर्थी द्वारा प्रतियोगी परीक्षा का भरे हुए फार्म की छायाप्रति तथा केन्द्र या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से कम से कम 3 माह का प्रशिक्षण प्राप्त होना चाहिए।

### अभिनव कला का होली मिलन नौ को




**पटना ।** डेहरी सदरे अभिनव कला की बैठक सोमवार को संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसका संचालन जीवन प्रकाश गुप्ता ने किया। इस दौरान बीते दिनों आयोजित गजल संध्या कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। साथ ही आगामी कार्यक्रम का निर्णय भी लिया गया। बताया कि आगामी 9 मार्च को संस्था द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया जायेगा। इसका स्थान और समय अगली बैठक में सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह, सचिव नंदन कुमार, मुकेश कुमार, कलाम हाशमी, अरुण शर्मा, विजय चौरसिया, शादाब सिद्दीकी, मनोज पांडेय, प्रेम प्रकाश, संजय गुप्ता, पंकज कुमार, अजय कुमार सिन्हा, सुनील कुमार, नरेंद्र कुमार, पवन कुमार मिश्रा थे।





# नेचुरोपैथी में बनाएं अपना कॅरियर

**एक नेचुरोपैथ यानी प्राकृतिक चिकित्सक का वेतन काफी हद तक उसकी लोकेशन, विशेषज्ञता, योग्यता और अनुभव पर निर्भर करता है। वैसे शुरूआती तौर पर एक नेचुरोपैथ दस हजार से बीस हजार रूपए आसानी से कमा सकता है। एक बार अनुभव प्राप्त करने के बाद आपको आकर्षक वेतन मिल सकता है।**

आज के समय में लोगों का लाइफस्टाइल जिस तरह का है, उसके कारण हर व्यक्ति किसी न किसी समस्या से ग्रस्त रहता ही है। लेकिन हर समस्या के लिए दवाइयों का इस्तेमाल करना उचित नहीं माना जाता। अगर आप भी लोगों का इलाज प्राकृतिक तरीके से करने में विश्वास रखते हैं तो नेचुरोपैथी में अपना भविष्य बना सकते हैं। यह एक ऐसी वैकल्पिक चिकित्सा है, जिसमें प्रकृति के पांच तत्वों की सहायता से व्यक्ति का इलाज किया जाता है। यह इलाज की एक बेहद पुरानी पद्धति है।

## स्किल्स

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे व्यक्ति को सामान्य चिकित्सा व मानव शरीर रचना विज्ञान के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त एक सफल नेचुरोपैथ बनने के लिए आपके भीतर धैर्य, कम्युनिकेशन और लिसनिंग स्किल्स, आत्मविश्वास, मरीज की जरूरतों को समझना, मोटिवेशनल्स स्किल्स व रोगियों के भीतर विश्वास पैदा करने का भी कौशल होना चाहिए।

## क्या होता है काम

एक नेचुरोपैथ का मुख्य काम सिर्फ रोगी का इलाज करना ही नहीं होता, बल्कि वह अपने पेशेंट के खानपान और उसके लाइफस्टाइल में भी बदलाव करता है, ताकि व्यक्ति जल्द से जल्द ठीक हो सके। इतना ही नहीं, एक नेचुरोपैथ को मनोविज्ञान का भी ज्ञान होना चाहिए ताकि वह रोगी की स्थित कि समझकर उसे बेहतर उपचार दे सके।

## योग्यता

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों का भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान में कम से कम 45 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसके बाद आप बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी और यौगिक साइंस कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें डिप्लोमा कोर्स भी अवेलेबल हैं।



## संभावनाएं

एक नेचुरोपैथ वेलनेस सेंटर्स, न्यूटिशन सेंटर, हॉस्पिटल, हेल्थ केयर सेंटर आदि में जॉब तलाश सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप एकेडमिक्स, कम्युनिटी हेल्थ सर्विस केयर, सोशल वेलफेयर, मैन्युफैक्चरिंग और नेचुरल प्रॉडक्ट्स कंपनी आदि में भी काम कर सकते हैं। भारत में प्राकृतिक चिकित्सक सरकारी और निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्त किए जाते हैं। वैसे लग्जरी होटल व हेल्थ रिसॉर्ट में भी नेचुरोपैथ सर्विसेज दी जाती हैं, वहां पर भी जॉब की जा सकती है। इसके अतिरिक्त आप विभिन्न अखबार, मैगजीन में लिख सकते हैं या फिर खुद का यूट्यूब चैनल चलाकर भी अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। एक अनुभवी प्राकृतिक चिकित्सक खुद का सेंटर भी खोल सकता है।

## आमदनी

एक नेचुरोपैथ यानी प्राकृतिक चिकित्सक का वेतन काफी हद तक उसकी लोकेशन, विशेषज्ञता, योग्यता और अनुभव पर निर्भर करता है। वैसे शुरूआती तौर पर एक नेचुरोपैथ दस हजार से बीस हजार रूपए आसानी से कमा सकता है। एक बार अनुभव प्राप्त करने के बाद आपको आकर्षक वेतन मिल सकता है।

### प्रमुख संस्थान

- इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ योगा एंड नेचुरोपैथी, नई दिल्ली।
- महर्षि पतंजलि इंस्टीटयूट फॉर योगा नेचुरोपैथी एजुकेशन एंड रिसर्च, गुजरात।
- बोर्ड ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगा सिस्टम ऑफ मेडिसिन, मेरठ।
- सीएमजे यूनिवर्सिटी, मेघालय।
- प्रज्ञान इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रांची।
- एसडीएम कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगा सांइस, कर्नाटक।
- हिमालयन यूनिवर्सिटी, ईटानगर।
- महावीर कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योग, छत्तीसगढ़।



**एक टैटू आर्टिस्ट का काम महज टैटू बनाना ही नहीं होता। वह सबसे पहले अपने क्लाइंट की जरूरत को समझता है और उसके अनुसार अपने क्लाइंट को कुछ बेहतरीन सुझाव देता है। अंत में वह टैटू बनाता है।**

# अगर आपको भी है टैटू बनाने का पैशन...

पिछले कुछ समय से टैटू बनवाने का क्रेज युवाओं में काफी बढ़ गया है। वैसे तो टैटू पुराने समय से बनाए जाते रहे हैं लेकिन कुछ सालों से इसके स्वरूप में काफी परिवर्तन आया है। वर्तमान समय में सिर्फ आम लोग ही नहीं, बड़े-बड़े स्टार्स भी बॉडी पर टैटू बनवाते हैं, फिर चाहे बात दीपिका पादुकोण की हो या प्रियंका चोपड़ा की, हर कोई टैटू बनवा चुकी है। आज के समय में बहुत से ऐसे युवा हैं जो न सिर्फ टैटू बनवाने का क्रेज रखते हैं, बल्कि वह टैटू बनाना भी सीखना चाहते हैं। अगर आपको भी टैटू बनाने का पैशन है तो आप इस क्षेत्र में करियर की संभावनाएं देख सकते हैं–

## क्या होता है काम

एक टैटू आर्टिस्ट का काम महज टैटू बनाना ही नहीं होता। वह सबसे पहले अपने क्लाइंट की जरूरत को समझता है और उसके अनुसार अपने क्लाइंट को कुछ बेहतरीन सुझाव देता है। अंत में वह टैटू बनाता है। इसके अलावा टैटू बनाने के बाद शुरूआत में स्किन की सही तरह से केयर करनी भी जरूरी होती है, इसलिए एक टैटू मेकर का काम है कि वह अपने क्लाइंट को स्किन केयर के बारे में भी सारी जानकारी दे ताकि उन्हें बाद में किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े।

## स्किल्स

इस क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत है आपका क्रिएटिव माइंड। आज के समय में पहले की तरह सिंपल टैटू नहीं बनाए जाते। इसलिए एक टैटू मेकर क्लाइंट की जरूरत को समझकर और अपनी क्रिएटिविटी का प्रयोग करके शरीर के विभिन्न



हिस्सों पर अलग-अलग कलर कॉम्बीनेशन और केमिकल्स के जरिए बेहतरीन आकृति को उकेरता है। इतना ही नहीं, इस क्षेत्र में आपकी सफलता आपका पैशन तय करता है। अगर आप इस काम से दिल से प्यार करते हैं, तभी आपको इस क्षेत्र में कदम रखना चाहिए। इसके अतिरिक्त एक टैटू मेकर को हमेशा अपडेट रहना चाहिए। उसे लेटेस्ट ट्रेंड की जानकारी होनी चाहिए। एक टैटू बनाना देखने में भले ही आसान लगे लेकिन यह एक कठिन काम है। इसमें आपको बेहद पेशेंस और एकाग्रता की जरूरत होती है। कई बार लोगों को टैटू से त्वचा में संक्रमण भी फैल जाता है। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि आप इससे भी अच्छी तरह वाकिफ हों और हर तरह की सावधानी बरतते हुए ही अपना काम करें।



## योग्यता

इस क्षेत्र में कॅरियर की संभावनाएं देख रहे छात्रों के लिए कोई मिनिमम योग्यता निर्धारित नहीं है। लेकिन टैटू बनाने में आजकल मशीनों का प्रयोग किया जाता है, इसके लिए आप किसी टैटू स्टूडियो या संस्थान से शॉर्ट टर्म कोर्स के जरिए टैटू मेकिंग सीख सकते हैं। यह कोर्स एक से दो महीने का होता है।

## संभावनाएं

एक टैटू मेकर के लिए काम की कोई कमी नहीं है। टैटू मेकिंग का काम सीखने के बाद आप घर से ही काम की शुरूआत कर सकते हैं। अगर आप बजट अच्छा है तो अलग से टैटू मेकिंग स्टूडियो भी खोला जा सकता है। अगर आप क्लाइंट के घर जाकर काम कर सकते हैं तो ऑनलाइन काम को प्रमोट करना अच्छा रहेगा। इससे आपको कम समय में ही अच्छा काम मिलने लगेगा। इसके अतिरिक्त बड़े-बड़े मॉल्स में भी टैटू मेकिंग का काम शुरू किया जा सकता है।

## आमदनी

इस क्षेत्र में कमाई अनुभव और आपके काम के अनुसार बढ़ती है। वैसे कोर्स करने के बाद शुरूआती दौर में एक टैटू मेकर प्रतिमाह 15 से 20 हजार रुपए आसानी से कमा सकता है। लेकिन कुछ सालों के अनुभव के बाद जब आप अपना नाम स्थापित कर लेते हैं तो आपकी आमदनी लाखों में भी हो सकती है।

# कम्युनिकेशन डिजाइनिंग से दें कॅरियर को एक नई उड़ान

कम्युनिकेशन डिजाइन से संबंधित इस कोर्स की अवधि चार वर्ष है। इस कोर्स के दौरान छात्रों में ऐसी समझ का विकास किया जाता है, जिससे खुले और निर्मित स्थानों में संचार के लिए सही परिवेश की स्थापना हो सके। इसके साथ ही ऐसे अनुभवों का निर्माण हो सके जिनके समर्थन से दर्शकों के समक्ष विचारों की व्याख्या हो सके। देश के प्रतिष्ठित संस्थान राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान डिजाइनिंग संबंधी कई कोर्स संचालित करता है। इन कोर्सेस में दाखिला लेकर छात्र न सिर्फ अपने सपनों को उड़ान दे सकते हैं, बल्कि सफलता की नई कहानी भी लिख सकते हैं। आज हम आपको राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में संचालित विभिन्न कोर्सों की जानकारी दे रहे हैं




### बैचलर ऑफ डिजाइन बी.डेस

यह चार वर्षीय पाठ्यक्रम है जो आठ विषयों में उपलब्ध है। 12वीं स्तर के 20 वर्षीय विद्यार्थी इन कोर्सेस में दाखिला ले सकते हैं।

### एनीमेशन फिल्म डिजाइन

कम्युनिकेशन डिजाइन से संबंधित इस कोर्स की अवधि करीबन चार वर्ष की होती है और इसमें महज 15 सीटें ही एनआईडी में उपलब्ध होती हैं। इस कोर्स को करने के बाद छात्र विभिन्न टीवी चैनल में एनिमेटर, करैक्टर डिजाइनर, स्टोरी बोर्ड आर्टिस्ट, क्रिएटिव डायरेक्टर, प्रोड्यूसर, कंसलटेंट आदि के रूप में काम कर सकते हैं या फिर खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं।

### सिरामिक एवं ग्लास डिजाइन

सिरामिक एवं ग्लास डिजाइन कला और रचनात्मकता के क्षेत्रों में शिल्प, वास्तु, चिकित्सा, सत्कार, सज्जा उत्पादों आदि शैलियों में कार्यात्मक सम्भावनायें भी प्रदान करता है। एनआईडी का यह विभाग भारतीय कला और शिल्प से प्रेरणा लेता है और छात्रों को भविष्य में बड़े पैमाने पर उत्पादन और नयी तकनीकों की क्षमता को समझने में मदद करता है। इस कोर्स को करने के बाद छात्र एनजीओ, डिजाइन स्टूडियो, शिल्प उद्योग में भी रोजगार के अवसर ढूंढ सकते हैं या खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं।

### एक्सबिशन डिजाइन

कम्युनिकेशन डिजाइन से संबंधित इस कोर्स की अवधि चार वर्ष है। इस कोर्स के दौरान छात्रों में ऐसी समझ का विकास किया जाता है, जिससे खुले और निर्मित स्थानों में संचार के लिए सही परिवेश की स्थापना हो सके। इसके साथ ही ऐसे अनुभवों का निर्माण हो सके जिनके समर्थन से दर्शकों के समक्ष विचारों की व्याख्या हो सके।

### फिल्म व वीडियो कम्युनिकेशन

फिल्म व वीडियो कम्युनिकेशन कोर्स के तहत छात्रों को छोटी एजुकेशनल, कल्चरल, सोशल, एंटरटेनिंग व मार्केट कम्युनिकेशन संबंधी शार्ट फिल्में बनाने करने के लिए तैयार किया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद छात्र ऑडियो-विजुअल कम्युनिकेशन के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। ऐसे छात्रों के लिए एड एजेंसी, फिल्म प्रॉडक्शन हाउस, टीवी चैनल्स व अन्य कई सरकारी क्षेत्रों व एनजीओ के रास्ते हमेशा खुले रहते हैं।

### फर्नीचर डिजाइन

फर्नीचर डिजाइन भी वास्तव में एक कला है और इस कला की पूरी जानकारी एनआईडी के चार वर्षीय फर्नीचर डिजाइन कोर्स से प्राप्त होती है। कोर्स में विभिन्न प्रकार के मैटीरियल, उनके इस्तेमाल और क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करके कुछ नया बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

### ग्राफिक डिजाइन

पिछले कुछ समय से ग्राफिक डिजाइनर की मांग काफी बढ़ी है। ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन तक लोग ग्राफिक्स का सहारा लेने लगे हैं। इसके जरिए चीजों को आसानी से समझा जा सकता है और यही कारण है कि यह कोर्स छात्रों के बीच खासा पसंद किया जाता है।

### जीडीजीपी (ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम इन डिजाइन)

4 वर्ष का यह कोर्स विजयवाड़ा और कुरुक्षेत्र में उपलब्ध है। इसमें छात्रों का 12वीं पास होना आवश्यक है और उम्मीदवार की आयु 20 से अधिक न होनी चाहिए।

### प्रॉडक्ट डिजाइन

प्रॉडक्ट डिजाइन उन वस्तुओं की रचना करना है, जो लोगों के लिए फायदेमंद है। वस्तुए बड़ी व्यवस्था का मुख्य अंश होती है। कोर्स के दौरान प्रोजेक्ट्स का मुख्य केंद्र उपयोगकर्ताओं की जरूरत, उत्पाद और आर्थिक प्रभाव के लिए प्रोडक्ट्स और सर्विसेज पर रहता है।

### टेक्सटाइल डिजाइन

टेक्सटाइल डिजाइन के कोर्स के तहत छात्रों के भीतर कपड़ा अथवा टेक्सटाइल की समझ का ज्ञान विकसित किया जाता है। इस कोर्स की अवधि चार वर्ष है।

### स्नातकोत्तर डिजाइन (एम.डेस)

किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त छात्र इस कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। 25 वर्ष की अवधि का यह कोर्स अहमदाबाद, बेंगलुरु और गांधीनगर कैंपसों में उपलब्ध है। इन कोर्सेस में दाखिला लेने वाले आवेदक की आयु 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह कोर्स लगभग 19 विषयों में उपलब्ध है, जो इस प्रकार है–

- ऐनीमेशन फिल्म डिजाइन
- अपैरल डिजाइन
- सिरामिक व ग्लास डिजाइन
- डिजाइन फॉर रिटेल एक्सपीरियंस
- डिजिटल गेम डिजाइन
- फिल्म व वीडियो कम्यूनिकेशन डिजाइन
- फर्निचर डिजाइन
- ग्राफिक डिजाइन
- इन्फोरमेशन डिजाइन
- इंटरैक्शन डिजाइन
- लाइफस्टाइल ऐक्सेसरी डिजाइन
- न्यू मीडिया डिजाइन
- फोटोग्राफी डिजाइन
- प्रोडक्ट डिजाइन
- स्ट्रैटिजिक डिजाइन प्रबंधन
- टेक्सटाइल डिजाइन
- टॉय ऐंड गेम डिजाइन
- ट्रांसपोर्टेशन व ऑटोमोबाइल डिजाइन
- यूनिवर्सल डिजाइन

# चैम्पियंस ट्रॉफी में आज खेला जाएगा पहला मैच, न्यूजीलैंड का सामना करेगी पाकिस्तान

**कराची (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का पहला मैच बुधवार को कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होगा। दोनो ही टीमें इस मैच में जीत के साथ शुरुआत करने उतरेंगी। न्यूजीलैंड ने हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज में पाक को हराया था, ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। वहीं पाक को मेजबान होने के कारण घरलू हालातों का लाभ मिलेगा। शुरुआत मैच होने के कारण दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें इसपर रहेंगी।

कराची के नेशनल स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल रहती है, ऐसे में इस मैच में बड़े स्कोर बनने की पूरी उम्मीद है। इस मैदान पर खेले गए 78 एकदिवसीय मैचों में से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 36 बार जीती है जबकि बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम 39 बार जीती है। दूसरी पारी में इस विकेट पर स्पिनर्स को कुछ सहायता मिली सकती है।

कराची में दिन के कुछ समय के लिए बादल छाए रहने के साथ धूप रहने का अनुमान है लेकिन मौसम खेल के लिए अनुकूल रहेगा।





## दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**पाकिस्तान:** मोहम्मद रिजवान (कप्तान), फखर जमान, सऊद शकील, बाबर आजम, सलमान आगा, खुशदिल शाह, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, हारिस रऊफ, अबरार अहमद

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सेंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, विल यंग, केन विलियमसन, डेरिल मिशेल, टॉम लैथम (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, नाथन स्मिथ, जैकब डफी, विलियम ओरूर्क

# भारतीय टीम के पास चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने का अच्छा अवसर : धवन



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारतीय टीम के पास जीत का अच्छा अवसर है। चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले धवन ने कहा, मुझे याद है जब मैंने 2013 में पहली बार इसमें खेला था, और तो ये टूर्नामेंट मुझे यह बहुत पसंद आया था, और इस टूर्नामेंट को लेकर इस बार भी भावी विजेता को लेकर काफी चर्चाएं हैं। मेरी उम्मीदें भारतीय टीम से हैं। जिस प्रकार उसने हाल के दिनों में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में बहुत अच्छा खेला उससे भी पता चलता है कि टीम अच्छी लय में हैं। धवन का कहना है कि भारतीय टीम मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी किस प्रकार पूरी करेगी ये बड़ा सवाल है। इसका कारण है कि बुमराह मेरे अनुसार विश्व के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं, और उनकी तरह की गेंदबाजी करना आसान नहीं है।

धवन को युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा, हर्षित राणा टीम में शामिल हो गए हैं और मुझे लगता है कि यह वाकई रोमांचक है। उन पर नजर रखें, मुझे लगता है कि वह टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं। मुझे उनका आक्रामक गेंदबाजी का अंदाज पसंद है, वह हमेशा आगे बढ़ते रहते हैं और उन्हें किसी भी चीज से डर नहीं लगता। वह चुनौतियों को स्वीकार करते हैं और हमने इंग्लैंड सीरीज में देखा है कि वह फॉर्म में हैं। मुझे भरोसा है कि वह इस अवसर का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे और अगर वह ऐसा करते हैं, तो वह भारत के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी साबित हो सकते हैं।

धवन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी में भारती की जीत की दावेदारी इसलिए भी पक्की है क्योंकि उसके पास एक संतुलित टीम है, खास तौर पर बल्लेबाजी में है। टीम के पास युवा ओर अनुभवी दोनो ही तरह के खिलाड़ी हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वह टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करेंगे। कप्तान रोहित शर्मा ने फॉर्म हासिल कर लिया है, विराट कोहली भी लय में आ गये हैं। इन्हें रोकना किसी भी टीम के लिए कठिन होगा। धवन ने कहा की भारतीय टीम के अलावा दक्षिण अफ्रीका का हाल के अच्छे प्रदर्शन से जीत की दावेदार बनकर उभरी है।

# भारतीय क्रिकेटरों ने दूसरे अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया

दुबई। भारतीय टीम आजकल यहां चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट के लिए अभ्यास में जुटी है। इसी के तहत ही दूसरे अभ्यास सत्र में कप्तान रोहित शर्मा, अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली सहित सभी भारतीय खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। भारतीय टीम का पहला मैच बांग्लादेश से गुरुवार को है। इसमें विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर केएल राहुल को अवसर मिलने की संभावना है। इसी को देखते हुए राहुल टीम के नेट सत्र में बड़े शॉट लगाने का अभ्यास किया। पहले मैच में ऋषभ पंत को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर अवसर मिलने की संभावना कम है। इसी को देखते हुए राहुल पावर हिटिंग करते दिखे।

इस टूर्नामेंट में राहुल की भूमिका अंतिम ओवरों में अहम होगी जहां उन्हें तेज से रन बटोरने होंगे। इसी को देखते हुए उन्हें 'रेंज हिटिंग का अभ्यास करते हुए देखा जा सकता था। राहुल के अलावा मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी आक्रामक बल्लेबाजी कतरे दिखे। वहीं बल्लेबाज शुभमन गिल भी अभ्यास के दौरान अच्छे फार्म में नजर आये और उन्होंने कई अच्छे शॉट लगाये। रोहित ने भी लेट कट सहित अपने सभी पसंदीदा स्ट्रोक खेले। वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट ने भी काफी अभ्यास किया। वहीं इससे पहले रविवार को अभ्यास के दौरान हार्दिक पंड्या के शॉट के कारण ऋषभ के घुटने में गेंद लग गयी थी पर अब वह ठीक हैं। इसी कारण उन्होंने विकेटकीपिंग और क्षेत्ररक्षण का अभ्यास नहीं किया और केवल बल्लेबाजी करते दिखे।

## चैंपियंस ट्रॉफी यात्रा नीति पर बीसीसीआई के सुर बदले,

# पत्नियों-परिवारों को दुबई में मैच देखने की अनुमति दी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में हार के बाद बीसीसीआई ने सख्त यात्रा नीति की घोषणा की, जिसे कथित तौर पर चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान लागू किया जाना था। नियम के अनुसार आईसीसी टूर्नामेंट के दौरान दुबई में भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ परिवार नहीं रहेंगे। हालांकि ताजा रिपोर्ट से पता चला है कि बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों के परिवारों को केवल एक मैच देखने के लिए दुबई जाने की अनुमति दी है।

भारतीय टीम गुरुवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद वे रविवार को गत चैंपियन पाकिस्तान और अगले सप्ताह न्यूजीलैंड से भिड़ेंगे। अगर भारत फाइनल में भी पहुंचता है, तो पूरा टूर्नामेंट तीन सप्ताह तक चलेगा, इसलिए बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के साथ परिवारों को दौरे पर जाने की अनुमति नहीं दी।

नियम के अनुसार, 'विदेशी दौरे के दौरान 45 दिनों से अधिक समय तक भारत से अनुपस्थित रहने वाले खिलाड़ी अपने साथी और बच्चों (18 वर्ष से कम) को प्रति श्रृंखला (प्रारूप के अनुसार) दो सप्ताह की अवधि तक एक यात्रा के लिए शामिल कर सकते हैं।'

**बीसीसीआई ने यात्रा नीति पर अपना रुख बदला**

मंगलवार को एक रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया कि अब कोई खिलाड़ी अपने परिवार को एक मैच के लिए दुबई ले जा सकता है, क्योंकि +टीम प्रबंधन के एक शीर्ष व्यक्ति ने दुबई जाने से पहले बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया से बात की थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि खिलाड़ियों को अब तदनुसार बीसीसीआई की अनुमति लेनी होगी, साथ ही टीम प्रबंधन से बोर्ड को एक सूची प्रस्तुत करने की उम्मीद है।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि पूरी टीम दुबई में है, इसलिए शुरू से ही कोई भी परिवार उनके साथ नहीं गया है। अब तक प्रत्येक खिलाड़ी को अपने परिवार को केवल एक मैच में ले जाने की अनुमति दी गई है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किसी खिलाड़ी ने अनुमति मांगी है या नहीं। उन्होंने कहा कि यह खिलाड़ी पर निर्भर करता है कि वह चुने कि उसका परिवार उसके साथ मैच में जाएगा या नहीं। कई लोग अपने परिवार को थोड़े समय के लिए भी नहीं ले जा सकते हैं।

# भारतीय टीम को बांग्लादेश से मुकाबले में मुशफीकुर और महमूद से सावधान रहना होगा



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत गुरुवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इस मैच में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है। भारतीय टीम बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी हर क्षेत्र में बांग्लादेश से कहीं आगे है पर उसे इस मुकाबले को हल्के में नहीं लेना होगा। इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से भारतीय टीम के बल्लेबाज लय में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। टीम के कप्तान रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली तक फार्म में आ गये हैं।

भारतीय टीम को इसके बाद भी बांग्लादेश के दो अनुभवी खिलाड़ी मुशफीकुर रहीम और महमूद उल्लाह से सतर्क रहना होगा। 2017 के सेमीफाइनल में बांग्लादेश की टीम की ओर से इन दोनो ने अहम भूमिका निभाई थी। तब भारत के खिलाफ मुश्फीकुर ने 61 रन बनाये थे।

अब एक बार फिर मुशफीकुर रहीम और महमूद उल्लाह बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। दोनों हीं बल्लेबाज बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल है. मुशफिकुर रहीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश के लिए 15194 रन बनाए हैं जो सबसे ज्यादा हैं। 272 एकदिवसी में उन्होंने 36.75 की औसत से 7793 रन बनाए हैं. वहीं महमूद उल्लाह ने भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश के लिए 10694 रन बनाए है। एकदिवसीय क्रिकेट में महमूद उल्लाह ने 238 मैच में 5685 रन बनाए है। दोनों ही बल्लेबाजों के पास दुबई और अन्य एशियाई पिचों पर खेलने का लंबा अनुभव है और ऐसे में इनपर भारतीय टीम को अंकुश लगाना होगा। भारतीय टीम प्रबंधन टीम भी अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों का चयन करते समय ध्यान रखेगा कि कौर सा गेंदबाज इन दोनो पर अंकुश लगा सकता है।


# न्यूजीलैंड के फर्ग्यूसन चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हुए, जैमीसन शामिल



**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट शुरु होने से एक दिन पहले ही न्यूजीलैंड को करारा झटका लगा है। उसके एक प्रमुख तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बहार हो गये है। न्यूजीलैंड को इस टूर्नामेंट में अपना पहला मुकाबला बुधवार को मेजबान पाकिस्तान से खेलना है। फर्ग्यूसन की जगह अब तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को कीवी टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच में गेंदबाजी के दौरान फर्ग्यूसन को अपने दाहिने पैर में कुछ दर्द महसूस हुआ जिसकी जांच में पता चला कि वह टूर्नामेंट ही नहीं खेल पायेंगे। बोर्ड के अनुसार फर्ग्यूसन को रिहैब शुरू करने के लिए घर भेजा जाएगा।

वहीं जैमीसन टीम में उनकी जगह लेंगे पर वह पाकिस्तान के खिलाफ 19 फरवरी को होने वाले मैच में नहीं खेलेंगे। जैमीसन ने गत वर्ष दिसंबर में सुपर स्मैश में कैंटरबरी किंग्स की ओर से घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। वह अपनी पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के रिहैब के लिए 10 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। फर्ग्यूसन से पहले बेन सियर्स भी भी हाल ही में पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के साथ हुई ट्राई सीरीज के दौरान चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। उनकी जगह जैकब डफी को शामिल किया गया है।

# सीएसके के खिलाफ पहले मैच में नहीं खेलेंगे पांड्या



मुम्बई। आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस का पहला मुकाबला 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। मुम्बई के कप्तान हार्दिक पांड्या हालांकि इस मैच में नहीं खेल पायेंगे। इसका कारण उनपर पिछले सत्र में लगा एक मैच का निलंबन है। ऐसे में सूर्यकुमार यादव पहले मैच में मुम्बई की कप्तानी करते दिख सकत हैं। मुंबई इंडियंस का पिछले सत्र में प्रदर्शन काफी खराब रहा था। तब हार्दिक पांड्या पर लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ हुए अंतिम ग्रुप स्टेज मैच के बाद धीमी ओवर गति के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था और इसी कारण आईपीएल 2025 में फेंचाइजी के पहले मैच से भी निलंबित कर दिए गए थे। सीजन में तीसरी बार मुम्बई ओवर गति से पीछे रहा, जिसके कारण उनके कप्तान पांड्या पर एक मैच का प्रतिबंध भी लगाया गया। यही वजह है कि वह इस बार पहले मैच में हार्दिक खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। हालांकि उनकी जगह टीम की कमान किसे मिलेगी, इसके बारे में फेंचाइजी ने अभी घोषणा नहीं की है पर माना जा रहा है कि सूर्यकुमार यादव हार्दिक की जगह टीम की कमान संभाल सकते हैं। सूर्यकुमार यादव भारतीय टी20 टीम के कप्तान भी हैं।

# महिला प्रीमियर लीग: आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया

**बड़ोदरा (एजेंसी)।** कप्तान स्मृति मंधाना के शानदार अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यपीएल) क्रिकेट के अपने दूसरे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 141 रन बनाये। इस प्रकार आरसीबी को जीत के लिए 142 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने दो विकेट के नुकसान पर ही 17 ओवरों के अंदर ही हासिल कर लिया। आरसीबी की ओर से मंधाना ने सबसे ज्यादा 81 रन रन बनाये जबकि डेनिएल वायट ने 42 ऋचा घोष ने नाबाद 11 और एलिस पेरी ने नाबाद 7 रन बनाये।


इससे पहले आरसीबी ने टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। आरसीबी की गेंदबाज रेणुका सिंह और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम के तीन-तीन विकेट लेकर आरसीबी ने कैपिटल्स को 141 रन पर ही आउट कर दिया। रेणुका और जॉर्जिया के अलावा किम गार्थ और एकता बिष्ट दो-दो विकेट लिए। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे अधिक 34 रन बनाए। इसके अलावा केवल सारा ब्राइस 23 ही 20 रन तक पहुंच पायी। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दूसरी ही गेंद पर शेफाली वर्मा एक भी रन बनाये बिना पेवेलियन लौट गयीं।




# भारतीय टीम इस बार आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतेगी : क्लार्क

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि भारतीय टीम इस बार आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतेगी। क्लार्क ने कहा है कि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलास एकदिवसीय सीरीज में शानदार शतक लगाने के साथ ही फार्म में आ गये हैं और वह इस सीरीज में सबसे अधिक रन बनाएंगे। भारतीय टीम को हालांकि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के टीम से बाहर होने के कारण ट्रॉफ का कमजोर दावेदार माना जा रहा है पर क्लार्क इससे सहमत नहीं हैं। क्लार्क का मानना है कि भारतीय टीम पाकिस्तान और दुबई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब को जीतने में कामयाब होगी।

इस पूर्व बल्लेबाज ने ये भी कहा है कि रोहित टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बनेंगे। भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड को वनडे सीरीज में 3-0 से हराया था जिससे वह आत्मविश्वास से भरी हुई नजर आ रही है। रोहित ने इस दौरान कटक में खेले गए मैच में 90 गेंद में 119 रन की आक्रामक पारी खेली थी। पिछले कुछ महीनों से खराब फॉर्म से गुजर रहे रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों में 122 रन बनाए। क्लार्क ने कहा कि रोहित को रन बनाते हुए देखकर अच्छा लगा और उम्मीद है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की ओर से अहम भूमिका निभाएंगे। माइकल क्लार्क ने कहा, मैं कहा है कि भारतीय टीम ट्रॉफी जीतेगी क्योंकि रोहित ने लय हासिल कर ली है। उसको पिछली सीरीज में रन बनाते हुए देखकर अच्छा लगा। मुझे लगता है कि निश्चित तौर पर भारत को उसकी जरूरत है। साथ ही कहा कि बुमराह के बाहर होने से अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा के अलावा वरुण चक्रवर्ती जैसे युवा गेंदबाजों के पास अपनी क्षमताएं दिखाने का अच्छा अवसर है।



# बिहार में अगले माह होगा सेपक टाकरा विश्वकप



पटना। बिहार पहली बार 'सेपक टाकरा विश्वकप की मेजबानी करने जा रहा है। ये विश्वकप अगले माह 20 से 25 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इसमें 24 देशों की टीमें लेंगी। पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन होगाहै। इस आयोजन को लेकर सेपक टाकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच एक करार भी हुआ है। हार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि सेपक टाकरा वर्ल्ड कप का आयोजन बिहार में पहली बार हो रहा है यह बिहार के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है और यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। बिहार को इस प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर देने के लिए सेपक टाकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया का हम आभार जताते हैं। साथ ही इसके सफल आयोजन का भरोसा देते हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, सेपक टकरा वॉलीबॉल, जिम्नास्ट, फुटबॉल और बैडमिंटन का मिलाजुला रुप है। इसे जब खेलते हैं तब गेंद को पैरों से मारते हैं। हाथों का इस्तेमाल नहीं करना होता है। साथ ही जिम्नास्ट की तरह जम्प मारना होता है। सेपक टाकरा विश्व कप में शामिल होने वाले संभावित देश जापान, म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया, ईरान, वियतनाम, भारत, ब्राजील, पोलैंड, फ्रांस, नेपाल, श्रीलंका, न्यूजीलैंड, अमेरिका, सिंगापुर, चीन, स्विट्जरलैंड, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, ब्रुनेई, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, चीनी ताइपे, इटली और लाओस शामिल हैं। इनमें से श्रीलंका, अमेरिका, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई तथा इटली केवल पुरुष प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगे। वहीं बाकी देश महिला और पुरुष दोनों वर्ग में भाग लेंगे।

# कोच जेलेजनी के बदलाव मुझे जल्द ही 90 मीटर के स्तर तक ले जाएंगे: नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने खुलासा किया है कि उनके नए कोच यान जेलेजनी ने उनकी तकनीक में गलतियों का पता लगा लिया है और अब वह 90 मीटर के स्तर को हासिल करने के लिए उनके थ्रो करने के तरीकों में कुछ बदलाव करेंगे। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने इंडिया टुडे से बात करते हुए पिछले महीने पूर्व टेनिस खिलाड़ी हिमानी मोर के साथ अपनी शादी के बारे में भी बताया।

चोपड़ा ने कहा कि उनका रिश्ता पहले एक साधारण दोस्ती थी लेकिन धीरे-धीरे उन्हें प्यार हो गया। चोपड़ा 90 मीटर के स्तर को छूने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था। उनका सत्र मई में डाइमंड लीग के साथ शुरू होगा और यह पूर्व ओलंपिक तथा विश्व चैंपियन जेलेजनी के साथ उनकी साझेदारी की प्रतिस्पर्धी शुरुआत होगी जिनके नाम भाला फेंक में विश्व रिकॉर्ड (98.48 मीटर) भी है।

चोपड़ा ने कहा, 'मुझे लगता है कि 90 मीटर से अधिक का थ्रो जल्द आ सकता है। उन्होंने (यान जेलेजनी) मेरे खेल में कुछ तकनीकी समायोजन किए हैं। उन्हें (जेलेजनी) लगता है कि उनके बदलाव से मुझे मदद मिलेगी। मैं समझ पाया हूं कि वह मेरे से क्या उम्मीद करते हैं। उन्होंने मुझे जो गलतियां बताईं उनमें से एक यह थी कि मैं पेरिस में भी भाला बहुत नीचे फेंक रहा था और मेरा झुकाव बाईं ओर था।' चोपड़ा ने कहा, 'अगर मैं उन बदलावों को शामिल करने में सक्षम रहा तो मुझे लगता है कि मैं बहुत बेहतर हो जाऊंगा।'

पानीपत के इस खिलाड़ी ने हालांकि जोर देते हुए कहा कि यह मील का पत्थर देश के लिए पदक जीतने जितना महत्वपूर्ण नहीं है। चोपड़ा ने कहा, 'मैं ऐसा करना चाहूंगा। लेकिन किसी प्रतियोगिता में जाना और उन लोगों के खिलाफ पदक जीतना जो पहले 90 मीटर फेंक चुके हैं, उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। 90 मीटर भाला फेंकना और जीत नहीं पाना, इसका कोई मतलब नहीं है।' उन्होंने कहा, 'क्या होगा अगर हर कोई 90 मीटर से अधिक भाला फेंके और 90 मीटर थ्रो करने के बावजूद आप जीत न पाएं? मैं भाले को 90 मीटर से अधिक फेंकना चाहता हूं, हर कोई मानता है कि मैं ऐसा कर सकता हूं। क्लॉस (बार्टोनिएट, चोपड़ा के पूर्व कोच) को इस पर विश्वास था, जेलेजनी को इस पर विश्वास है।'

उन्होंने ग्रोइन की चोट के बारे में भी बात की जिसने पिछले साल उनके सत्र को नुकसान पहुंचाया। चोपड़ा ने प्राग में जेलेजनी द्वारा सुझाए गए एक डॉक्टर से परामर्श किया है। चोपड़ा ने कहा, 'ग्रोइन की चोट लंबे समय से एक समस्या रही है। मैं अपनी चोट के कारण अपनी तकनीक में 100 प्रतिशत नहीं दे पा रहा था। मैं प्राग में जेलेजनी के डॉक्टर के पास गया और उन्होंने कुछ व्यायाम सुझाए। मैं उस पर काम कर रहा हूं, इसलिए उम्मीद है कि इससे मदद मिलेगी और मैं अपना 100 प्रतिशत दे पाऊंगा।' चोपड़ा की शादी ने सबसे चौंका दिया था और अपनी शादी के बारे में उन्होंने कि वह और हिमानी दोनों ही इसे एक अंतरंग संबंध बनाना चाहते थे और इसीलिए उन्होंने सोलन के पास एक शहर चुना। उन्होंने कहा, 'मैं उसे जानता था। वह भी एक खेल पृष्ठभूमि वाले परिवार से आती है और हम भी।




उसके पिता और मां कबड्डी खिलाड़ी थे। उसके भाई मुक्केबाज और पहलवान थे।' चोपड़ा ने कहा, 'वह खुद एक टेनिस खिलाड़ी थी लेकिन चोट लगने के बाद उसने अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित किया।' समय के साथ उनका रिश्ता कैसे विकसित हुआ इस पर चोपड़ा ने कहा कि खिलाड़ी होने के कारण वे आसानी से जुड़ सकते थे। उन्होंने कहा, 'हमारे परिवारों की खेल पृष्ठभूमि थी इसलिए हमें मिलने का अवसर मिला। हमारी बातचीत ऐसे ही शुरू हुई - जैसे दो खिलाड़ी बात कर रहे थे। पहले तो यह अनौपचारिक था लेकिन धीरे-धीरे हमें प्यार हो गया।'

# आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के लिए तैयार की गयीं नई पिचें

दुबई। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के दुबई पहुंचते ही पिचें बदल दी गयी हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि भारत को खराब पिचें नहीं मिलेंगी। भारतीय टीम अपने तीनो लीग मैच दुबई में ही खेलेगी। इसी को देते हुए भारत के लीग मैचों के लिए दो नई पिचें तैयार रखी गई हैं। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलेगी। इसके बाद 23 फरवरी को उसका मुकाबला पाकिस्तान से होगा। वहीं 2 मार्च को उसे न्यूजीलैंड से ग्रुप स्तर का मुकाबला खेलना है। तीनों मुकाबले दुबई में होंगे। यहां पिछले एक महीने में पुरुष अंडर-19 एशिया कप और जनवरी-फरवरी में आईएलटी 20 लीग हुआ है। इसी को देखते हुए आशंका जाहिर की जा रही थी कि भारत को खराब पिचें मिलेंगी पर ऐसा नहीं है। आईएलटी 20 0 के दौरान इस मैदान पर दो नॉकआउट खेलों सहित 15 मैच हुए। वही कहा जा रहा है कि स्टेडियम की दस पिचों में से दो को लीग के दौरान इस्तेमाल नहीं किया गया। ताकि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहे। नई पिचें बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए मददगार साबित होंगी। दुबई की पिच ऐतिहासिक रूप से तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल रही है। तेज गेंदबाजों को यहां मूवमेंट और बाउंस मिलता रहा है। नई पिच पर तेज गति से गेंदबाजी करने वाले स्पिनर मैच में अंतर ला सकते हैं। स्थितियां बल्ले और गेंद के बीच उचित संतुलन प्रदान करने की उम्मीद है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री साय ने गोपाल कृष्ण गोखले की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर:** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी, समाज सुधारक और प्रखर विचारक गोपाल कृष्ण गोखले की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, गोखले ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की बौद्धिक और नैतिक नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके विचारों और आदर्शों ने राष्ट्र की दिशा को नई ऊर्जा दी और अनेक स्वाधीनता सेनानियों को भी राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, गोपाल कृष्ण गोखले का जीवन त्याग, नि:स्वार्थ सेवा और चारित्रिक दृढ़ता का प्रतीक था। उन्होंने आत्मिक विकास और नैतिक मूल्यों को राजनीति और समाज सुधार के केंद्र में रखा।गोखले का देश के प्रति योगदान भारतीय इतिहास में अमिट रहेगा और वे युवा पीढ़ी के लिए सदैव महान पथप्रदर्शक बने रहेंगे।

### जेएस क्लीनिक, जच्चा-बच्चा केंद्र और रॉयल चाइल्ड क्लीनिक सील

**मुरादाबाद:** जिले के थाना कुंदरकी क्षेत्र में दस दिन पहले जेएस क्लीनिक एवं जच्चा-बच्चा केंद्र में डिलीवरी के दौरान हुई जच्चा-बच्चा की मौत को लेकर स्वास्थ्य विभाग गंभीर है। कुंदरकी सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ बरतरिया के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम ने मंगलवार को कुंदरकी में चकफाजलपुर संपर्क मार्ग पर अवैध रूप से संचालित जेएस क्लीनिक एवं जच्चा-बच्चा केंद्र और रॉयल चाइल्ड क्लीनिक को सील कर दिया। डॉ. सौरभ बरतरिया ने बताया कि जेएस क्लीनिक एवं जच्चा-बच्चा केंद्र और रॉयल चाइल्ड क्लीनिक से कुछ दवाइयों को कब्जे में लिया गया है। दोनों ही क्लीनिक अवैध रूप से संचालित पाए गए। यहां मौके पर मौजूद स्टाफ स्वास्थ्य विभाग में पंजीकरण का कोई भी प्रमाण पत्र नहीं दिखा पाया। जेएस क्लीनिक एवं जच्चा-बच्चा केंद्र में डिलीवरी होती थी तो बराबर के ही रॉयल चाइल्ड क्लीनिक में इलाज होने की जानकारी मिली थी।

### पुलिस ने नशे में प्रयोग करने वाली इंजेक्शन का जखीरा पकड़ा

**जयपुर:** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने नशे में प्रयोग करने वाली एविल इंजेक्शन का जखीरा जब्त किया है और साथ ही जयपुर शहर में इन प्रतिबंधित एविल इंजेक्शन की सप्लाई करने वाले तीन युवकों को भी गिरफ्तार किया हैं। इसके अलावा आरोपितों के पास से पुलिस ने एक पावर बाइक भी बरामद की है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि नशे में प्रयोग करने वाली एविल इंजेक्शन की सप्लाई करने वाले आरोपित मोहम्मद फरमान (25) निवासी इमाम चौक गलता गेट जयपुर, मोहम्मद फारूख (25) निवासी बास बदनपुरा गलता गेट जयपुर और मोहम्मद मुकरम (23) निवासी बास बदनपुरा गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित स्मैक-गांजे का नशा करने वाले युवकों को टारगेट कर उन्हें सप्लाई करते। जिस पर औषधि नियंत्रक अधिकारी को तीनों युवकों के बारे में जानकारी दी गई। गौतम ने बताया कि वह थाना इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एशियन होटल में तीन युवकों के बारे में जानकारी मिली कि युवक नशे में काम आने वाले एविल के साथ मौजूद हैं। यह लोग एविल को बेचने के लिए होटल में रुके हुए हैं। सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दबिश दी। एशियन होटल में रुके हुए तीनों युवकों से यहां रुकने का कारण पूछा।

# जीआईएस में प्रधानमंत्री मोदी लॉन्च करेंगे प्रदेश की विभिन्न औद्योगिक नीतियां : मोहन यादव

एजेंसी



**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को अपने निवास कार्यालय समत्व भवन में आगामी 24 और 25 फरवरी को भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के सुव्यवस्थित बेहतर आयोजन के लिए गठित शीर्ष समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे दो दिवसीय जीआईएस का शुभारंभ कर मध्य प्रदेश की सभी नवीनतम औद्योगिक नीतियों की लॉन्चिंग भी करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जीआईएस परिसर में स्थापित किये जाने वाले एमपी एक्सपीरियंस जोन का अवलोकन भी करेंगे। इस जोन में इमर्सिव डिजिटल वॉक-थ्रू के रूप में मध्य प्रदेश की विरासत, अब तक की प्रगति और भावी आकांक्षाओं का समन्वित संयोजन एवं प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीआईएस को भव्य, सुव्यवस्थित और परिणामदायी बनाने के लिए सभी विभाग बेहतर समन्वय एवं सामंजस्य से कार्य करें। आयोजन को बनाएं ऐतिहासिक- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देशित किया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और देश-विदेश के निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से की जा रही है। इसीलिए आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी तैयारियां व्यापक स्तर पर की जायें। जीआईएस के आयोजन में प्रबंधन संबंधी कोई भी कमी न रहे। उन्होंने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि निवेशकों को सहज आकर्षित करने के लिए राज्य की सभी निवेशक हितैषी औद्योगिक नीतियों, म.प्र. में उद्योगों के लिए उपलब्ध व्यापक अधोसंरचनाओं और संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश को इंडस्ट्री फ्रेंडली स्टेट बनाने के लिए निवेशकों को वांछित सभी जरूरी सहायता एवं सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।

**देश-विदेश से आने वाले निवेशक हमारे विशेष अतिथि-** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीआईएस में देश-विदेश से भोपाल आने वाले निवेशक हमारे विशेष अतिथि हैं, इसलिए उनका स्वागत और अभिनंदन विशुद्ध भारतीय आतिथ्य परम्परा से किया जाए। इन दो दिनों को स्मरणीय बनाने के लिए मध्य प्रदेश की संस्कृति, यहां की सत्कार परम्परा, विभिन्न कला उत्पादों सहित यहां के खान-पान, व्यंजन आदि का विशेष रूप से प्रदर्शन किया जाए, जिससे निवेशक दो दिन मध्यप्रदेश में रहने के शानदार अनुभव लेकर जाएं। मुख्यमंत्री ने भोपाल के तालाबों एवं पूरे शहर का आकर्षक सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़ी झील में पाल-नौकायन और ई-बैटरी से चलित नौकाओं का संचालन किया जाए, जिससे निवेशक और दूसरे प्रतिभागी भोपाल के अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ ले सकें।

## विकसित भारत के लिए चार इंजन वाला बजट : मेघवाल

एजेंसी





**गुवाहाटी :** केंद्रीय कानून, न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए केंद्रीय बजट एक रोडमैप है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 चार प्रमुख इंजन पर आधारित है-कृषि विकास, निवेश, एमएसएमई को बढ़ावा और निर्यात व औद्योगिक विकास। केंद्रीय मंत्री मेघवाल मंगलवार को राजधानी दिसपुर स्थित लोकनिर्माण विभाग कन्वेंशन हॉल में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहला इंजन कृषि विकास है, जिसमें पूर्वोत्तर और असम के किसानों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। दूसरा इंजन निवेश है, जो सार्वजनिक और निजी दोनों तरह के निवेश को प्रोत्साहित करेगा। सरकार रेलवे, अस्पतालों और बुनियादी ढांचे पर भारी निवेश कर रही है, जिससे रोजगार और आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। तीसरा इंजन एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के लिए है, जिसमें ऋण की सीमा बढ़ाने और नई परिभाषाएं लागू करने जैसे कदम उठाए गए हैं। चौथा इंजन निर्यात को बढ़ावा देने और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारत इंडस्ट्री 4.0 के दौर में प्रवेश कर चुका है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, थ्रीडी प्रिंटिंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी तकनीकों को बजट में विशेष रूप से स्थान दिया गया है। असम के विकास पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि राज्य को बजट में पहले की तुलना में अधिक वित्तीय आवंटन मिला है। अमृत भारत योजना के तहत 60 रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जा रहा है, जबकि उड़ान योजना के तहत हवाई संपर्क में सुधार किया जाएगा। महंगाई के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सरकार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में सफल रही है। कोविड और रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद महंगाई को काबू में रखा गया है। उन्होंने विपक्ष की आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि सरकार कृषि, एमएसएमई और मध्यवर्ग को कर राहत देकर व्यापक आर्थिक सुधार लागू कर रही है।

### विष्णु महायज्ञ को लेकर निकली शोभायात्रा

**बेतिया :** पश्चिम चंपारण ज़िला स्थित नौतन ब्लॉक के बैकुन्ठवा पंचायत के श्री राम जानकी मंदिर के प्रांगण में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री विष्णु महायज्ञ का भव्य आयोजन किया। महायज्ञ को लेकर मंगलवार को निकली कलश यात्रा में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। हर हर महादेव और जय श्री राम के जयघोष पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखकर हर हृदय में भक्ति की हिलोरें उठ रही थी आगे आगे बैंड बाजा और पीले व लाल परिधान में नंगे पांव कलश लिए महिला व युवतियों का समूह आकर्षक का केंद्र बना हुआ था मंदिर परिसर से माथे पर कलश लेकर श्रद्धालु धीमी गति से श्रीनगर धनुख टोली होते हुए बैधनाथ नगर, जयनगर, बजरंगी बाजार , हरदी पट्टी गांव से हरदिया मन पहुंची, जहां आचार्य राकेश मणी त्रिपाठी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरवाया गया।

## प्योर ईवी ने जियोथिंग्स के साथ की साझेदारी




एजेंसी

**रायपुर :** भारत के प्रमुख टू-व्हीलर मैन्युफैक्चरर्स में से एक, प्योर ईवी ने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों में स्मार्ट डिजिटल क्लस्टर और टेलीमैटिक्स को एकीकृत करने के लिए जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड की सहायक कंपनी जियो थिंग्स लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य उन्नत आईओटी समाधान, निर्बाध कनेक्टिविटी और समग्र डिजिटल एकीकरण का लाभ उठाकर उपयोगकर्ता अनुभव को फिर से परिभाषित करना है। प्योर ईवी अपने ईडब्ल्यू में जियोथिंग्स स्मार्ट डिजिटल क्लस्टर्स का उपयोग करेगा, जिसमें एंड-टू-एंड आईओटी समाधान शामिल हैं, ताकि उनकी कार्यक्षमता और इन्टरएक्टिविटी को बढ़ाया जा सके। 4जी कनेक्टिविटी द्वारा सक्षम टेलीमैटिक्स को शामिल करने से ग्राहक वास्तविक समय में वाहन के प्रदर्शन की निगरानी कर सकेंगे और अधिक कुशल संचालन के लिए उपयोगी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। जियोथिंग्स 4जी स्मार्ट डिजिटल क्लस्टर एंड्रॉइड ओपन सोर्स प्रोजेक्ट पर आधारित एवनिओएस का उपयोग करता है। यह रीयल-टाइम डेटा एनालिटिक्स, टू-व्हीलर इंटरफेस कस्टमाइजेशन और फुल एचडी+ टचस्क्रीन डिस्प्ले कम्पैटिबिलिटी प्रदान करता है। यह क्रांतिकारी डिजिटल क्लस्टर ओईएम को अपने उत्पादों में आईओटी समाधानों के एकीकरण को गति प्रदान करता है। एक और एकीकृत समाधान जियो ऑटोमोटिव ऐप सूट है। यह दोपहिया वाहन उपयोगकर्ताओं के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए उत्पादों और समाधानों की एक श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें जियोस्टोर, म्यूजिक स्ट्रीमिंग, वेब ब्राउज़िंग, हैंड्स-फ्री वॉइस सहायता, नेविगेशन व गेमिंग आदि शामिल हैं।

## केंद्रीय कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री ने रायसेन से किया शहरी सर्वेक्षण 'नक्शा' पायलट परियोजना का शुभारंभ

एजेंसी



**रायसेन :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को रायसेन जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शहरी बस्तियों के राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित भूमि सर्वेक्षण पायलट परियोजना का शुभारंभ किया। केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग द्वारा यह पालट परियोजना देश के 26 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में शुरू की गई है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे हेलीकॉप्टर से रायसेन हेलीपैड पहुंचे, जहां जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार, राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक सुरेंद्र पटवा सहित कलेक्टर-एसपी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे आयोजन दशहरा मैदान स्थित आयोजन स्थल पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सबसे पहले रैम्प पर चलकर दोनों नेताओं ने जनता पर पुष्पवर्षा की, इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद 'नक्शा' परियोजना पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह केवल रायसेन या मध्य प्रदेश का कार्यक्रम नहीं है। यहां से पूरे हिंदुस्तान का 'नक्शा' कार्यक्रम आज लॉन्च किया जा रहा है। इसमें 23 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेश राज्य इस योजना से जुड़े हुए है, लेकिन मेरी इच्छा थी कि में यह कार्यक्रम रायसेन से शुरू करूं।

# पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को लेकर गंभीर है दिल्ली विश्वविद्यालय : कुलपति

एजेंसी



**नई दिल्ली :** दिल्ली विश्वविद्यालय ने गैर-सरकारी संगठन ग्रीन यात्रा के साथ मिलकर शहरी सघन वृक्षारोपण करके वायु प्रदूषण से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति कुलपति की प्रतिबद्धता से प्रेरित यह हरित पहल शहरी परिवेश में पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं की परिवर्तनकारी क्षमता को प्रदर्शित करती है। मंगलवार को कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने इस सघन पौधरोपण का उद्घाटन करते हुए स्वयं भी एक नींबू का पौधा लगाया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थानाभाव के कारण सघन वृक्षारोपण एक अच्छी पहल है। कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को लेकर गंभीर है। विश्वविद्यालय में निर्माण कार्यों के दौरान जहां भी वृक्ष बीच में आते हैं, उन्हें काटने की बजाए दूसरी जगह लगाने पर काम हो रहा है। निर्माण कार्यों और विस्तार कार्यों के लिए कई बार वृक्षों को हटाना तो पड़ता है, इसलिए दिल्ली विश्वविद्यालय में उपयुक्त स्थानों की पहचान करके सघन वृक्षारोपण पर और भी काम होना चाहिए, ताकि हरियाली कायम रहे। कुलपति ने कहा कि यह उद्यम न केवल पर्यावरणीय स्थिरता के लिए हमारे विश्वविद्यालय के समर्पण को दशार्ता है, बल्कि अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए अनुकरणीय मॉडल के रूप में भी कार्य करेगा। वायु प्रदूषण से निपटना और हमारे शहरों में पारिस्थितिकी संतुलन बहाल करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। दिल्ली विश्वविद्यालय उद्यान समिति की अध्यक्ष प्रो. रूपम कपूर ने बताया कि डीयू आर्ट्स फैकल्टी के पास 300 वर्ग मीटर के एक छोटे से भूखंड पर विकसित यह शहरी वृक्षारोपण जापानी वनस्पतिशास्त्री अकीरा मियावाकी द्वारा अग्रणी प्रसिद्ध मियावाकी तकनीक के आधार पर बनाया गया है। यह तकनीक घने समूहों में देशी पेड़ों और झाड़ियों के रोपण पर जोर देती है, जो इसे सीमित भूमि संसाधनों वाले शहरी क्षेत्रों के लिए एक आदर्श समाधान बनाती है। मियावाकी पद्धति न केवल छोटे स्थानों में हरित आवरण को अधिकतम करती है बल्कि विकास को भी गति देती है, जैव विविधता को बढ़ाती है और वायु गुणवत्ता में सुधार करती है। यह पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से जैविक है, जिसमें मिट्टी को उपजाऊ बनाने के लिए चावल की भूसी, सरसों की खली, वर्मीकम्पोस्ट, गौमूत्र, गुड़ और चने के पाउडर का पारंपरिक उपयोग किया जाता है। इस हरे भरे क्षेत्र में अब 41 प्रजातियों के लगभग 750 पौधे लगाए गए हैं। विश्वविद्यालय के लिए यह एक प्रयोगात्मक पहल है।

## संक्षिप्त खबरें

### 25 देशों और पांच महाद्वीपों से आये श्रद्धालुओं ने संगम में लगायी आस्था की डुबकी



**महाकुम्भ नगर:** महाकुम्भ में अभी तक 25 देशों और पांच महाद्वीपों से श्रद्धालु आए हैं। उन्होंने परमार्थ निकेतन शिविर के स्वामी चिदानन्द सरस्वती के सान्निध्य में संगम में मंगलवार को डुबकी लगाई। यह अद्वितीय दृश्य वैश्विक एकता, सद्भाव और समरसता का दिव्य दर्शन करा रहा है। महाकुम्भ महापर्व में भारत और विदेश से आए श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। भारत में नॉर्वे की राजदूत मे-एलिन स्टेनर और उनके पति तथा मैक्सिको के विख्यात पर्यावरणविद् अबुएलो एंटोनियो ऑक्सटे और पांच महाद्वीपों व 25 देशों से आये श्रद्धालुओं ने दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुये हादसे के शिकार लोगों को मोक्ष प्राप्त करने की कामना के साथ डुबकी लगाई। साथ ही भावाजंलि अर्पित की। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि जो लोग हादसे का शिकार हुए, वे दिव्य आत्मायें संगम में स्नान करने आयीं थी, परन्तु स्नान नही कर पायीं। इसलिये उनकी आत्मा की शान्ति, सद्गति के लिये डुबकी समर्पित हैं। प्रभु उन सभी दिव्यात्मों को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा उनके परिवारजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति, धैर्य व सामर्थ्य प्रदान करें। अरैल परमार्थ निकेतन शिविर से अरैट घाट, संगम तट तक विश्व भर से आए श्रद्धालुओं ने एक मानव श्रृंखला बनाई, जो इस बात का प्रतीक है कि जब हम एकजुट होते हैं, तो दुनिया में कोई भी मुश्किल हमें तोड़ नहीं सकती। यह मानव श्रृंखला न केवल सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक है, बल्कि यह विश्व की एकता, शांति और सद्भाव का संदेश भी पूरे विश्व को दे रही है। सभी श्रद्धालुओं ने एक साथ मिलकर संगम का संदेश दिया कि हम सभी का जीवन एक दूसरे से जुड़ा हुआ है, और हम सब एक ही पृथ्वी के नागरिक हैं। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में पांच महाद्वीपों से आए श्रद्धालुओं ने संगम में एकता और सामूहिक प्रार्थना का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालु एक साथ खड़े होकर भारत की धरती पर एक अभूतपूर्व सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मिलन का हिस्सा बने। यह आयोजन न केवल धार्मिक है, बल्कि सांस्कृतिक विविधताओं को सम्मान देने वाला और वैश्विक एकता को प्रोत्साहित करने वाला है।

### टीम भावना के साथ कार्य करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को दें अंतिम रूप : आयुक्त



**कोरबा:** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे टीम भावना के साथ कार्य करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के संदर्भ में की जा रही आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दें। एक ओर जहॉ शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई की दिशा में पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें, त्रुटिरहित स्वच्छता कार्यो पर फोकस रखें, वहीं दूसरी ओर स्वच्छ सर्वेक्षण के विभिन्न बिन्दुओं हेतु निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में अपने कोरबा शहर को उच्चतम रैंकिंग का सम्मान दिलाना हम सभी का सामुहिक दायित्व है। इस दिशा में हम सबको मिलकर अपना-अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सोमवार को नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों, अभियंताओं व स्वच्छता विभाग के अधिकारियों एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के संदर्भ में निगम द्वारा की जा रही आवश्यक तैयारियों की जोनवार व बिन्दुवार विस्तार से समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि शीघ्र ही शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्य संपादित होना है, अत: स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु निर्धारित विभिन्न बिन्दुओं पर सभी अधिकारी कर्मचारी एक टीम के रूप में कार्य करें, अपना-अपना सर्वश्रेष्ठ दें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि सभी बिन्दुओं पर निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप त्रुटिरहित व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि निगम की डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था में और अधिक कसावट लाएं तथा यह सुनिश्चित कराएं कि प्रत्येक घर से नियत समय पर अपशिष्ट का संग्रहण अनिवार्य रूप से किया जाए तथा कोई भी घर न छुटे। संग्रहण कार्य में संलग्न रिक्शों के मरम्मत व सुधार, डेंटिंग, पेटिंग व स्वच्छता संबंधी संदेशों का गीत के रूप में प्रसारण की व्यवस्थाएं बनाई जाए ताकि लोग स्वच्छता के प्रति जागकरू हों। उन्होंने कहा कि रिक्शें में सूखा-गीला व डोमेस्टिक अपशिष्ट पृथक-पृथक ही लिया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं तथा कचरे के स्त्रोत पृथकीकरण पर विशेष फोकस करें।

### रणनीतिक साझेदारी में बदले भारत-कतर संबंध



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमिम बिन हमद अल-थानी के बीच मंगलवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में व्यक्तिगत और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। वार्ता में दोनों नेताओं ने आपसी साझेदारी को रणनीतिक साझेदारी में बदलने का निर्णय लिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज एक्स पोस्ट में बताया कि हैदराबाद हाउस में आज व्यापक वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने व्यापार, ऊर्जा, निवेश, नवाचार, प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंधों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ एक रणनीतिक साझेदारी के लिए भारत-कतर संबंधों को बढ़ाने का फैसला किया। उन्होंने पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान -प्रदान किया। इससे पहले आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कतर के अमीर शेख तमिम बिन हमद अल थानी का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया। कतर के अमीर शेख तमिम बिन हमद अल-थानी दो दिवसीय यात्रा पर कल नई दिल्ली पहुंचे। उनकी यात्रा को एक विशेष सम्मान देते हुए स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। कतर के अमीर के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी है। इसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारियों और एक व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल शामिल है। यह उनकी दूसरी यात्रा है। इससे पहले मार्च 2015 में वे अपने राजकीय यात्रा पर भारत आए थे।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**